बालाघाट
रविवार 27 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण 14 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 212
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक
E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in

## खास खबर

### सिक्किम में भूस्खलन, भारी बारिश के कारण सड़कें बंद, महाराष्ट्र के 100 से ज्यादा पर्यटक फंसे

मुंबई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घूमने गए पर्यटकों पर हुए हमले से पूरा देश स्तब्ध है। इस घटना में 27 पर्यटकों की मौत हो गई। इनमें से 6 मृतक महाराष्ट्र के थे। इस घटना के बाद महाराष्ट्र पर एक और संकट आ पड़ा है। दरअसल अब जानकारी सामने आई है कि भूस्खलन और हिमस्खलन के कारण सिक्किम में महाराष्ट्र के 100 से ज्यादा पर्यटक फंस गए हैं। जानकारी के अनुसार सिक्किम के लाचुंग में बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है। इस त्रासदी में राज्य के पुणे, मुंबई, अकोला और नागपुर के पर्यटक वहां फंस गए हैं। इसमें अकोला के चार नामचीन डॉक्टरों के परिवार के 16 लोग फंस गए हैं। लाचुंग सिक्किम के मंगन जिले का एक मशहूर हिल स्टेशन है। बहरहाल महाराष्ट्र सरकार द्वारा सिक्किम में फंसे पर्यटकों को वहां से लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### जय श्री राम नहीं बोलने पर नाबालिग को नाबालिगों ने पीटा

चंडीगढ़। पहलगाम में आतंकी घटना ने एक ओर जहां पूरे देश को झकझोर दिया है। वहीं आई.टी पार्क थाना क्षेत्र में जय श्री राम नहीं बोलने पर नाबालिग को पीटने को लेकर मामला दर्ज हुआ है। नाबालिग को कुछ नाबालिग लड़कों ने थप्पड़ मारते हुए वीडियो भी बनाया। आरोपों के तहत पीड़ित को पीटने वाले आरोपी नाबालिग जय श्री राम बोलने के लिए कह रहे थे। वीडियो के अनुसार जय श्री राम नहीं बोलने पर उन्होंने अल्ला बोलने के लिए कहा, लेकिन पीड़ित ने नहीं बोला। पीड़ित ने विरोध किया, तब आरोपियों ने थप्पड़ मारते हुए पीट दिया। इसका पता जैसे ही पीड़ित बच्चों के परिवार और उसके रिश्तेदार को लग, उन्होंने घटना का विरोध करना शुरू कर दिया। पीड़ित बच्चों के साथ समुदाय विशेष के लोग बड़ी तादात में थाने पहुंच गए और आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। मामले में पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दे दी है।

### 26 में से 20 मृतकों की पैंटें नीचे खिसकी हुई, उनकी जिप भी खुली हुई

नई दिल्ली। पहलगाम हमले में मारे गए 26 लोगों की प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जांच एजेंसियों ने मृतकों के कपड़ों की स्थिति देखकर गंभीर बात कही है। जांचकर्ताओं ने पाया कि 26 में से 20 मृतकों की पैंटें नीचे खिसकी हुई थीं या उनकी जिप खुली थी। यह सबूत इसकी पुष्टि करता है कि आतंकियों ने पहले पर्यटकों का धर्म पूछा और फिर सिर में गोली मार दी।एक रिपोर्ट के मुताबिक आतंकियों ने पीड़ितों से आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे पहचान पत्र मांगे, कलमा पढ़ने को कहा और फिर उनके नीचे के कपड़े उतरवाकर 'खतना' की जांच की। इस बर्बर तरीके से हिंदू पहचान की पुष्टि के बाद आतंकियों ने उन्हें नजदीक से गोली मार दी। हमले में मारे गए 26 में से 25 लोग हिंदू थे और सभी के सभी पुरुष थे। इस वीभत्स नरसंहार की जांच अब तेजी से आगे बढ़ रही है। सूत्रों ने बताया कि त्राल, पुलवामा, अनंतनाग और कुलगाम जैसे इलाकों से करीब 70 आतंक समर्थक और ओवरग्राउंड वर्कर्स से पूछताछ हो रही है। शुरुआती जांच में करीब 1,500 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिसमें से अब संदेह की सुई 70 मुख्य संदिग्धों पर आकर ठहरी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही असली दोषियों तक पहुंचने की उम्मीद है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटते हुए कहा

# आपके हाथों में है देश का भविष्य




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे और कहा कि आज भारत सरकार ने विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की नौकरियां दी हैं। ये महज नियुक्तियां नहीं हैं, बल्कि ये देश के भविष्य निर्माण की बड़ी शुरुआत है। पीएम मोदी ने आयोजित रोज़गार मेला में देश के 51,000 से अधिक युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकारी नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने युवाओं को बधाई देते हुए उन्हें देश के भविष्य का निर्माता बताया और भारत की युवा शक्ति की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि आज भारत सरकार के विभिन्न विभागों में 51,000 से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरियां दी गई हैं। ये सिर्फ नियुक्ति पत्र नहीं हैं, ये राष्ट्र निर्माण के बड़े संकल्पों की शुरुआत हैं। उन्होंने अपने संबोधन में आईएमएफ की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उन्होंने कहा, कि आज का समय भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलें। रोजगार के लाखों नए अवसर प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया को मजबूती देने के लिए शुरू किए गए नए मैन्युफैक्चरिंग मिशन का जिक्र भी किया। यहां उन्होंने कहा कि इससे एमएसएमई सेक्टर और लघु उद्यमियों को बल मिलेगा, साथ ही रोजगार के लाखों नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। नारीशक्ति की सराहना प्रधानमंत्री मोदी ने यूपीएससी परिणामों में महिलाओं की शानदार उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा, कि हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। नौकरशाही से लेकर अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र तक, नारीशक्ति नई बुलंदियों को छू रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ग्रामीण महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं चला रही है, जैसे बैंक सखी, कृषि सखी और 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह जो देशभर में 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। विश्व मंच पर भारतीय युवाओं को मिलेगा अवसर प्रधानमंत्री ने बताया कि जल्द ही भारत में वेव्स 2025 (विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन) का आयोजन होगा, जिसका केंद्र बिंदु भारत के युवा क्रिएटर्स होंगे। यह पहल भारत की रचनात्मक प्रतिभा को वैश्विक मंच पर लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस प्रकार यह रोज़गार मेला केवल नौकरियों का उत्सव नहीं, बल्कि भारत के आत्मनिर्भर और विकसित भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक है।

## हम किसी को नहीं छेड़ते, कोई छेड़े तो फिर छोड़ते नहीं-शिवराज सिंह चौहान

लखनऊ। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कहा कि भारत शांति पसंद देश है। हम सभी की भलाई के बारे में सोचते हैं। पूरे विश्व को एक परिवार मानते हैं लेकिन यदि किसी को लगता है कि भारत की सुरक्षा, अखंडता और सहिष्णुता पर हमला करके बच जाएगा तो ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि हम किसी को छोड़ते नहीं और कोई छेड़े तो छोड़ते नहीं। केन्द्रीय मंत्री चौहान यहां 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लेकर नागरिक परिषद की संगोष्ठी में शामिल होने पहुंचे थे। कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक राष्ट्र एक चुनाव को समय की जरूरत बताते हुए कहा कि इसे भाजपा के संकल्प की तरह नहीं बल्कि जनता और देश की जरूरत की तरह लेना चाहिए। उन्होंने कहा देश के विकास और प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए सभी नागरिकों को एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव कराने से न सिर्फ पैसों का दुरुपयोग होता है बल्कि राजनैतिक कार्यकर्ताओं, आमलोगों, सरकारी कर्मचारियों के समय की भी हानि होती है। मध्य प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनावों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के बाद थकान उतरी भी नहीं थी तभी लोक सभा चुनाव आ गए। लोक सभा चुनावों के बाद हरियाणा, दिल्ली और फिर अन्य राज्यों के चुनाव क्रम में लगे थे। इससे जनप्रतिनिधियों को जनता के लिए काम करने का मौका भी कम मिलता है। एक साथ लोकसभा और विधानसभा के चुनाव होंगे तो चुने हुए जनप्रतिनिधियों को साढ़े चार साल से अधिक समय जनता के लिए तत्परता से काम करने का मौका मिलेगा।



### भारत समिट में राहुल गांधी ने कहा

## मौजूदा पॉलिटिक्स में विपक्ष को कुचलने का टारगेट



हैदराबाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मौजूदा आक्रामक पॉलिटिकल माहौल में विपक्ष को कुचलने और मीडिया को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है। एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं हैं। राहुल ने कहा कि हमारा विपक्ष सुनना नहीं जानता, क्योंकि उनके पास पहले से ही सभी उत्तर हैं। उसे ठीक से पता है कि क्या किया जाना चाहिए। यह पूरी तरह से गलत है। देश की जनता को पता है क्या किया जाना चाहिए। गांधी ने कहा कि हम राजनेता के तौर पर जनता की बात सुनने में विफल रहे हैं। हमें इस पर वास्तव में वास्तव करना चाहिए। हमारे विरोधियों ने इसे स्थान को पूरी तरह से खाली छोड़ा है। राहुल गांधी शनिवार को हैदराबाद पहुंचे थे। उन्होंने यहां भारत समिट 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आज इस कार्यक्रम का दूसरा दिन था। कार्यक्रम में तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी भी मौजूद रहे। राहुल ने कहा कि हमने पाया कि हमारे सभी रास्ते बंद हो गए हैं। मीडिया और माहौल हमें उस तरह से काम करने की परमिशन नहीं देता जैसा हम चाहते थे। इसलिए हम अपने इतिहास में वापस पहुंचे और हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हम में से हर किसी की कुछ मामलों पर अलग-अलग राय होगी, लेकिन हम इस बात पर सहमत हो सकते हैं कि मुद्दों पर क्या विचार कर सकते हैं।

### पहलगाम अटैक पर बोले शरद पवार

## पाकिस्तान भी देगा जवाब, शांत तो वह नहीं बैठेगा



नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आगाह किया कि पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कड़े कदमों के परिणामस्वरूप पड़ोसी देश भी जवाबी कार्रवाई कर सकता है और स्थिति और गंभीर हो सकती है। नेता शरद पवार ने चेतावनी देते हुए अनेक सवाल उठाए हैं। सिंधुदुर्ग में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए शरद पवार ने कहा, कि आज हम कुछ निर्णय लेते हैं, लेकिन कल पाकिस्तान भी उसका जवाब देगा... मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान शांत बैठेगा। उन्होंने भारत सरकार को सलाह दी कि पाकिस्तान के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों में सतर्कता बरती जानी चाहिए। गौरतलब है कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए हैं, जिनमें सिंधु जल संधि का निलंबन, राजनयिक संबंधों में कटौती और पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना शामिल है। वाघा-अटारी बॉर्डर को भी अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान ने द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध समाप्त कर दिए हैं, भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है, और शिमला समझौते को निलंबित करने की धमकी दी है।

### हवाई यात्रा पर प्रभाव का जिक्र

इस बीच शरद पवार ने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यूरोप जाने वाली अधिकतर उड़ानें पाकिस्तान के ऊपर से होकर जाती हैं। यदि यह मार्ग बंद हो जाता है तो उड़ानें लंबी और महंगी हो जाएंगी। उन्होंने 2019 के पुलवामा हमले के बाद की स्थिति का हवाला देते हुए बताया कि उस समय भारतीय एयरलाइनों को लगभग 700 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

### धर्म के आधार पर हमले पर टिप्पणी

पहलगाम हमले में बचे लोगों के बयानों के अनुसार आतंकवादियों ने हिंदुओं को निशाना बनाया था। इस बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा, कि मुझे नहीं पता कि सच्चाई क्या है...महिलाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया, लेकिन पुरुषों की हत्या की गई। इस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पवार को पीड़ितों और चश्मदीदों की बात सुननी चाहिए। यहां पर शरद पवार ने केंद्र सरकार की इस दावे पर भी सवाल उठाए कि कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमले से सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक सामने आई है और यह घटना भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को और गहरा सकती है।

## अफवाह फैलाने में माहिर हैं भाजपा और एनडीए-तेजस्वी यादव



पटना। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने तेजस्वी यादव ने कहा, भाजपा और एनडीए हमेशा अफवाहें फैलाते हैं, ऐसे में संगठनात्मक मजबूती और विचारों के प्रति प्रतिबद्धता उनके दुष्प्रचार का मुकाबला करने का एकमात्र साधन है। उन्होंने पार्टी नेताओं से भाजपा के नफरत भरे माहौल का सकारात्मकता के साथ मुकाबला करने की बात कही। साथ ही बिहार में सरकार की विफलताओं और संस्थागत भ्रष्टाचार को उजागर करने की अपील की। उन्होंने कहा, हमें नफरत का मुकाबला एकता से और अफवाहों का मुकाबला विचारों से करना चाहिए। हमें लोगों से सीधे जुड़ना होगा और जनता के वास्तविक मुद्दों को समझना होगा। पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय के कर्पूरी सभागार में एक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने सभी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को लालू प्रसाद यादव के विचारों से प्रेरित होकर गरीबों, दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों और अल्पसंख्यकों सहित हाशिए के समुदायों से गहराई से जुड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी की जिम्मेदारियों को सभी स्तरों पर पूर्ण समर्पण, ईमानदारी और स्पष्ट प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। लालू प्रसाद के नेतृत्व, एकता, सामाजिक न्याय और सद्भाव के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए तेजस्वी यादव ने पार्टी सदस्यों से उनकी विरासत और मूल्यों को आगे बढ़ाने का भी आग्रह किया।

### मोदी सरकार ने मीडिया के लिए की एडवाइजरी जारी

## सेना के अभियानों का सीधा प्रसारण न करें

नई दिल्ली। पहलगाम हमले को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को देखकर केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों के लिए एडवाइजरी जारी की है। यह एडवाइजरी राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखकर जारी की गई है। एडवाइजरी में दो टूक कहा कि रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करें। शनिवार को जारी बयान में मंत्रालय ने कहा है कि हालात को देखकर देशहित में मीडिया चैनल लाइव कवरेज करते हुए सावधानी बरतें। एडवाइजरी में 8 निर्देश दिए गए हैं राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया यूजर्स को सलाह दी जाती है कि वे अत्यंत जिम्मेदारी के साथ काम करें और रक्षा व अन्य सुरक्षा से संबंधित अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय मौजूदा कानूनों और नियमों का सख्ती से पालन करें। खासकर रक्षा अभियानों या बलों की गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार का रियल-टाइम कवरेज, लाइव प्रसारण, या सूत्रों पर आधारित जानकारी का प्रकाशन नहीं होना चाहिए। संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा करने से शत्रुतापूर्ण तत्वों को मदद मिल सकती है, जिससे सुरक्षा बलों के कर्मियों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। पिछले घटनाक्रमों ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमले (26/11), और कंधार अपहरण जैसी घटनाओं के दौरान, अनियंत्रित कवरेज का राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ था। मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और पर्सनल यूजर राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानूनी दायित्वों के अलावा, यह हमारी सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी भी है कि हम अपनी कार्रवाइयों से जारी अभियानों या सुरक्षा बलों की सुरक्षा से समझौता न करें।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में गुजरातभर में प्रदर्शन जारी

अहमदाबाद। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में गुस्सा है और इस घटना के विरोध में प्रदर्शन कर लोग पाकिस्तान पर बड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। आतंकी हमले के खिलाफ गुजरातभर में प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण और अमानवीय आतंकी हमले के विरोध में पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद, राजकोट, वलसाड, हिम्मतनगर, पाटन, दांता, वापी, तालोद, प्रांतिज, सुरेंद्रनगर, पाटडी आदि में भारी विरोध प्रदर्शन हो रहा है। राजपूत समुदाय के नेताओं और राजपूत महिलाओं ने अहमदाबाद के राजपूत भवन में पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद हाय हाय के नारे लगाए। राजपूत युवकों ने मांग की कि भारत, पाकिस्तान को अपनी ताकत दिखाने के लिए ठीक वैसे ही कदम उठाए जैसे इजरायल ने हमास पर हमला किया था। राजपूत विद्या सभा के अध्यक्ष अश्विन सिंह सरवैया ने कहा कि जब निर्दोष हिंदुओं को पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा मारा जा रहा है तो हम चुप कैसे रह सकते हैं। हम राजपूतों ने सदियों से मुगलों जैसे आक्रमणकारियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और अपने प्राणों की आहुति दी है। हम अपनी सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह सीमा पर राजपूत बटालियन तैनात करें और पाकिस्तान का सफाया करें। राजपूत समुदाय के युवाओं, नेताओं और महिलाओं ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजपूत समुदाय ने मोमबत्तियां जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति तथा उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## महाराष्ट्र में 5023 पाकिस्तानी नागरिक

### 107 लापता, 51 पाकिस्तानियों के पास वैध वीजा और दस्तावेज- गृह राज्य मंत्री



मुंबई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्से की लहर है। कहा जा रहा है कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। वहीं भारत ने भी पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए मजबूत तैयारी शुरू कर दी है। केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी 18 प्रकार के वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां निर्दोष भारतीयों की हत्या करने वाले आतंकियों को दफनाने की चेतावनी दी है, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को अहम निर्देश देते हुए कहा कि वे सुनिश्चित करें कि केंद्र सरकार द्वारा दी गई समय सीमा समाप्त होने के बाद कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश में न रहे। उन्हें यह भी निर्देश दिया गया है कि वे पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढें और सुनिश्चित करें कि वे तुरंत वापस लौटें। अमित शाह के इस आदेश के बाद महाराष्ट्र पुलिस भी हरकत में आ गई। राज्य के 48 शहरों में कुल 5023 पाकिस्तानी नागरिक मिले हैं, यह जानकारी गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने दी है। इसमें सबसे ज्यादा 2 हजार 458 पाकिस्तानी नागपुर शहर में और 1106 पाकिस्तानी नागरिक ठाणे शहर में मिले हैं। जबकि जानकारी सामने आई है कि 14 पाकिस्तानी नागरिक मुंबई में रह रहे हैं वहीं 107 पाकिस्तानी पुलिस या अन्य संस्थाओं की पकड़ से बाहर हैं यानि वे लापता हैं। पुलिस और भारतीय एजेंसियां उनसे संपर्क कर उन्हें वापस पाकिस्तान भेजना चाहती हैं, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है या वे मिल नहीं रहे हैं, ऐसा योगेश कदम ने कहा है।

## क्या जुलाई में भारत पर परमाणु हमला कर देगा पाकिस्तान

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐसा कदम उठाया है, जिसकी गूंज इस्लामाबाद की सत्ता तक सुनाई दी है। भारत सरकार ने पहली बार सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया है। यह वहीं समझौता है, जो 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुआ था और दशकों तक समझौते को दोनों देशों ने निभाया, चाहे हालात युद्ध जैसे क्यों न रहे हों। लेकिन पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल समझौते को निलंबित करने के निर्णय ने पाकिस्तान को हिला दिया है। पाकिस्तान के विशेषज्ञों का कहना है कि अगर भारत ने सिंधु नदी के पानी को रोकने या मोड़ने की कोशिश की, तब पाकिस्तान अपनी पूरी सैन्य शक्ति का इस्तेमाल कर सकता है, जिसमें परमाणु हथियारों का उपयोग शामिल है। भारत सरकार के कदम को पाकिस्तान ने युद्ध की कार्रवाई करार देकर चेतावनी दी है कि अगर जल आपूर्ति पर कोई भी खतरा मंडराया, तब इस्लामाबाद तुरंत प्रतिक्रिया देगा। जुलाई से इस संकट का असर दिख सकता है, और यह कदम पाकिस्तान की कृषि व्यवस्था और पानी की आपूर्ति के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है।

## भारत ने सिंधु का पानी रोका तो भड़का पाकिस्तान, शहबाज शरीफ ने दी गीदड़भभकी



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद भारत में आक्रोश की लहर है। इस नृशंस हमले में दो दर्जन से अधिक निर्दोष लोगों की मौत के बाद दुनियाभर के देशों ने भारत के साथ अपनी एकजुटता दिखाई है और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में समर्थन का वादा किया है। इसी बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने बयान जारी कर धमकी भरे लहजे में प्रतिक्रिया दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाक पीएम शाहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान इस हमले की निष्पक्ष और तटस्थ जांच के लिए तैयार है। साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं और यदि जरूरत पड़ी तो पाकिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। शरीफ ने सिंधु जल संधि का जिक्र करते हुए चेतावनी दी कि पाकिस्तान के पानी को कम करने या मोड़ने की किसी भी कोशिश का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। इनमें सिंधु जल संधि का आंशिक निलंबन और पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों का निष्कासन शामिल है। भारत ने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सख्त संदेश देते हुए कहा है कि हर आतंकी और उसके मददगारों को सजा दी जाएगी। जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर आतंकियों के खिलाफ तलाश और कार्रवाई अभियान तेज कर दिया गया है।

# एक तरफ भीषण गर्मी की मार, दुसरी तरफ पानी के लिए हाहाकार

## बावनथड़ी नदी मे राजीव सागर बांध का पानी छोड़ने की फिर उठी मांग, सुख रही धान की फसल काट रहे किसान, पठार संघर्ष समिति के बैनर तले 4 मई को आंदोलन की चेतावनी

**बालाघाट( पदमेश न्यूज )। भीषण गर्मी के इस दौर में चारो ओर पानी के लिए मचे हाहाकार के बीच कलेक्टर मृणाल मीना ने जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया है।लेकिन जिलेवासियो द्वारा पेय जल आपूर्ती ले साथ साथ उनकी फसलों के लिए भी भरपूर पानी की मांग की जा रही है।बालाघाट जिले में पानी की सबसे अधिक समस्या पठार क्षेत्र मे देखी जा रही है जहां पिछले कुछ महीनों से जलसंकट लगातार गहराता जा रहा है,जो किसानों के लिये चिंता का सबब बना हुआ है।जिससे निजात पाने के लिए मप्र और महाराष्ट्र सीमा के दोनों ओर बसे कई गावो के ग्रामीणों ने बावनथड़ी नदी मे राजीव सागर बांध का पानी छोड़ने की मांग की है।जहा अपनी इसी मांग को लेकर दोनों राज्यों के लोगो द्वारा द्वारा बालाघाट और भंडारा कलेक्टर को ज्ञापन देकर नदी में बांध का पानी छोड़े जाने की गुहार लगाई जा रही है।जहां आवेदन निवेदन पर भी नदी में पानी छोडे जाने वाली उनकी यह मांग पूरी नही हो रही है।जिसपर अपना आक्रोश जताते हुए स्थानीय ग्रामीणों व किसानों द्वारा अब आंदोलन की रणनीति बनाई गई है।जिन्होंने पठार संघर्ष समिति के बैनर तले 4 मई को बोनकट्टा बैरियर चौक पर दोनों राज्यों के स्थानीय ग्रामीणो किसानों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किए जाने की चेतावनी है।**

### सूखी फसल काटने पर मजबूर हुए किसान

बताया जा रहा है कि पठार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवो में जल संकट गहरा गया है। जहां नदी में पानी नहीं है तो वहीं दूसरी ओर कुए तालाब बोरवेल सूख रहे हैं। वही खेती में सिंचाई के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे किसानों की रबी फसल सूख चुकी है। वही पानी मिलने की उम्मीद नजर ना आने पर अब किसान सिचाई के अभाव में सूख चुकी फसलों को काटकर मवेशियों को खिलाने के लिए मजबूर हैं और लगातार किसान अपने खेतों में पहुंचकर सूखी फसलों को काट रहे हैं। जिसके चलते स्थानीय किसानों में शासन प्रशासन के खिलाफ लगातार आक्रोश पनप रहा है।

### दोनों राज्यों के स्थानीय लोगो की जीवनदायिनी है बावनथड़ी नदी

बताया जा रहा है कि पठार क्षेत्र की जीवनदायिनी बावनथड़ी नदी पर मध्यप्रदेश एंव महाराष्ट्र राज्य द्वारा सामुहिक रुप से बांध का निर्माण किया गया था,जिस महत्वाकांक्षी परियोजना से वर्ष 2012 से दोनों राज्यों की लाखों हेक्टर भूमी की सिंचाई नहरों के माध्यम से की जाती है,लेकीन बावनथड़ी नदी पर उपरी भाग मे बांध का निर्माण होने से निचले भाग मे नदी की प्रवाहित जलधारा दिसंबर माह मे ही सूख जाती है,जिसके कारण भिषण गर्मी मे बावनथड़ी नदी समीप स्थित समस्त



जलस्त्रोंतों का जलस्तर काफी गहराई मे चला जाता है,जिससें नदी किनारे पर बसें दोनों राज्यों के तकरिबन आधा सैकड़ा गावों मे इसका प्रभाव देखने को मिलता है!

### किसानों में पनप रहा आक्रोश

बावनथड़ी नदी के दोनों छोर पर हजारों हेक्टर मे किसान रबी फसल धान के अलावा गन्ना एंव सब्जी-भाजी की फसल उगाते है,जिसकी निरंतर सिंचाई करना बेहद जरुरी है।लेकिन विगत 2-3 माह से नदी सूखी पड़ी है। नदी किनारे बसे गावो में जलस्तर लगातार गिर रहा है।चारो तरफ पानी के लिए हाहाकार मची हुई हैं। नदी किनारे बसे गावो के समस्त जलस्त्रोंतों का स्तर बढ़ाने के लिए राजीव सागर बांध का पानी बावनथड़ी नदी मे छोड़ना अनिवार्य हो गया है।बावनथड़ी नदी मे राजीव सागर बांध का पानी छोड़ने की मांग प्रतिवर्ष की तरहा इस वर्ष भी विगत 1माह पुर्व से चल रही है।जिसपर संबंधित विभाग व दोनों राज्यों के सम्बंधित कलेक्टर ने ध्यान नही दिया, वही पानी ना मिलने पर दोनों सीमावर्ती क्षेत्रों के किसानों की फसल मरने की कगार पर है जिसको लेकर दोनों क्षेत्र के किसानो में आक्रोश पनप रहा है।

### गर्मी में हर साल नदी में छोड़ा जाता है पानी

बताया गया कि ऐसा पहली बार नही हुआ है कि बावनथड़ी नदी दिसम्बर में ही सूख गई है,और पठार क्षेत्र में जल संकट गहरा गया हो। बल्कि नदी पर बाध बनाने के बाद से प्रतिवर्ष नदी सूख जाती है।जहा प्रतिवर्ष अप्रैल माह के अंत मे आम जनता, किसानों और पठार संघर्ष समिति की मांग के आधार पर राजीव सागर बांध का पानी पठार क्षेत्र की जीवनदायिनी बावनथड़ी नदी मे छोड़ा जाता है।जहा परम्परा पिछले कई वर्षों से चली आ रही है जो अब भी कायम है।इसी परम्परा को बरकार रखने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है। बताया जा रहा है कि नदी किनारे बसे इन गांवों में जैसे-जैसे गर्मी का मौसम आता है वैसे जलस्तर काफी निचे चला जाता है,जिसके परिणामस्वरुप बावनथड़ी नदी के किनारों हजारों की संख्या मे जलस्त्रोंत (कुआं, बोरवेल) पुर्णत: सूख जाते है,जिससें किसानों को खेतों मे सिंचाई की समस्या उत्पन्न होने लगती है एंव नदी किनारों से ग्रामीण क्षेत्रों मे संचालित नल-जल योजनाएं पुर्णत: प्रभावित हो जाती है!

### बालाघाट और भंडारा जिले के कलेक्टर ने नही लिया निर्णय

बताया जा रहा है कि नदी मे पानी छोड़ने का निर्णय सामुहिक रुप से बालाघाट जिला और भण्डारा जिला कलेक्टर की आपसी सहमति व विचार विमर्ष से होता है,जिसके पश्चात जिला कलेक्टर राजीव सागर परियोजना के उच्चाधिकारियों को वार्तालाप कर बावनथड़ी नदी मे पानी छोड़ने का निर्णय लेते है। यहां कई वर्षो से ऐसा ही होता आ रहा है।हर बार की तरह इस बार भी ग्रामीणों ने राजीव सागर बांध का पानी शिघ्रतिशिघ्र बावनथड़ी नदी मे छोड़ने की मांग की वही पठार संघर्ष समिति द्वारा दो बार 02 अप्रैल और 17 अप्रैल को ज्ञापन देकर शासन-प्रशासन को इस समस्या से अवगत करा दिया गया है।बावजूद इसके भी मांग पूरी ना होने पर उन्होंने आगामी 4 मई से बोनकट्टा बैरियर चौक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किए जाने की चेतावनी दी है।

### तो 4 मई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे- दीपक

मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान पठार संघर्ष समिति संयोजक दीपक पुष्पतोड़े ने बताया कि बावनथड़ी नदी महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश के बालाघाट पठार क्षेत्र से के बीचों-बीच बहती है जिसमें पानी नहीं है। वर्तमान समय में नदी किनारे बसे गांव में जल स्त्रोत सूख गए हैं और जो कुछ बचे है वह भी सूखने की कगार पर है।किसानों को रबी में धान गन्ने की फसल व अन्य फसलों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। क्षेत्र के किसानों की फैसले सूख रही है। जिसके चलते दोनों राज्यों के नदी किनारे गावो के ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। कई बार जिला कलेक्टर महोदय को अवगत कराया गया है वही 2 अप्रैल और 17 अप्रैल को ज्ञापन सौंपकर नदी में पानी छोड़ने की मांग की गई है। इसी तरह भंडारा कलेक्टर को भी ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए बावनथड़ी नदी में राजीव सागर बांध का पानी छोड़ने की गुहार लगाई गई है लेकिन दोनों तरफ से इस मामले में कोई सकारात्मक पहल नजर नहीं आ रही है। इसीलिए बावनथड़ी नदी किनारे बसे समस्त गांव के ग्रामीणों ने यह फैसला किया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर नदी में पानी छोड़ा नहीं जाता तो फिर दोनों राज्यों के नदी किनारे गावो के हजारों ग्रामीणों को साथ लेकर 4 मई से बोनकट्टा बैरियर चौक पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चक्का जाम किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# तेज रफ्तार मोटरसाइकिल दुकान के सामने खड़ी मोटरसाइकिल से टकराई- दो व्यक्ति घायल

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। ग्रामीण थाना अंतर्गत लामता रोड पर स्थित ठाकुर टोला के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सामने से आ रही एक कार को साइट देने के दौरान अनियंत्रित होकर रोड किनारे दुकान के सामने खड़ी मोटरसाइकिल को चपेट में ले ली। इस दुर्घटना में इस मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायल दोनों व्यक्ति जयराम पिता पंचम उके 35 वर्ष और दिलीप पिता संतोष सुरनकार 30 वर्ष दोनों ग्राम रोशना थाना ग्रामीण निवासी है । जिन्हें जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयराम उके और दिलीप सुरनकार अपने परिवार के साथ मजदूरी करते हैं। 26 अप्रैल को 1:00 बजे करीब जयराम उके, दिलीप सुरनकार के साथ मोटरसाइकिल में ग्राम चरेगाव शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। मोटरसाइकिल दिलीप सूरनकार चला रहा था। समनापुर से चरेगाव की ओर जाते समय ग्राम ठाकुर टोला के पास गोलाई में मोटरसाइकिल तेजरफ्तार में थी। इसी दौरान सामने से आ रही कार को साइड देने के दौरान यह मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर रोड किनारे दुकान के सामने खड़ी मोटरसाइकिल से टकरा गई। इस सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार जयराम उके और दिलीप सुरनकार घायल हो गए। दोनों घायल को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट में लाकर भर्ती किया गया है।



# बड़गांव केवीके में औषधीय खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

## धान के स्थान पर औषधीय फसल लेमनग्रास भी किसानों के लिए अच्छा विकल्प, शासन की देवारण्य योजना में मिलेगा प्रोत्साहन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव में आयुष विभाग की देवारण्य योजना के तहत शनिवार को एक जिला एक औषधी उत्पादन के रूप में लेमनग्रास के उत्पादन तकनीक पर राज्य औषधी पादप बोर्ड के निर्देशन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिन्द चौधरी ने देवारण्य योजना के उद्देश्य व अन्य जानकारी देते हुए बताया कि धान की परंपरागत खेती करते हुए जिले का पानी का स्त्रोत नीचे जा रहा हैं। किसानों के लिए इज अच्छा अवसर है कि वे कम पानी में औषधीय फसल का उत्पादन करें। फसल लेमनग्रास का चयन किसानों को करना चाहिए, इससे पानी का स्त्रोत बना रहें। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. एसआर धुवारे ने नई सोच एवं नये विचारों के साथ नई तकनीकी और नई फसल का चयन करके अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते है। इसके लिये लेमनग्रास का चयन करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर सकता है। लेमनग्रास की एक बार पौध




रोपण तैयार करके किसान 5 वर्षों तक फसल प्राप्त कर सकता हैं। लेमनग्रास की खेती के लिए दो तीन बार जुताई कर गोबर खाद का उपयोग करना होता है। ताकि लेमनग्रास की अच्छी बढ़वार हो। उपसंचालक कृषि श्री राजेश खोबरागढ़े द्वारा जानकारी दी गई कि धान की पारंपरिक खेती में पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती हैं और रबी के मौसम में जल की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अन्य गैर पारंपरिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई तथा लेमनग्रास की खेती को एक अच्छा विकल्प बताया। मास्टर ट्रेनर्स श्री कुलदीप गणवीर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लांजी द्वारा लेमनग्रास की बोनी से लेकर लेमनग्रास पौध की खेती, कटाई, संग्रहण, प्रसंस्करण, विपणन पर विस्तृत जानकारी दी। मानागढ़ के प्रगतिशील किसान पंकज राणा ने लेमनग्रास व खसग्रास के बारे में किसानों को जमीन की तैयारी, विभिन्न किस्मों तथा लेमनग्रास में जीवामृत, डिकम्पोजर एवं गोबर खाद का उपयोग करने पर जोर दिया और उन्होने किसानों को विश्वास दिलाया अगर किसान लेमनग्रास की खेती करते हैं तो वो किसानो से लेमनग्रास खरीदेगा एवं उचित मूल्य देने का सुझाव दिया। डॉ.अनुराधा पाटिल तथा डॉ. कल्पना राहंगडाले आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा फसल विविधिकरण कर लेमनग्रास की खेती तथा लेमनग्रास के औषधीय गुणों के बारे में किसानों जानकारी दी। श्री एस.आर. गेड़ाम वरिष्ठ उद्यानिकी अधिकारी लांजी तथा डीडी रावतकर वरिष्ठ उद्यानिकी अधिकारी किरनापुर द्वारा लेमनग्रास की मार्केटिंग तथा उन्नत किस्में के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़गांव सरपंच श्रीमति कृष्णा गुरबेले, आयुष विभाग से डॉ. विशाल कुरमेती, युवराज चंद्रवंशी, पंकज उइके, नरेश बिसेन एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के कु. अंजना गुप्ता, धर्मेन्द्र आगाशे, श्रीमति अन्नपूर्णा शर्मा उपस्थित रहें।

# द स्कूल ऑफ पैंसी फ्लावर्स का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम घोषित, छात्रों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

चांगोटोला(पदमेश न्यूज)। द स्कूल ऑफ पैंसी फ्लावर्स चांगोटोला के वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के डायरेक्टर हरीश नाग एवं प्रिंसिपल श्रीमती श्यामली नाग के मार्गदर्शन में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए छात्रों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयराम उइके उप सरपंच, ग्राम पंचायत चांगोटोला, मुख्य अतिथि हुलासमल कोचर सरपंच, ग्राम पंचायत लामता, विशेष अतिथि प्रणय जैन, महेंद्र पटले, टुन्नीलाल रहाँगडाले, छविलाल मिश्रा, व कृष्ण कुमार हरिनखेड़े की गरिमामयी उपस्थिति में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई।

### प्री-प्राइमरी से लेकर हाई स्कूल तक विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

विद्यालय की नर्सरी कक्षा में अभी चक्रवती ने




92.15 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोशिता राज 90.86प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और लाची भगत 90.34 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।जे.के.जी कक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रियांशी मड़ावी ने 97.32प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। रुचि कटरे 96.81 प्रतिशत के साथ द्वितीय और पूर्वी भारतीया एवं रियांशी सुलाखे 95.43 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं।एस.के.जी कक्षा में आसना खोबरागड़े ने 99.22प्रतिशत के साथ सर्वोच्च स्थान हासिल किया। जान्हवी भारतीया 98.40त्न के साथ द्वितीय और रिया नामूरते 98प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।कक्षा पहली में लितिक्षा रहांगडाले ने 98.85प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल स्थान प्राप्त किया। खिमांशु राज टेकाम ने 94.21प्रतिशत और मानुषी भांडेकर ने 94.14प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।दूसरी कक्षा में, रुचि सोनवे ने 96.65प्रतिशत, खुशविका ठाकरे ने 96प्रतिशत और अयांश बघेल ने 95.52प्रतिशत अंकों के साथ क्रमश- पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।तीसरी कक्षा में शिवी चंद्रेश्वर 96.14प्रतिशत , नव्यांश जैन 93.44प्रतिशत और गर्वित टेम्भरे 93.7प्रतिशत अंकों के साथ क्रमश: शीर्ष तीन में रहे।चौथी कक्षा में हेमाक्षी नामदेव ने 97.52प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिमानी चौहान 95.85प्रतिशत और अहाना खोबरागड़े 95.07प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।पांचवीं कक्षा में पलक ठाकुर ने 87.75प्रतिशत , आदिति जैन ने 87त्न और अदिति ठाकरे ने 86.5प्रतिशत अंकों के साथ स्थान प्राप्त किया।सातवीं कक्षा में एनुल शेख् ने 96.01प्रतिशत अंकों के साथ पहला, रियांश मात्रे 92.77प्रतिशत के साथ दूसरा और मोती सोनवाने 87.96प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

आठवीं कक्षा में अलनूर खान ने 95.33प्रतिशत , चैफी पटले ने 91.66प्रतिशत और निकुंज नामदेव ने 91.33प्रतिशत अंकों के साथ सफलता अर्जित की।नवीं कक्षा में एकाग्र क्षीरसागर 88.56प्रतिशत , भाविका बागरेश 86.27प्रतिशत और दिव्या महाजन 85.44प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष तीन स्थानों पर रहे। संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका पूजा देशमुख को बेस्ट क्रिएटिव टीचर का अवार्ड से सम्मानित किया गया।विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती श्यामली नाग ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अध्यापकगण की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। वहीं डायरेक्टर हरीश नाग ने बच्चों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की कामना की।विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अगले शैक्षणिक सत्र के लिए भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने का संकल्प दोहराया।

# कार की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। वारासिवनी रोड पुलिस लाइन के सामने एक कार मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार हो गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल में सवार दो युवक घायल हो गए।दोनों घायल युवक शिव प्रसाद पिता भैया लाल राउत 26 वर्ष श्याम पिता सुखराम इड़पाचे 26 वर्ष दोनों ग्राम अमई थाना रामपायली निवासी है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अमई निवासी शिवप्रसाद राऊत और श्याम इडपाचे दोनों खेती मजदूरी करते हैं। शिव प्रसाद राऊत का भाई बालाघाट नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। 26 अप्रैल शिवप्रसाद राऊत अपने साथी श्याम इड़पाचे के साथ मोटरसाइकिल में सामान लेकर अपने गांव अमई से बालाघाट आ रहे थे। 4:30 बजे करीब पुलिस लाइन बालाघाट के सामने से गुजरते समय जयस्तंभ चौक से तेज रफ्तार से जा रही कार मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार हो गई।कार की ठोकर से शिवप्रसाद राउत और श्याम इडपाचे दोनों मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए।दोनों घायल को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है।



# दो मोटरसाइकिल आपस में टकराई- एक युवक घायल

## कटंगी थाने के लखनवाड़ा के पास हुई सड़क दुर्घटना

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। कटंगी थाना अंतर्गत वारासिवनी रोड पर स्थित ग्राम लखनवाड़ा के पास दो मोटरसाइकिल आपस में टकराने से एक मोटरसाइकिल सवार एक युवक घायल हो गया। घायल युवक आकाश पिता प्रकाश बावने 24 वर्ष कटंगी निवासी है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आकाश बावने धमाल पार्टी का ऑर्डर लेते हैं। 25 अप्रैल को आकाश बावने अपने धमाल पार्टी के साथ में में बालाघाट आए थे और काम होने के बाद रात्रि 12:00 बजे करीब आकाश बावने बालाघाट से मोटरसाइकिल में अकेले अपने घर कटंगी जा रहे थे।कटंगी रोड पर स्थित ग्राम लखनवाड़ा के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल ने आकाश बावने की मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार हो गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार आकाश बावने घायल हो गया। आकाश बावने ने घायल हालत में ही अपने दोस्तों को फोन किया। इसके बाद आकाश बावने को उसके दोस्तों ने कटंगी के अस्पताल ले जाकर भर्ती किये। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उस जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।



खुशखबरी
किसी भी कंपनी की बाईक श्री फायनेंस में फायनेंस कराने पर बाईक के शोरूम रेट में 2500/- रूपये की नगद छुट श्री फायनेंस द्वारा दी जाएगी।
संपर्क करें :
श्री फायनेंस जनपद कॉम्पलेक्स वारासिवनी
7879930478
नोट : ऑफर सिमित समय के लिए

घरेलू कार ड्राइवर चाहिए
वेतनमान 10000
संपर्क करें -9329595770

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## जिले का सनसनीखेज सामूहिक बलात्कार कांड

# गिरफ्तार सात आरोपी चार दिन की पुलिस रिमांड पर

### नाबालिक आरोपी 11वीं की अंक सूची में निकला बालिक, चार लड़कियों के साथ सामूहिक बलात्कार जिले की पहली वारदात

**बालाघाट( पदमेश न्यूज )। जिले के सनसनीखेज सामूहिक बलात्कार कांड में गिरफ्तार 7 आरोपीयो को बालाघाट के पोस्को एक्ट की विशेष अदालत में पेश कर दिया गया। विद्वान अदालत से हट्टा पुलिस ने सभी सात आरोपियों को चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। जिले में नक्सली सक्रियता से अति संवेदनशील हट्टा थाना क्षेत्र में 23 अप्रैल की रात 2:00 बजे सात आरोपियों ने एक नाबालिक सहित चार आदिवासी लड़कियों के साथ उक्त वारदात उस समय घटित की थी जब चारों लड़कियां शादी समारोह से अपने घर लौट रही थी। 25 अप्रैल को रिपोर्ट होने के महज 3 घंटे की भीतर हट्टा पुलिस ने इन आरोपियों को धरदबोच लिए। संभवत यह बालाघाट जिले की पहली ऐसी घटना है जब एक साथ ही चार लड़कियों के साथ सामूहिक बलात्कार की वारदात हुई। और इस वारदात से बालाघाट जिले की छवि प्रदेश में शर्मसार हुई है। इस मामले का एक नाबालिक आरोपी 11वीं के अंक सूची में निकला बालिग**

#### शादी समारोह से घर लौट रही थी लड़कियां

प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल की शाम को एक नाबालिग सहित4 लड़की अपने चाचा के साथ गांव से 4 किलोमीटर दूर ठाकुर टोला शादी समारोह मे शामिल होने गयी थी। शादी समारोह में शामिल होने के बाद रात्रि लगभग 02 बजे सभी चारों लड़कियों अपने चाचा के साथ अपने गांव घर वापस लौंट रही थी । तभी रास्तें मे इसी शादी समारोह में आए हुए 7 लडके दो मोटरसाइकिल मे। पहुंचे और इन लड़कियों के साथ जा रहे चाचा को डरा धमकाकर भगा दिया दिये। जिसके बाद इन सात लड़को ने तीन नाबालिग सहित चार। लड़कियों के साथ सामूहिक रूप से बलात्कार किये । जिसके बाद ये 7 लड़के इन लड़कियों को घटना के विषय मे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इन इन लड़कों के फरार होने के बाद सभी लड़कियां अपने घर पहुंची। 25 अप्रैल को सभी पीड़ित लड़कियां अपने परिजनों के साथ थाना हट्टा पहुची और घटना के संबंध में बताई। थाना प्रभारी अविनाश सिह राठौर ने चार लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म का यह मामला गम्भीर होने से उन्होंने तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किये। सूचना मिलते ही जिला मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हट्टा पुलिस थाना पहुंचकर पीडति लड़कियों के परिजनों से पूछताछ की ।एक नाबालिक लड़की द्वारा की गई रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 70 (1) ,70(2) , 351 भारतीय न्याय संहिता 2023, धारा 5/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, धारा 3(1) (2,द्व), 3(2) (5),3 (2) (5) क अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत का अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना शुरू की गई थी।



#### रिपोर्ट होने के महज 3 घंटे के भीतर सात आरोपी किए गए गिरफ्तार

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री वैशाली सिंह के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अविनाश सिंह राठौर के नेत्रत्व मे गठित की पुलिस टीम ने रिपोर्ट होने के महज 3 घंटे के भीतर संभावित ठिकानों मे दबिश देकर 7 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया ।

गिरफ्तार आरोपी लोकेश मात्रे पिता संतोष मात्रे 22 वर्ष, लालचंद खरे पिता चमारू खरे 34 वर्ष, अजेन्द्र बाहें पिता शिवलाल वाहे 28 वर्ष,अज्जू उर्फ राजू बगडते पिता रामचरण बगडते 21वर्ष,राजेन्द्र कावरे पिता मदनलाल कावरे 20 वर्ष, मानिराम वाहे पिता शिवचरण वाहे 21 वर्ष, निलेश पिता संतोष मात्रे 19 वर्ष यह आरोपी आधार कार्ड नाबालिक है किंतु कक्षा 11वीं की अंकसूची में बालिग निकला।

सभी आरोपी ग्राम भगतपुर चौकी गोदरी थाना हट्टा निवासी है। 26 अप्रैल को हट्टा पुलिस ने सभी सात आरोपियों को बालाघाट के पास्को एक्ट के विशेष न्यायाधीश गौतम सिह मरकाम की विशेष अदालत में पेश कर दिए जहां से सभी को चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इन सभी सात आरोपियों को चार दिन की पुलिस रिमांड अवधि समाप्त होने पर 29 अप्रैल को विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। इस इस मामले की विवेचना नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री वैशाली सिंह द्वारा की जा रही है।

#### विवेचना फास्ट ट्रैक में पूर्ण करने हेतु पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह ने घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता के चलते, त्वरित न्याय दिलाने हेतु अपराध को सनसनीखेज व जघन्य अपराध की श्रेणी में चिन्हित करते हुए, तत्काल प्रभाव से एक विवेचना टीम का गठन कर विवेचना फास्ट ट्रैक मे पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए है ।नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एक दुर्भाग्यपूर्ण बलात्कार की घटना सामने आई, जिसकी जानकारी पुलिस को घटना के लगभग एक दिन बाद प्राप्त हुई । पुलिस अधीक्षक बालाघाट नगेन्द्र सिंह ने इस संबंध में आमजन से अपील की है कि ऐसे जघन्य अपराधों की सूचना बिना किसी से डरें नि:संकोच तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय पर कार्रवाई की जा सके और अपराधियों को कानून के दायरे में लाया जा सके।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

सामूहिक बलात्कार के इन आरोपियों को पकड़ने में नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अविनाश सिह राठौर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक वरसन धुर्वे, प्रधान आरक्षक अखिलेश अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक राजेश पटले, प्रधान आरक्षक द्वारिका नारायण दुबे, आरक्षक विष्णु प्रताप सिंह गुर्जर, आरक्षक शिवनारायण कुशवाह, आरक्षक किशन यादव, आरक्षक परशु करवेती, आरक्षक भानु, आरक्षक गितेश परदेसी, आरक्षक रिंकू सिंह और आरक्षक गोविंद बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

## डायल 100 के कर्मचारियों ने मानसिक रूप से विक्षिप्त 12 वर्षीय बालक को मिलाया उसके परिजनों से

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। कोतवाली के डायल 100 के कर्मचारियों ने नगर के वार्ड नंबर 13 सुभाष नगर में लावारिस स्थिति में घूम रहे मानसिक रूप से विक्षिप्त 12 वर्षीय एक बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिए ।यह बालक अर्ज पिता अरविंद भालाधरे 12 वर्ष मकान नंबर 4 शासकीय अस्पताल कैंपस कारगिल चौक बैतूल निवासी है। जो अपने परिवार के साथ शादी में आया था। कोतवाली पुलिस के मुताबिक 26 अप्रैल को डोपहर 4 बजे करीब डायल 100 को सूचना मिली कि एक 12 वर्ष का लड़का जिसकी माबसिक स्थिति ठीक नहीं है वह वार्ड नंबर 13 सुभाष नगर में पोतनलाल के घर के पास लावारिस स्थिति में घूम रहा है। सूचना मिलते ही डायल 100 में ड्यूटी में लगे प्रधान आरक्षक पोतन लाल चौधरी ने इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली सिंह और थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप सिंह को अवगत कराते हुए और उनके दिशा निर्देशन एवं सक्रिय मार्गदर्शन में सक्रिय कार्यवाही करते हुए नगर के वार्ड नंबर 13 सुभाष नगर पहुंचे जहां पर एक 12 वर्ष का लड़का जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अपना नाम पता बताने की स्थिति मे नहीं था। तब इस बालक को तुरंत बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर काउंसलिंग की गई ।तब इस बालक का नाम अर्ज पिता अरविंद भालाधरे, मां अंजना भालाधरे वार्ड नंबर 4 शासकीय अस्पताल कैंपस कारगिल चौक बैतूल निवासी होने का पता चला। यह भी पता चला कि इस बालक के जिनके परिजन सुभाष नगर बूढ़ी बालाघाट में शादी समारोह में आए हुए हैं। यह पता चलने पर उक्त बालक के परिजनों की पतासाजी कर इस बालक को उसके परिजन को सकुशल सुपुर्द किया गया। इस मानसिक रूप से कमजोर बालक को उसके परिजनों से मिलने में नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री वैशाली सिंह उप निरीक्षक प्रदीप सिंह थाना प्रभारी कोतवाली एवं डायल 100 में लगे पुलिस कर्मचारी प्रधान आरक्षक पोतन लाल चौधरी पायलट विजय कामड़े का सराहनीय योगदान रहा।



## दूसरे दिन भी जारी रही नपा की छापामार कार्यवाही

### घर पर मोटर /टुल्लू पंप लगाकर पानी चोरी करने वालो पर की कार्यवाही, दूसरे दिन नपा अमले ने वार्ड नं 3 से, 05 टूल्लू पंप किए जप्त

बालाघाट(पदमेश न्यूज) । भीषण गर्मी के दौर में नगरी क्षेत्र में लोगों के बीच पानी को लेकर हाहाकार शुरू हो गया है ।इस मौसम में एक ओर लोगों को घरेलू निस्तार के लिए पानी की ज्यादा जरूरत पड़ रही है तो वहीं इस भीषण गर्मी से छुटकारा पाने कूलर के उपयोग के लिए पानी अधिक लग रहा है ।जहा पानी की कमी और लोगो की जरूरतों को देखते हुए नपा द्वारा इंटेक वेल फिल्टर प्लांट के माध्यम से नगरवासियो को पानी की सप्लाई की जा रही है। फिर भी नगर के कुछ वार्डो में लोगो के द्वारा मोटर व टुल्लू पंप के माध्यम से अतितिक्त पानी लिया जा रहा है। वहीं टुल्लू पम्प से पानी लेने के चलते उनके परिसर वासियों को पर्याप्त पानी नही मिल रहा है। जहा रोजाना पर्याप्त पानी ना मिलने के चलते उन्हें हलाकान होना पड़ रहा है ।जिसके चलते कुछ लोगों के द्वारा नगर पालिका में शिकायत कर टुल्लू पम्प बन्द कराने की मांग की गई थी। जिस पर शुक्रवार की शाम बालाघाट नगरपालिका की जल प्रदाय शाखा टीम द्वारा नगर के वार्ड 19 में टुल्लू पंप जप्ती की कार्यवाही की तो वही इसके दूसरे दिन शनिवार को वार्ड नं 3 में छापेमार कार्यवाही कर 05 मोटर टुल्लू पंप जप्त किए है ।नपा अमले द्वारा 2 दिन में 2 वार्ड का निरीक्षण कर टुल्लू पंप से पानी खिंचने वाले लोगो पर कार्यवाही कर कुल 08 टुल्लू पम्प की जप्ती बनाकर प्रकरण मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रस्तुत किया है ।वही जप्त किए गए टुल्लू पंप को नगर पालिका में जमा कराया गया है। बताया जा रहा है अब इस मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेशानुसार जुर्माने सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



#### 2-2 नल जल योजना के बावजूद भी नही मिल रहा पर्याप्त पानी

बताया जा रहा है इस भीषण गर्मी में नगर पालिका द्वारा आवश्यकतानुसार पानी की सप्लाई की जा रही है। जहां पानी सप्लाई के लिए नगर में दो-दो नल जल आवर्धन योजना संचालित है बावजूद इसके भी शहर के लगभग सभी वार्डों में पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है ।जिसका मुख्य कारण उपभोक्ताओं द्वारा मेन लाइन और नलों के ऊपर टुल्लू पंप लगाना बताया गया है। नगर के लगभग सभी वार्डो से लगातार मिल रही इन्ही शिकायतो पर अब नपा अमले ने ऐसे लोगों की धर-पकड़ कार्यवाही करनी शुरू कर दी है ।जिसके तहत नगर में शुक्रवार से यह कार्यवाही शुरू की गई है जो शनिवार को भी जारी रही ।वही सम्बधितों द्वारा आगे भी कार्यवाही जारी रखने की बात कही जा रही है।

#### इनके खिलाफ बनाया प्रकरण

पाइपलाइन में डायरेक्ट मोटर लगाकर दूसरों के हिस्से का पानी चोरी करने वाले इस मामले में नगर पालिका अमले ने जहां शुक्रवार को वार्ड नंबर 19 में कार्यवाही कर 03 पानी की मोटर जप्त की थी तो वही आज शनिवार को वार्ड नंबर 3 में कार्यवाही कर 05 मोटर पंप की जप्ती बनाई गई है। इस तरह वार्ड नंबर 19 और 3 में अब तक 08 पानी मोटर टुल्लू पंप को जप्त कर संबंधित लोगों के खिलाफ प्रकरण तैयार किया गया है। इसमें वार्ड नंबर 19 से अशोक पंजवानी, प्रकाश चंदवानी,श्रीमती लीला वैघवानी, वार्ड नंबर 3 से निजाम कुरैशी, नियाज भाई, श्रीमती निशा अली, अब्दुल राजीक शेख और शाहरुख खान के नाम का समावेश है। इस कार्यवाही के दौरान उपयंत्री श्रीमती ज्योति मेश्राम भारती, राजस्व अधिकारी गुलाबचंद लटारे, जल शाखा प्रभारी भुमेंश्वर शिव, राजकुमार कावरे, पुनीत बिसेन, संदीप श्रीवास्तव, गोविंद हरदे, आसाराम बिसेन, शंकर दूधबुर्रे,श्री राम दूधबुर्रे और मुन्ना बावनऊके सहित अन्य अपनी अहम भूमिका में नजर आए।

## हट्टा में बालिकाओं के साथ हुई घटना को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने ली प्रेस वार्ता

### मोहन सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप, कहा जिले में नहीं है पुलिस का डर , एक विशेष वर्ग की बालिकाओं के साथ हो रही है घटनाएं

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय उयके द्वारा हट्टा थाने क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुगलई में बालिकाओं के साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता ली गई, जहां बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे और कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय उईके द्वारा बताया गया कि जो उनके विधानसभा क्षेत्र में जो घटना घटी है वह बहुत ही निंदनीय है आज भाजपा सरकार में पुलिस का कोई दबाव नहीं है एवं आए दिन जिला सहित प्रदेश में बालिकाओं के साथ दुष्कर्म और बलात्कार जैसी घटनाएं घटित हो रही है उनका मानना है कि आज एक वर्ग की बालिकाओं के साथ आए दिन कोई ना कोई घटनाएं घटित हो रही है और पुलिस विभाग द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं इन्हीं सब विषय को लेकर उन्होंने मीडिया में अपनी बात रखी और कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर दोषियों को फास्ट ट्रैक न्यायालय के माध्यम से जल्द ही फैसला सुनाए जाने की भी मांग की है।

आपको बता दे कि 23 अप्रैल की रात हट्टा थाना क्षेत्र के ठाकुरटोला और दुगलई के बीच, सात आरोपियो ने तीन घंटे तक तीन नाबालिग और एक युवती के साथ दुष्कर्म किया गया । जिसके बाद मामले में आरोपियों ने मामले को गांव की बैठक में सुलझाने का भी प्रयास किया लेकिन युवती के कानूनी कार्यवाही करने के लिए अडिग होने पर गत 25 अप्रैल को मामले में हट्टा थाना में एफआईआर दर्ज कर सभी सातो आरोपियो 22 वर्षीय लोकेश मात्रे, 28 वर्षीय लालचंद खरे, अजेन्द्र बाहे, 21 वर्षीय अज्जु बगडते, 20 वर्षीय राजेन्द्र कावरे, मानिराम बाहे और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया था। जिन्हें शनिवार 26 अप्रैल को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया गया है। इस मामले को लेकर शनिवार को कांग्रेस ने प्रेसवार्ता की और प्रदेश में बढ़ते महिला अपराध को लेकर सरकार को सवालो के घेरे में खड़ा किया। साथी कांग्रेसियों द्वारा सरकार को आडे हाथों लेते हुए प्रेस वार्ता में जमकर कानून व्यवस्था को लेकर कोसा गया, यहां कांग्रेसियों द्वारा कहा गया कि जहां सरकार एक ओर बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ और महिला सशक्तिकरण की बात करती है, किंतु आज धरातल पर सरकार की कानून व्यवस्था पूरी तरह से शून्य है जबकि कांग्रेसियों ने यह भी बताया कि भाजपा अपने कार्यकाल के समय में महिलाओं पर अत्याचार नहीं होने की बात कहती है और आए दिन जिले सहित प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार और महिला उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही है, इन सब मुद्दों को लेकर कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार को आडे हाथों लेते हुए सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए।



#### परिवार को सुरक्षा और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए - संजय उईके

विधायक और कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके ने घटना को निंदनीय और विभत्स बताते हुए कहा कि घटना के बाद से परिवार को डराया और धमकाया जा रहा है। घटना को अंजाम देने वालो ने पीड़ित परिवार को प्रलोभन देकर मामले को दबाने का प्रयास किया। परिवार को सुरक्षा के साथ ही आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए और मामले को फास्ट ट्रेक कोर्ट में ले-जाकर, आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि महिला और आदिवासी की सुरक्षा, सरकार की प्राथमिकता में होनी चाहिए, लेकिन देखने में आ रहा है कि सरकार, इनकी सुरक्षा में फेल हो रही है। उन्होंने पीड़ित बालिकाओं की मनोवैज्ञानिक चिकित्सा भी किए जाने की बात कही।

#### बेटियां बाहर के साथ-साथ घरों में भी सुरक्षित नहीं है - अनुभा मुंजारे

बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि हट्टा में जो घटना हुई है उस घटना से मानवता के साथ-साथ नारी समाज को भी शर्मशार किया गया है, उन्होंने मोहन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जहां एक ओर महिला सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है किंतु जब ऐसी घटनाएं होती है तो सरकार की सारी सुरक्षा व्यवस्था धरी की धरी रह जाती है । सरकार कितनी महिलाओं के प्रति सजग है यह भी देखने को मिलता है वही उन्होंने बताया कि सरकार का यह मानना होता है कि उनकी सरकार के समय महिलाएं बहुत सुरक्षित है । महिलाएं कहीं भी चली जाए और आ जाए उन्हें डर नहीं रहता किंतु आज इस प्रकार की घटनाएं होने पर सरकार की वादों की पोल खुलती है । उन्होंने सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए उन्होंने कहा कि आखिर किस प्रकार की कानून व्यवस्था है जो इस प्रकार की घटनाएं आज जिले में सामने आ रही है। आज जिले में कानून व्यवस्था उतनी अच्छी नहीं है उन्होंने कहा कि आज गृह मंत्रालय सरकार के पास है तो कानून व्यवस्था अच्छी होनी थी । आज यदि कानून व्यवस्था अच्छी होती तो बेटियां बाहर काम में जाती है, पढ़ाई के लिए जाती है, किंतु इस प्रकार की घटनाओं से बेटियां बाहर के साथ-साथ घरों में भी सुरक्षित नहीं है ।

## सहकारी समिति कुमादेही के निर्वाचन के लिए आरओ नियुक्त

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा द्वारा प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति कुमादेही के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति कुमादेही के संचालक मंडल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए वनपाल श्री देवेंद्र कुमार मेरावी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री ओझा द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार सहकारी समिति कुमादेही में महिला पदों के विनिश्चय के लिए संचालक मंडल की बैठक के लिए सूचना जारी करने की तारीख 01 मई 25, संचालक मंडल की बैठक 4 मई, आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने की तारीख 5 मई, नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की तारीख 13 मई, नामांकन पत्रों की जाँच एवं वैध पत्रों की सुचो का प्रकाशन 14 मई, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव चिन्हों का आवंटन 15 मई तथा मतदान एवं मतगणना का कार्य 20 मई को सम्पन्न किया जाएगा।**

## फिर सर उठा रहा लाल आतंक

### नक्सलियों ने फिर बांधे बैनर,दर्ज कराई मौजूदगी, रूपझर के किनारदा जंगल का मामला, जांच में जुटी पुलिस

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। नक्सली उन्मूलन अभियान के तहत एक ओर पुलिस प्रशासन द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सर्चिंग अभियान चलाकर नक्सलियों को मार गिराया जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सली अपनी पैठ जमाए हुए हैं। जो आए दिन अपनी आमद दर्ज कराकर भय के माहौल को कायम रखने में जी-जान से जुटे हुए हैं ।जिसकी एक झलक थाना रुपझर, के अन्तर्गत आने वाले किनारदा जंगल क्षेत्र मे देखने को मिली है ।जहा कथित नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरो के खिलाफ बैनर बाधकर जगह जगह पर्चे चिपकाए है ।ऐसा कृत्य कर एक बार फिर नक्सलियों ने अपनी आमद दर्ज कराकर ,दहशत का माहौल निर्मित कर दिया है ।उधर इस पूरे मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




#### मुखबिरों के लिए बाधे गए बैनर

जिले के जंगलों में एक बार फिर नक्सलियों ने बैनर लगाकर अपनी मौजूदगी के एहसास का प्रयास किया है। हालांकि अब नक्सली गतिविधियों में काफी हद तक अंकुश लग चुका है, इसके अलावा पुलिस और होकफोर्स कि ताबड़तोड़ कार्यवाही ने नक्सलियों की कमर तोड़ कर रख दी है। बावजूद इसके नक्सली ग्रामीणों मे अपना भय और दहशत बरकरार रखने की मंशा से जंगलों में बैनर लगाकर अपनी मौजूदगी का एहसास कराने का प्रयास कर रहे हैं ।जिसका एक नजारा जिले के रूपझर थानांतर्गत किनारदा के जंगल मे देखने को मिला। जहां नक्सलियों ने बेनर पोस्टर लगाकर लोगों से पुलिस की मुखबिरी न करने का आव्हान किया है। इसके अलावा बेनर में लिखा कि पुलिस ग्रामीणों का उपयोग कर रही है।

#### मामले की जांच में जुटी पुलिस

नक्सलियों के द्वारा जंगलों में लगाये गए बेनर पोस्टरों पर चर्चा का विषय अब यह बन चुका है कि जिस तरह से पुलिस और होकफोर्स के जवानों की संयुक्त कार्यवाही में भारी संख्या में नक्सलियों की मौत हुई है, उसके बाद हताश और परेशान नक्सलियों ने इस तरह अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के उद्देश्य को लेकर प्रयास किया है। उधर पुलिस द्वारा सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है।

#### हो सकता है कि किसी की साजिश हो- नगेंद्र सिंह

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को यह जानकारी परसों के दिन लगी थी। मामले की सूचना मिलते ही सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है। पताशाजी की जा रही है। बैनर में पुलिस की मुखबिरी बंद करने की बातें लिखी हुई है जिसके फोटोस हम तक पहुंचे हैं ।मामले को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है ।ये भी हो सकता है कि यह किसी की साजिश हो।

# पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकी हमले के विरोध में चारों खूंट बंद रहा लालबर्रा

## जनआक्रोश रैली निकाली गई, लगाये गये पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे, आतंकवादियों को फांसी की सजा देने की मांग की ,इमरजेंसी सेवा को छोड़कर सभी प्रतिष्ठान रहे बंद

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के विरोध में सकल हिन्दु संगठन के द्वारा 26 अप्रैल को लालबर्रा बंद का आव्हान किया गया था। साथ ही नगर मुख्यालय के समस्त व्यापारी एवं दुकानदारों से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर समर्थन देने की मांग की गई थी। इस बंद के आव्हान पर रविवार को सुबह के समय सकल हिन्दु संगठन के द्वारा रैली निकालकर नगर मुख्यालय, तहसील पहुंच मार्ग, अमोली, सिवनी मार्ग एवं अन्य मार्गों में पहुंचकर दुकानदारों से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की थी और इस बंद को समस्त दुकानदार, व्यापारियों ने भी अपने-अपने प्रतिष्ठान व दुकाने बंद रखकर अपना समर्थन दिया है। वहीं जम्मू कश्मीर के पहलगाम के पर्यटन स्थल में आतंकवादियों के द्वारा पर्यटकों की धर्म पूछकर की गई हत्या के विरोध में बालाघाट जिला के साथ ही लालबर्रा बंद के आव्हान पर सुबह से कम बसे चलने के कारण यात्रीगणों एवं वैवाहिक कार्यक्रमों में जाने वाले ग्रामीणजनों को कुछ परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। साथ ही इस लालबर्रा बंद के दौरान मेडिकल, पेट्रोल पंप, अस्पताल सहित अन्य इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर सभी दुकानें व प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रहे। जिसके कारण नगर मुख्यालय शाम 5 तक सुनसान नजर आया और पुलिसकर्मी भी चौक-चौराहों में मुस्तैद रहे। वहीं जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के विरोध में एवं आतंकवादियों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर 26 अप्रैल को लालबर्रा मुख्यालय शांतिपूर्ण बंद करने का आव्हान किया गया था जो सफल रहा।

### बस स्टैंड में श्रध्दांजली कार्यक्रम एवं सभा का हुआ आयोजन, पाकिस्तान का जलाया गया पुतला

लालबर्रा बंद के आव्हान पर सकल हिन्दु संगठन के पदाधिकारी एवं हिन्दु धर्मालंबी नगर मुख्यालय के हद्य स्थल बस स्टैण्ड में 26 अप्रैल को दोपहर में एकत्रित हुए जहां पूजा अर्चना कर सुन्दरकांड पाठ किया गया। जिसके बाद शाम 4 बजे जनआक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली ग्राम अमोली, मानपुर, लालबर्रा सहित नगर मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए बस स्टैण्ड पहुंची। इस जनआक्रोश रैली में पाकिस्तान मुर्दाबाद सहित अन्य नारे लगाते हुए उपस्थितजनों ने अपना आक्रोश व्यक्त किया और भारत सरकार से आतंकवादियों को देश से सफाया करने एवं फांसी की सजा देने की मांग की। जिसके बाद बस स्टैण्ड में सभा एवं श्रध्दांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सकल हिन्दु संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल में आतंकवादियों के द्वारा पर्यटकों से धर्म पूछ कर उनकी गोली मारकर हत्या की गई है और यह पूरी घटना पाकिस्तानी साजिश के तहत की गई है जिसकी हम घोर निंदा करते है और भारत सरकार से मांग है कि आतंकवादियों को फांसी की दे तभी पहलगाम में मारे गये व्यक्तियों को न्याय मिलेगा। इन्ही मांगों को लेकर आज लालबर्रा बंद का आव्हान किया गया था जो सफल रहा। जिसके लिए हम सभी सकल हिन्दु समाज, व्यापारी एवं दुकानदारों का आभार व्यक्त करते है। साथ ही




सभा संपन्न होने के बाद उपस्थितजनों ने पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये व्यक्तियों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रध्दांजली अर्पित किये। जिसके बाद पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर सकल हिन्दु संगठन के पदाधिकारी एवं धर्मलंबी उपस्थित रहे।

### पाकिस्तान जैसा व्यवहार कर रहा है वैसा ही व्यवहार उसके साथ होना चाहिए - प्रसन्न

भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) की यह घटना इतनी हद्य विदारक घटना है जिसको देखना या महसूस करने से ही आंख में आंसू आने लगते हैं। हम देश के प्रधानमंत्री जी से मांग करते है कि जिस तरह का व्यवहार पाकिस्तान हमारे साथ कर रहा है, उनके साथ भी उसी तरह का व्यवहार हमें करना चाहिए। साथ ही हमें पूरा विश्वास है देश के प्रधानमंत्री जरूर कुछ बड़ा कदम उठाएंगे और उन्होंने सिंधु जल समझौता रद्द करने, पाकिस्तानियों का वीजा रद्द करके उन्हें वापस उनके देश पहुंचाने सहित अन्य कठोर निर्णय लिये है राष्ट्र हित में परंतु इन सब से कुछ नहीं होगा। कुछ बड़ा करने की आवश्यकता है जिससे पाकिस्तान को सबक सिखाया जा सके ताकि देश से आतंकियों का खातमा हो सके।

### देश में नफरत की राजनीति नहीं होनी चाहिए - रवि

समाजसेवी रवि अग्रवाल ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में सकल हिन्दु संगठन ने लालबर्रा बंद का आव्हान किया था जो सभी व्यापारीबंधु, सभी जाति, धर्म, समुदाय के लोगों ने अपना सहयोग प्रदान कर सफल बनाया है और क्षेत्र की एकता का परिचय है जो इस बंद से स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। साथ ही मैं अपने भाईयों से यही मांग करता हूं कि वे ऐसे व्यक्ति को स्थान न दे जो जाति, धर्म पुछकर लोगों की हत्या करते है क्योंकि इस तरह की वारदात भारत के इतिहास में पहली बार हुई है। आतंकवादी



अपना काम करते हैं, सरकार अपना काम करती है, लेकिन इस तरह से जाति धर्म पूछ कर मारना यह मानवता के विरोध में है, हमारे देश में इस तरह की नफरत की राजनीति नहीं होनी चाहिए। हम सभी को संगठित होकर रहना चाहिए अन्यथा इसका दुष्परिणाम भविष्य में देखने को मिलेगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को भारत के संविधान को मानना पड़ेगा, उसका अनुसरण करना पड़ेगा, जम्मू कश्मीर में जो हमारे मुस्लिम भाइयों का परिवार चलता है, वह हमारे भारतीय सैलानियों के वजह से चलता है। उनसे हम कहना चाहेंगे कि वे ऐसे लोगों का बहिष्कार करें, सहयोग न करें राष्ट्रहित में अपनी भूमिका निभाये।

### हिन्दु धर्म को हमेशा ही आतंकियों ने दबाने का काम किया है- डुलेन्द्र

जिला पंचायत सभापति डुलेन्द्र ठाकरे ने कहा कि पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में आतंकवादियों के द्वारा धर्म पुछकर पर्यटकों की हत्या की गई है उसके लिए सरकार के द्वारा जो कदम उठाये जा रहे हैं वह कम है। ऐसे दरिंदों को भयानक मौत देना चाहिए ताकि उन्हे जमीन भी नसीब न हो। जिससे आतंकवादियों को समझ में आये कि हिन्दुओं पर हमला करने का अंजाम क्या होता है। श्री ठाकरे ने कहा कि हिंदु धर्म को हमेशा से ही आतंकवादियों के द्वारा दबाने एवं हमारी सनातनी परंपराओं को समाप्त करने का काम किया है, उनके खिलाफ आज हम सभी लोग संगठित हैं। जिनके द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है वह अपनी जान बचाकर जंगल-जंगल भटक रहे हैं। लेकिन जिन्होंने इस विचारधारा को जन्म दिया है ऐसे लोग पाकिस्तान छोड़कर अन्य देशों में मौज कर रहे हैं। साथ ही यह भी कहा कि पहलगाम में जिस दिन घटना घटित हुई है उसी दिन से भारतीय सैनिक आतंकियों को खोज-खोज कर मारने का काम कर रही है और मैं कहना चाहता हूं कि आप अपने आप में सुधार कर ले, यदि आपकों भाईचारे में रहना है तो भाईचारा अपनाये, नहीं तो पाकिस्तान जाने की व्यवस्था कर ले।

# रपटाटोला रमपुरी में मनाई गई संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 8 किमी. दूर ग्राम पंचायत रमपुरी के अंतर्गत आने वाले रपटाटोला स्थित सेन मंदिर में सेन (नाई) समाज के द्वारा शुक्रवार को संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह जयंती कार्यक्रम सेन (नाई) समाज ब्लाक अध्यक्ष भेजनलाल सराटे सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने संत शिरोमणि सेन महाराज के प्रतिमा के समक्ष दीप प्र%वलित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। चर्चा में सेन (नाई) समाज ब्लाक अध्यक्ष भेजनलाल सराठे ने बताया कि ब्लाक सेन (नाई) समाज के द्वारा 25 अप्रैल को हमारे आराध्य देव संत शिरोमणि सेनजी महाराज की 725 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई और सभी को संगठित होकर समाजोत्थान के क्षेत्र में काम करने प्रेरित किया गया। साथ ही संत शिरोमणि सेनजी महाराज के जीवनगाथाओं के बारे में उपस्थितजनों को बताया गया। इस अवसर पर मखनलाल सराटे, टीकाराम सराटे, महेश सराटे, राजा सराटे, आशीष सराटे, लक्ष्मीप्रसाद सराटे, दिनेश सराटे, जय सराटे, देव सराटे, लक्ष्मीबाई सराटे, जमुनाबाई, सकुन बाई सराटे सहित अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित

# सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, दो युवक घायल, उपचार जारी

## मृतक व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस, बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग के ग्राम बेहरई में बीती रात्रि में घटित हुई घटना

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग स्थित ग्राम पंचायत बेहरई ग्राम चौक के आगे शुक्रवार की रात करीब 11 बजे दो मोटरसाइकिल में जबरदस्त भिड़त होने से बेलगांव निवासी 40 वर्षीय बेलगांव राजकुमार पंचेश्वर की मौत हो गई एवं दुसरे बाईक में सवार औल्याकन्हार निवासी 22 वर्षीय अभय हरिन्द्रवार, सागर ब्रम्हे गंभीर रूप से घायल हो गये है। जिनमें से अभय का जिला चिकित्सालय एवं सागर का गोंदिया में उपचार जारी है। वहीं बेलगांव निवासी मृत व्यक्ति का लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार को दोपहर 12 बजे चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है एवं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलगांव निवासी 40 वर्षीय राजकुमार पिता चैनुलाल पंचेश्वर कृषि कार्य करने के साथ ही वैवाहिक कार्यक्रम में बैडबाजा बजाने का कार्य करता है, जो शुक्रवार को ग्राम कटंगा में अपने अन्य साथियों के साथ शादी में बैडबाजा बजाने गया था और शादी में बैडबाजा बजाने के बाद रात करीब 10 बजे अपने अन्य साथियों को बालाघाट शादी में जा आ रहूं बताकर मोटरसाइकिल से बालाघाट जा रहा था। वहीं औल्याकन्हार निवासी 22 वर्षीय अभय हरिन्द्रवार, सागर ब्रम्हे बालाघाट के 'वेलर्स दुकान में काम करते है जो रोजाना की तरह शुक्रवार को मोटरसाइकिल से बालाघाट काम पर गये थे और रात करीब





11 बजे मोटरसाइकिल से दोनों अपने गांव औल्याकन्हार की ओर आ रहे थे। तभी ग्राम बेहरई स्थित चौक के आगे बालाघाट रोड़ में दोनों की बाईक में आमने-सामने से जबदस्त भिड़त हो गई। जिससे दोनों बाईक में सवार तीनों लोग घायल हो गये, जिसके बाद मार्ग से गुजर रहे लोग व आसपास निवासरत ग्रामीणजन घटना स्थल में पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी देने के साथ ही एम्बुलेंस की मदद से तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय ले जाकर भर्ती किया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेलगांव निवासी राजकुमार पंचेश्वर को बेहतर उपचार के लिए गोंदिया रिफर किया गया, जहां से नागपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में राजकुमार की मौत हो गई। जिसके बाद मृत व्यक्ति के परिजनों ने उसके शव को लेकर लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये और घटना की जानकारी पुलिस को दिये। वहीं पुलिस अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर रात हो जाने के कारण शव को शव वि%छेदन गृह में रखवा दिया एवं दुसरे दिन शनिवार को दोपहर में चिकित्सक के द्वारा मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। वहीं इस सड़क दुर्घटना में औल्याकन्हार निवासी अभय हरिन्द्रवार एवं सागर ब्रम्हे को हाथ, पैर, सिर एवं शरीर में अंदुरूनी चोटे आई है जिसमें से अभय का उपचार जिला चिकित्सालय एवं सागर का गोंदिया में उपचार जारी है और जिस युवक का उपचार गोंदिया में जारी है उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने मृतक व्यक्ति के परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाईक की टक्कर से राजकुमार की हुई मौत - अरविंद

बेलगांव सरपंच अरविंद पंचेश्वर ने बताया कि बेलगांव निवासी राजकुमार पंचेश्वर कृषि कार्य करने के साथ ही शादी के सीजन में बैडबाजा बजाने का काम करता था। जो शुक्रवार को कटंगा शादी में बैड-बाजा बजाने अपने साथियों के साथ गया था जहां रात 10 बजे तक बजाया उसके बाद अपने साथियों को बताकर बालाघाट रिस्तेदारी की शादी में जाने के लिए मोटरसाइकिल से निकल गया था। श्री पंचेश्वर ने बताया कि बालाघाट जाते समय बेहरई में दुसरे साईड से आ रहे बाईक सवार ने मोटरसाइकिल को जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए नागपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। साथ ही यह भी बताया कि मृत व्यक्ति के परिजनों को शासन की योजना का लाभ दिलवाया जायेगा।

### इनका कहना है-

शुक्रवार की रात्रि में ग्राम बेहरई से सूचना मिली थी कि ग्राम बेहरई में दो बाईक में जबरदस्त भिड़त हुई है। जिसमें बेलगांव निवासी राजकुमार पंचेश्वर की उपचार के दौरान मौत हो गई एवं अन्य दो युवक घायल है जिनका उपचार जारी है। मृत व्यक्ति का लालबर्रा अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

**कुंवरसिंह टेकाम**
**सहायक उपनिरीक्षक**
**थाना - लालबर्रा।**

# तालाब में डुबने से 8 वर्षीय कार्तिक और किसान बसंतराय की हुई मौत

## दो बच्चों की जान बचाने के बाद तीसरे बच्चें को बचाने गया था बसंतराय, गहरे पानी में डुबने से हुई मौत, पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, कार्तिक मॉ-बाप का इकलौता बेटा था, परिजनों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा थानांतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया स्थित तालाब में नहाने गये तीन बच्चें शनिवार को पानी में डूब गये थे। जिन्हे बचाने के लिए ग्राम का 55 वर्षीय किसान बसंतराय तालाब में कुद गया और अपनी जान की परवाह न करते हुए दो बच्चों को सुरक्षित निकालने के बाद तीसरे बच्चें को बचाने के लिए तालाब में कुदा परन्तु इस बार वह असफल रहा और गहरे पानी में डुबने से बसंतराय एवं 8 वर्षीय कार्तिक पटले की मौत हो गई। इस तरह से तालाब में डुबे बच्चों की जान बचाते समय किसान बसंतराय ने अपनी जान गवा दी है। पुलिस ने शनिवार को दोपहर 2 बजे घटना स्थल से मृत बच्चें एवं किसान का शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। वहीं इस दुःखद घटना से खमरिया ग्राम में शोक की लहर व्याप्त है और शाम 5 बजे एक साथ ग्राम खमरिया के 8 वर्षीय कार्तिक पटले, किसान बसंतराय शरणागत कर अंतिम संस्कार शोकाकुल माहौल में किया गया। वहीं मृतक कार्तिक पटले मॉ-बाप का इकलौता बेटा था जिसकी तालाब में डुबने से मौत हो जाने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है एवं पीड़ित परिजनों ने शासन-प्रशासन से मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

### तालाब में नहाते समय डुबे बच्चें, बचाने गये व्यक्ति की भी हुई मौत

प्राप्त जानकारी के अनुसार खमरिया निवासी बसंतराय शरणागत का खेत ग्राम के तालाब के समीप स्थित है जिसके खेत में रबी सीजन में धान की फल लगी हुई है जिसमें पानी चलाने के लिए वहां शनिवार की सुबह 11 बजे खेत गया था। वहीं सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच में ग्राम के कार्तिक पटले व अन्य दो बच्चें खेलते-खेलते तालाब की ओर नहाने के लिए गये थे और कपड़े निकालकर तालाब के पानी में नहा रहे थे। तभी अचानक वे गहरे पानी में चले गये और बचाव-बचाव कहकर चिल्लाने लगे। जिनकी आवाज तालाब के समीप खेत में काम कर रहे किसान बसंतराय शरणागत को सुनाई दी तो वे तत्काल तालाब की पार पर चढ़कर देखा तो तीनों बच्चें पानी में डुबे हुए दिखाई दिये। जिसके बाद बसंतराय तालाब में डुब रहे बच्चों की जान बचाने के लिए तालाब में कुद गया और दो बच्चों को सुरक्षित उन्होने बचा लिया एवं तीसरा 8 वर्षीय कार्तिक को बचाने का उन्होने प्रयास किया किन्तु गहरे पानी में डूब जाने से उनकी भी मौत हो गई। वहीं दो बच्चें जिनकी जान बच गई थी उन्होने परिजनों को घटना की जानकारी दिये कि तालाब में कार्तिक व हमें जिसने बचाया है वह डुब गया है। जिसके बाद परिजन घटना स्थल पहुंचे तो कार्तिक व बसंतराय गहरे पानी में डुबे हुए दिखाई दिये जिनकी मौत हो चुकी थी। जिसकी जानकारी तत्काल लालबर्रा पुलिस को दी गई। वहीं तालाब में नहाने गये 8 वर्षीय बच्चें एवं 55 वर्षीय किसान की मौत हो जाने की जानकारी ग्राम में आग की तरह फैल गई और घटना स्थल में लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद लालबर्रा थाना प्रभारी के निर्देश पर उपनिरीक्षक महेन्द्र बघेल पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और मछवारों की मदद से तालाब के अंदर से शव बाहर निकालकर आवश्यक कार्यवाही कर मृत बच्चें एवं बसंतराय शरणागत का शव पोस्टमार्टम के लिए लालबर्रा अस्पताल लेकर आये। जहां चिकित्सक के द्वारा मृत कार्तिक पटले एवं बसंतराय शरणागत का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि खमरिया ग्राम स्थित तालाब हाईवे रोड़ से कुछ दुरी पर है जहां 8 वर्षीय कार्तिक पटले अपने अन्य दो साथियों के साथ शनिवार को प्रातः 10 से 11 बजे के बीच खेलते-खेलते तालाब की ओर गये होगें। जिसके बाद तालाब में नहाने के लिए कुदे होगें तभी नहाते समय गहरे पानी में तीनों बच्चें डुब गये और बचाव-बचाव कहकर चिल्लाते रहे होगें। जिनकी आवाज सुनकर किसान बसंतराय तालाब में कुदा होगा और दो बच्चें को सुरक्षित बचा लिया किन्तु कार्तिक को नही बचा पाया और स्वयं गहरे पानी में डुब गया जिससे कार्तिक व उसकी मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### मृत व्यक्ति के परिजनों को दिलवाया जायेगा योजना का लाभ - डुलेन्द्र

जिला पंचायत सभापति डुलेन्द्र ठाकरे ने बताया कि खमरिया के तीन बच्चें शनिवार को सुबह करीब 11 बजे ग्राम स्थित तालाब में नहा रहे थे तभी वे गहरे पानी में चले गये जिन्होने बचाव-बचाव कहकर चिल्लाने लगे। जिनकी आवाज सुनकर तालाब के समीप खेत में काम कर रहे किसान बसंतराय पहुंचे और उन्होने दो ब'चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया परन्तु तीसरे बच्चे को निकालते समय वे गहरे पानी में डुब गये। जिससे 8 वर्षीय कार्तिक व किसान बसंतराय शरणागत की मौत हो गई और यह एक दुःखद घटना है जिससे पूरे ग्राम में शोक की लहर व्याप्त है। श्री ठाकरे ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है एवं तालाब में डुबने से 8 वर्षीय बालक एवं किसान की मौत हुई है, उनके परिजनों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाने का पुरा प्रयास किया जायेगा।

### मामले की जांच की जा रही है - महेन्द्र

दूरभाष पर चर्चा में उपनिरीक्षक महेन्द्र बघेल ने बताया कि खमरिया से सूचना मिली थी कि तालाब में डुबने से 8 वर्षीय बालक एवं एक किसान की मौत हो चुकी है। जिसके बाद घटना स्थल पहुंचकर शव बरामद किया गया एवं उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि तीन बच्चें तालाब में नहा रहे थे जो डूब गये थे। जिन्हे बचाने के लिए बसंतराय तालाब में कुदा और दो बच्चों की जान बचा लिया एवं तीसरे बच्चें की जान बचाते समय वह गहरे पानी में डूब जाने से उसकी भी मौत हुई है। इस तरह तालाब में डूबने से 8 वर्षीय कार्तिक व 55 वार्षिक किसान बसंतराय की मौत हो चुकी है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# बघोली में केबिनेट मंत्री, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकिरण साहू का आगमन आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। म.प्र. शासन के केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकिरण साहू का 27 अप्रैल को दोपहर 1.30 ग्राम बघोली में आगमन हो रहा है। जिनका साहू समाज के द्वारा स्वागत किया जायेगा। चर्चा में साहू समाज बघोली पदाधिकारी खेमलाल साहू ने बताया कि 27 अप्रैल को दोपहर 1.30 बजे ग्राम बघोली स्थित भक्त शिरोमणि माता कर्मा देवी एवं देवकीनंदन भगवान श्री कृष्ण मंदिर दर्शन के लिए रविकिरण साहू तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष, केबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन का आगमन हो रहा है। श्री साहू ने बताया कि इस अवसर पर तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष, केबिनेट मंत्री दर्जा रविकिरण साहू का ग्रामीणजनों के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया जायेगा। साथ ही उनके द्वारा ग्राम स्थित भक्त शिरोमणि माता कर्मा देवी एवं देवकीनंदन भगवान श्री कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील खेमलाल साहू ने की है।

# सफल रहा वारासिवनी बंद

## लोगों ने प्रतिष्ठान बंद कर सड़कों पर आतंकवादियों को खिलाफ दिखाया आक्रोश









वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। सर्व समाज एवं व्यापारी परिवार के संयुक्त आव्हान पर २६ अप्रैल को वारासिवनी नगर पूर्णतः पूरे दिवस बंद रहा। यह बंद पूरी तरह सफल नजर आया जिसमें लोगों के द्वारा अपने प्रतिष्ठान दुकान व्यापार को पूरे दिन के लिए बंद रखा गया। नगर के चारों तरफ सन्नाटा फैला रहा यह बंद पहलगाम हत्याकांड एवं आतंकी वारदात को लेकर किया गया था। जिसमें समस्त धर्म समाज वर्ग के द्वारा भरपूर सहयोग दिया वहीं अति आवश्यक सेवा को छोड़कर पूरा शहर बंद रहा। सड़कों पर कुछ वाहन से आवागमन करते लोग नजर आयें।

### आतंकी घटना का किया विरोध

देश के जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम स्थित पर्यटन घाटी में २२ अप्रैल की दोपहर २.४५ बजे आतंकवादियों के द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी कर अपनी छुट्टी मनाने जम्मू कश्मीर गए सैलानियों को धर्म पूछ कर हिंदू होने पर पुरुषों को महिलाओं और बच्चों के सामने मार दिया गया। इसके विरोध में २६ अप्रैल को बालाघाट जिले के साथ वारासिवनी भी बंद का आह्वान किया गया था जहां सुबह से लोगों के द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद रखे गए। केवल अति आवश्यक वस्तु में दूध और ब्रेड की दुकान मेडिकल बस सेवा प्रारंभ रही जिसमें डेरी भी ११ के बाद बंद हो गई। इस दौरान सुबह नगर वासियों के द्वारा बाइक रैली के माध्यम से नगर का भ्रमण कर लोगों से प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की गई। हालांकि किसी के द्वारा दुकान खोली नहीं गई वहीं लाउडस्पीकर के माध्यम से पूरे दिन बंद का ऐलान किया जाता रहा।

### आक्रोश रैली का हुआ आयोजन

पहलगाम घटना से लोगों में व्याप्त आक्रोश को दिखाने के लिए शाम ५ बजे आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री राम मंदिर में नगरवासी एकत्रित हुए जहां से आक्रोश रैली निकाली गई। जो नगर के नगर पालिका ,गोलीबारी चौक ,आंबेडकर चौक ,नेहरू चौक ,जय स्तंभ चौक ,सब्जी बाजार सहित अन्य चौक चौराहा एवं गलियों का भ्रमण करते हुए जय स्तंभ चौक पहुंची। इस दौरान लाउडस्पीकर के माध्यम से पाकिस्तान मुर्दाबाद ,आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारेबाजी की जाती रही जहाँ बड़ी संख्या में लोग नारेबाजी करते रहे।

### श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

जय स्तंभ चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह सभा सर्व समाज सर्व दल की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें उपस्थित समाज के अध्यक्ष समाज के प्रतिनिधि जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों के द्वारा घटना पर प्रकाश डालते हुए सरकार की चूक सरकार के निर्णय और आगामी समय में होने वाले कठोर निर्णय की संभावना व्यक्त करते हुए घटना की निंदा की गई। वहीं घटना की पुर्नवृत्ति ना हो इसको लेकर शासन प्रशासन से कठोर कदम उठाने की मांग करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

### महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

आम सभा स्थल पर महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंप कर जम्मू कश्मीर पहलगाम आंतकी हमले में मारे गये निर्दोष नागरिक के हत्यारो को फ ांसी की सजा देने मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेखित हैं की जम्मू कश्मीर के पहलगाम में घटित हुए निर्दोष लोगों की निर्मम आतंकी हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। जिसके चलते संपूर्ण देश में विरोध प्रदर्शन कर नगर बंद एवं केंडल मार्च के द्वारा इस जघन्य हत्याकाण्ड पर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। इस आंतकी घटना की सर्व समाज वारासिवनी के द्वारा निंदा करने के साथ दोषी आंतकवादियों को फांसी की सजा जैसे अनेको विषयों के मद्देनजर २६ अप्रैल २०२५ को सर्वसमाज के द्वारा वारासिवनी बंद का आव्हान किया गया। जो पूर्णतः सफल हुआ। हम सभी यह भी चाहते है की देश की सीमाओं के एक दम निकट सुरक्षा व्यवस्था को और चाक चौबंद किया जायें। जिससे दुश्मन से आने आतंकियों एवं घुसपैठियों पर अंकुश लगाया जा सके जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। आंतक को पनाह देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ केन्द्र सरकार कडे कदम उठायें। पहलगाम में आंतकियों के द्वारा धर्म पूछ कर की गई हत्या से यह साबित होता है आतंकवादी भारत देश की एकता अखण्डता और धार्मिक सौहार्द्र को बिगाडना चाहते है। ऐसी दूषित मानसिकता से विभत्स नरसंहार करने वाले आंतकी हमले के दोषियों और इन दोषियों की मदद करने वालो को कड़ी से कड़ी सजा मिले। साथ ही पहलगाम में मारे गये निर्दोष नागरिको को शहीद का दर्जा देकर उनके परिवारो को उचित मुआवजा प्रदान किया जायें। इस घटना को लेकर केन्द्र सरकार के द्वारा लिये जा रहे सभी निर्णय में अपनी सहमती व्यक्त करते है।

### नगर वासियों ने पाकिस्तान के पुतला किया दहन

जय स्तंभ चौक पर श्रद्धांजलि सभा के उपरांत उपस्थित लोगों के द्वारा पाकिस्तान के पुतले का दहन किया गया। जिसमें सांकेतिक बनाए गए पाकिस्तान के पुतले को चौक पर लाया गया । जहां पाकिस्तान मुर्दाबाद ,आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारे लगाकर पुतले को लात जूते से रौंदकर उसमें आग लगा दी गई। जमकर नारेबाजी कर आक्रोश व्यक्त किया जाता रहा।

### सभी वर्गो ने यज्ञ के माध्यम से दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि सभा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें यज्ञ के माध्यम से आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की गई। वहीं २ मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि देने के बाद आरती कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। यह कार्यक्रम पंडित की उपस्थिति में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ किया गया।

### आतंक वादियों को पनाह कौन दे रहा है हमारा खाकर हमें ही गोली मारते हैं- ओमकार सिंह बिसेन

पूर्व विधायक ओमकार सिंह बिसेन ने कहा कि निर्दोष जनता को आतंकवादियों ने गोली से धरती को लहू लुहान कर दिया जो हृदय विदारक घटना है। इन्हें पनाह कौन दे रहा है हमारे यहां रहकर हमारा खाकर हमें गोली मारते हैं। देश का नेतृत्व मजबूत है सर्व दल की बैठक में निर्णय ले लिया गया है। जहां भी इन आतंकवादियों के ठिकाने हैं उसे ध्वस्त करना चाहिए यही विश्वास जनता को है । यदि पाकिस्तान में घुसना पड़े तो वहां जाकर सबक सिखाएं। मुस्लिम लोग अपना भाईचारा बनाए रखें सहयोग करते रहे और जहां से आतंकवाद की गूंज निकलती है। हम तो नहीं जा सकते पर मदरसा में आप जाकर देख सकते हैं कि वहां क्या तालीम दी जा रही है अंकुर जहां उत्पादन हो उसे देखना चाहिए।

### आतंकवाद पनप रहा है इन्हे ठोक पिट कर खत्म करना चाहियें-योगेन्द्र निर्मल

पूर्व विधायक डॉ योगेंद्र निर्मल ने कहा कि सारा पक्ष विपक्ष सरकार के पीछे खड़ा है हमने भी बंद कर रैली निकाल कर बता दिया है कि हम सरकार के साथ है। अब सरकार के अनुमान दे जो बैठे हुए हैं और इतनी बड़ी सांसद है वहां से श्वेत पत्र जारी कर आतंकवाद के खिलाफलड़ाई लड़ी जाए। जहां से यह आतंकवाद पनप रहा है भारत में जहां से आ रहा है उन सभी को खत्म करें। हमारे पास सारे तीर कमान अस्त्र शस्त्र है परमाणु है ठोक पीट कर इन्हें खत्म करना चाहिए। हम मृतको को श्रद्धांजलि देते हैं यह दुख का विषय है परंतु आतंकवाद से निपटने में सरकार को मजबूत होकर आगे आना होगा।

### देश की शांति भंग करने वाले को पाकिस्तान में घुसकर मारना चाहियें- विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि पूरा देश एकजुट है सभी धर्म पार्टी भारत सरकार भारतीय सेना के साथ है। घाटी में हिन्दू हो पूछ कर मारने की हिम्मत कैसे हुई इस हिंदुस्तान में और कैसे यह आतंकवादी लोग हमारे देश में आए। यह सोचने वाली बात है हमारी आर्मी क्या कर रही है इंटेलिजेंस क्या कर रहा है आईबी का यह फेलोवर है। कश्मीर में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम था उसे रद्द क्यों किया गया और जब रद्द हुआ तो कारण क्या था सरकार को मजबूती के साथ आगे बढ़ना चाहिए हम सभी उनके साथ है। देश की शांति भंग करने वाले लोगों को पाकिस्तान में भी घुसकर मारना पड़े तो चलेगा हम सब साथ है।

### हमारा देश जयचंदों से परेशान है जो क्षणिक लाभ के लिए ऐसा कर रहे हैं- प्रदीप जायसवाल

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि कुछ जयचंदों के कारण आतंकवादी घटना बढ़ती है। आज देश आगे बढ़ रहा है तीनों सेना हमारी मजबूत है हमारी शक्ति बढ़ रही है । ऐसे में सरकार ने माना कि यह घटना के पीछे हमारी चुक थी जिसका लाभ आतंकवादियों ने उठाया। यहां बैठकर बातचीत करना आसान है पर कल्पना रोंगटे खड़े कर देती है की पत्नी और बच्चों के सामने आदमी को मारा जा रहा है । धर्म पूछ कर यह दुर्भाग्य है। सरकार लगातार निर्णय ले रही है आने वाले समय में बड़ी कार्यवाही करेगी यह आशा सभी को है। सभी दल समाज का समर्थन सरकार को है हमारा देश जयचंदों से परेशान है जो क्षणिक लाभ के लिए ऐसा कर रहे हैं। सरकार को आतंकवादियों के साथ इनका साथ देने सहयोग करने वालों पर भी सख्त कार्यवाही करना चाहिए।

# जिला कलेक्टर ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

## व्यवस्थाओं में सुधार करने लगाई फटकार

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासकीय सिविल अस्पताल का जिला कलेक्टर मृणाल मीणा ने शनिवार को औचक निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होने सिविल ही ओटी , जनरल वार्ड का निरिक्षण किया भी किया और व्यवसथा के बारे में निर्देश देकर आगामी माह में अस्पताल के नक्शे का सर्वे होना है इस सबंधित भी चर्चा हूई है।





वहीं आयुष्मान कार्ड में कितने क्लेम फार्म प्रोसेस किए गए और दस्तावेजों का रख रखाव ठीक है या नही सबंधित जानकारी प्राप्त की गई है। अस्पताल में पुराने निर्माण को गिराकर कर नया निर्माण होना है उसकी प्रगति और आने वाले समय में क्या कार्यवाही होना है इसकी जानकारी लेने निर्देश दिया हैं। श्री मीणा ने बताया की आयुष्मान के क्लेम फाईल में सुधार नही हो पाने की बात कहते हुए इसमें शीघ्र सुधार लाए जाने की बात कही। अस्पताल के पुराने भवन को गिराने की आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ है उन्होंने सीएमएचओ को शीघ्र सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के आदेश दिए हैं। जिनके पूर्ण होते ही पुराने भवन को गिराकर नया १०० बिस्तर के अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएँगा। जिसके लिए सीएमएचओं को परमिशन हेतू कार्यवाही करने सबंधित निर्देश दिया गया है । स्टाफ के व्यवहार की भी बात आई है जिसमें बैठक कर चर्चा की जाएगी और फिर भी व्यवहार ठीक ना होने पर कार्यवाही करेंगे । श्री मीणा ने बताया कि ग्रामीणांचलों में दवाईयों को लेकर भी समस्या आई जिस पर जॉच कर उपलब्ध करवाने की बात कही गई है। वहीं अधिकतर केसेस रिफर होने की वजह सें जिला अस्पताल में भी ज्यादा भार आता है । ऐसे में कोई व्यवस्था की जाएगी ताकि सुविधाओं को दुरूस्त किया जाएगा। वारासिवनी अस्पताल में ब्लड बैंक स्थापित करने में पॉवर बैंकअप की समस्या हैं जिसके लिए चिकित्सालय में शीघ्र ही बड़ा जनरेटर लगाने की कार्यवाही प्रारंभ की जाएंगी जिसके बाद जल्द ब्लड बैंक स्वीकृत कराया जाएगा। उनके द्वारा सफाई व्यवस्था देखी गई है जिस पर काफी सुधार आया है चिकित्सालय परिसर की साफ सफाई और व्यवस्थाओं में लापरवाही कतई भी बर्दाश्त नही की जाएँगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं राजस्व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

अस्पताल के विभिन्न स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया। जहां व्याप्त कमियों में सुधार करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं पूर्व में दिए गए निर्देश के पालन की समीक्षा की गई। इस दौरान दवाई कक्ष का निरिक्षण कर दवाईयों की स्थिति जानी ।तत्पश्चात् उन्होने सफाई व्यवस्था को जाना वहीं स्टाफ के कार्य से सबंधित चर्चा की जिसमें उन्होने आयुष्मान कार्ड हेतू विभाग के अधिकारी से क्लेम प्रक्रिया व रजिस्ट्रर मेंटनेंस सबंधित जानकारी ली। जब स्टाफ नें संतुष्ट जनक जवाब उन्हे नही दे पाए तो कलेक्टर मीणा नाराज नजर आए और दूसरी बार हिदायत देने की बात कही और फिर जिला चिकित्सालय से एक जॉच टीम का गठन कर आयुष्मान योजना से सबंधित सभी चीजों की जॉच करवाने जैसे क्लेम प्रोसेस व रजिस्ट्रर से चेक करवाने की बात कही। पद्मेश से चर्चा में कलेक्टर मृणाल मीणा ने बताया कि यह औचक निरीक्षण था और यह तीसरी बार निरीक्षण हो रहा है जिसमें पिछली बार जो निर्देश दिए गए थे ।उसमें बीएमओ से जानकारी ली और क्या क्या कार्यवाही अभी तक हो पाई है। साथ

# संत शिरोमणि नंदा सेन महाराज का जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया

## विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम किये गये आयोजित





वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर के श्री राम मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी २६ अप्रैल को प्रगतिशील सेन नाई समाज कल्याण संगठन वारासिवनी के तत्वावधान में श्री संत शिरोमणि नंदा सेन महाराज का ७२५ वां जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम समाज के पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा सर्वप्रथम श्री संत शिरोमणि नंदा सेन महाराज के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर माल्यार्पण कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात यह ७२५ वां जन्मोत्सव महोत्सव के रूप में मनाया गया। जिसमें आयोजन समिति के द्वारा महिला बुजुर्ग विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित जनों के द्वारा श्री संत शिरोमणि नंदा सेन जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक बताया गया। वहीं समाज उत्थान एवं समाज में बच्चों को शिक्षित कर उच्च शिक्षा की ओर भेजने के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर समाज के लोगों को प्रेरित किया गया। ताकि समाज का प्रत्येक बच्चा शिक्षित हो सके और वह स्वयं के उत्थान के साथ समाज का भी उत्थान करें। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ अनिल श्रीवास ,पी एल शेण्डे ,दीनदयाल फुलबाधे ,संतोष बारसागडे ,गणेश श्रीवास ,संजय लांजेवार ,योगेश दानी ,प्रकाश लांजेवार ,दीपक कावरे ,भरत पेठेकर ,राकेश जुझार ,जे पी श्रीवास, मनोहर उरकुडे ,धानु लांजेवार, उदेलाल बारसागड़े ,कमलकिशोर फुलबांधे ,कोमल ठेंगाये सहित समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के अवसर पर सेन समाज के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के वरिष्ठ नागरिको का सम्मान किया गया वहीं समाज की महिलाओं को प्रोत्साहित करने आगे आकर नेतृत्व करने के लिए श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके बाद समाज में कक्षा पांचवी और आठवीं में ७० प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं समाज के लोगों से शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपील की गई।

### पहलगाम हत्याकांड के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

सेन महाराज जयंती कार्यक्रम के अवसर पर जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले स्थित पहलगाम के पर्यटन क्षेत्र में हुई आतंकवादी घटना में अंधाधुंध गोली बारी में मारे गए सैलानियों को श्रद्धांजलि दी गई ।वहीं २ मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से उन्हें अपने चरणों में स्थान देने उनके परिवार को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की कामना की गई एवं पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्वक मनाया गया।

### समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने दिया गया संदेश-अनिल श्रीवास

समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रगतिशील सेन नाई समाज कल्याण संगठन वारासिवनी के द्वारा अपने आराध्य सदगुरू श्री संत शिरोमणि नंदा सेन महाराज का जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह उनका ७२५ वां जन्मोत्सव है जिसे महोत्सव के रूप में समाज के द्वारा मनाया गया। इस दौरान उपस्थित जनों के द्वारा नंदा सेन महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। जिसमें समाज के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। ताकि वह जागरूक होकर अपने समाज को आगे बढ़ा सके ।इस दौरान समाज के हर वर्ग का सामाजिक व्यक्ति कार्यक्रम में मौजूद रहा।

# खैरलांजी में बंद को मिला सभी वर्गों का व्यापक समर्थन

## मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र भी रहे बंद

खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी में फुटकर व्यापारी संघ और सभी वर्गों के द्वारा शनिवार २६ अप्रैल को अपनी दुकानें बंद रखकर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों द्वारा की गई कायराना हरकत के विरोध में बंद रखा गया। इस अवसर पर भोरगढ़, मोवाड़ सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से भी शांति पूर्ण बंद की खबरें प्राप्त हुई हैं। सभी ने मारे गए लोगों के शोक संतृप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी की मांग है कि भारत सरकार ऐसे लोगों और देश के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करें। जिससे कि भविष्य में कोई भी देश ऐसे लोगों को पनाह देने के पहले सोचें। इस अवसर पर सभी व्यापारियों के द्वारा सुबह से शाम तक अपनी दुकानें बंद रखकर अपना समर्थन दिया। इस दौरान आवश्यक सेवाओं में बस,अस्पताल, मेडिकल दुकार, पेट्रोल पंप सभी चालू रहे बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। इस दौरान सभी के द्वारा एक ज्ञापन तहसीलदार को राज्यपाल के नाम सौंपा गया। जिसमें केन्द्र सरकार से मांग की गई है कि आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दिया जायें।



# जीवन का अधिकार, व्यवस्था का मजाक

टीकमगढ़ के सरकारी अस्पताल की वह तस्वीर सिर्फ एक फोटो नहीं है, बल्कि हमारे तंत्र की निर्वस्त्र होती वास्तविकता है। एक मासूम बच्चा अपने पिता की सलाइन की बोतल थामे खड़ा है — न उसका मन समझ पा रहा है कि यह बोझ क्यों थमा दिया गया, न ही उसकी मासूम आंखों में इस व्यवस्था के लिए कोई सवाल है। वह सिर्फ निभा रहा है वह जिम्मेदारी, जो दरअसल, इस देश के स्वास्थ्य तंत्र को निभानी थी। यह दृश्य एक गहरी चुप्पी में लिपटा हुआ करुण क्रंदन है, जो हर संवेदनशील मन को झकझोर देता है। सरकारी अस्पतालों की बदहाली पर बातें नई नहीं हैं। पर समस्या यह है कि इन बातों का कोई अंत भी नहीं है। यह दृश्य टीकमगढ़ का है, पर क्या यह कहानी केवल वहां की है? झारखंड से लेकर राजस्थान, बिहार से लेकर मध्यप्रदेश तक, ऐसी अनगिनत कहानियां हर दिन जन्म ले रही हैं। कहीं स्ट्रेचर न मिलने पर लोग मरीज को लकड़ी की पटरी पर लाद कर लाते हैं, तो कहीं एंबुलेंस समय पर नहीं आती और मरीज की मौत दरवाजे पर ही हो जाती है। इन घटनाओं को देखने के बाद भी अगर हम व्यवस्था से सवाल नहीं पूछेंगे, तो किससे पूछेंगे? हमारे देश में स्वास्थ्य सेवा संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार का हिस्सा मानी गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अनेक बार स्पष्ट किया है कि स्वस्थ जीवन जीना नागरिक का मूलभूत अधिकार है। लेकिन जब सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, उपकरणों का अभाव, दवाइयों की अनुपलब्धता और लापरवाह प्रबंधन के दृश्य रोजाना सामने आते हैं, तो यह पूछना जरूरी हो जाता है कि क्या यह संवैधानिक अधिकार केवल कागजों तक सीमित रह गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट पर नजर डालें तो भारत अपनी जीडीपी का केवल 2 प्रतिशत स्वास्थ्य पर खर्च करता है, जबकि विकसित देशों में यह आंकड़ा 8 से 12 प्रतिशत तक है। भारत में प्रति 10,000 नागरिकों पर औसतन मात्र नौ डॉक्टर हैं, वहीं विकसित देशों में यह संख्या तीन से चार गुना अधिक है। हमारे अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या, विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता, आपातकालीन सेवाओं की तत्परता  सभी कुछ दयनीय स्थिति में है। टीकमगढ़ की घटना इसी ढांचे की गवाही देती है। यह दृश्य दरअसल, हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य तंत्र का लाइव एक्स-रे है। व्यवस्था के दावों की हकीकत कुछ और ही है। कागजों पर तो योजनाओं की भरमार है। फिर चाहे वो आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मिशन इंद्रधनुष, और न जाने कितनी घोषणाएं। पर जमीन पर सच्चाई यह है कि सरकारी अस्पतालों में या तो डॉक्टर नहीं मिलते या समय पर इलाज नहीं होता। मरीज को जीवन रक्षक दवाइयों के लिए भी बाजार की दौड़ लगानी पड़ती है, जबकि ये दवाइयां अस्पताल में मुफ्त मिलनी चाहिए थीं। यह विडंबना ही है कि जिस देश ने कोविड महामारी के दौरान दुनिया को वैक्सीन देकर गौरव पाया, उसी देश में अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी से लोग दम तोड़ते देखे गए। जिन गांवों में आज भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचे, वहां स्वास्थ्य सेवाओं का सपना किसी बेमौसम बरसात जैसा है। देश की स्वास्थ्य प्रणाली की तुलना अगर हम स्कैंडिनेवियन देशों जैसे नॉर्वे, स्वीडन या डेनमार्क से करें, तो अंतर चौंकाने वाला है। वहां स्वास्थ्य सेवा सार्वभौमिक, मुफ्त और सुलभ है। सरकारी अस्पतालों में इलाज इतना उत्कृष्ट है कि निजी अस्पतालों की जरूरत ही नहीं पड़ती। वहीं भारत में अमीर और गरीब के इलाज में जमीन-आसमान का फर्क है। गरीबों के लिए सरकारी अस्पताल ही एकमात्र सहारा हैं, और जब वहां भी उन्हें इस तरह अपमानित होना पड़े, तो सवाल उठता है कि क्या हमारा गरीब होना ही सबसे बड़ा अपराध है। टीकमगढ़ की यह तस्वीर दरअसल एक प्रतीक है उस व्यवस्था का, जिसने अपने कंधों से जिम्मेदारी का बोझ उतार कर बच्चों के मासूम हाथों में थमा दिया है।

# पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने को कार्यवाही जारी है

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुआ चरमपंथी हमला सन 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुआ सबसे घातक हमला माना जा रहा है, जिसमें 28 भारतीय पर्यटक मारे गए है।मारे जाने वाले लोगों में कोई सैनिक या अधिकारी नहीं थे, बल्कि भारत की सबसे ख़ूबसूरत घाटी में घूमने आए वे पर्यटक थे,जो यहां अपनी खुशी ढूंढने आए थे,लेकिन बदले में उन्हें मौत मिल गई।पूरे कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान दोनों दावा करते हैं, जम्मू कश्मीर के अलग-अलग हिस्से पर दोनों का शासन भी है,लेकिन तनाव फिर भी कभी खत्म नही हुआ और धरती का स्वर्ग कहा जाने वाला कश्मीर हिंसा की धरती बनकर रह गया है।इस आतंकी हमले के बाद भारत ने कई जवाबी क़दम उठाए हैं, जिनमें मुख्य रूप से बॉर्डर क्रासिंग अटारी को बंद करना, पाकिस्तान के साथ महत्वपूर्ण सिंधु जल संधि को निलंबित करना और पाकिस्तानी राजनयिकों को देश से निकालना शामिल है।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उक्त हमले पर  कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है और वादा किया है कि सिर्फ़ हमलावरों पर ही नहीं, बल्कि भारतीय धरती पर इस नापाक हरकत के पीछे के साजिश रचताओ पर भी कार्रवाई होगी।जिससे देश को उम्मीद बंधी है कि हमें जल्दी ही कड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है, जो भारतीय जनता को राहत और पाकिस्तान के लोगों के लिए क ?ा संदेश होगी।

सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास हुए घातक हमले में 19 भारतीय सैनिकों की मौत हुई थी,

इसके बाद भारत ने नियंत्रण रेखा के पार सर्जिकल स्ट्राइक की थी और दावा किया था कि पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में मौजूद चरमपंथियों के ठिकाने को निशाना बनाया गया।लेकिन शायद दुश्मन का फन उस समय पूरी तरह से नही कुचला गया तभी तो

सन 2019 में ही पुलवामा में हमला हो गया, जिसमें अर्द्धसैनिक बलों के 40 जवानों की मौत हो गई थी। इसके बाद भारत ने बालाकोट में कथित चरमपंथी कैंपों पर हवाई हमले किए थे।जिसे सन 1971 के बाद  पहली बार भारत ने पाकिस्तान के अंदर तक हमला किया था।पाकिस्तान ने जंगी विमानों से इसका जवाब दिया और लड़ाकू विमानों के बीच संघर्ष में एक भारतीय पायलट को बंदी बना लिया था।

इसमें दोनों तरफ़ से शक्ति प्रदर्शन किया गया, लेकिन पूर्ण युद्ध को टाल दिया गया।अब वर्तमान में भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम हमले के बाद तनाव बढ़ गया है। इस बीच भारतीय वायुसेना ने युद्धाभ्यास किया है।पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सेना का एक्शन जारी है।हमले में आतंकी आसिफ शेख का नाम आया था,आतंकी आसिफ शेख का घर ब्लास्ट में उड़ा दिया गया।जम्मू कश्मीर के पहलगाम में फिलहाल सन्नाटा पसरा हुआ है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बॉर्डर पर तनाव बढ़ने के बाद अब सेना प्रमुख



जनरल उपेंद्र द्विवेदी जल्द ही श्रीनगर और उधमपुर के लिए रवाना होंगे। वे कश्मीर घाटी में तैनात वरिष्ठ सेना कमांडरों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।जनरल उपेंद्र द्विवेदी घाटी में चल रही सुरक्षा स्थिति और नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान सेना द्वारा युद्धविराम उल्लंघन की कोशिशों की समीक्षा भी करेंगे।पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा  के पास कुछ जगहों पर गोलीबारी की है। भारतीय सेना ने इसका करारा जवाब भी दिया है। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा में आतंकियों के होने की खबर के चलते अजास के बाजीपोरा के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। सर्च ऑपरेशन के दौरान गोलीबारी की आवाज सुनाई दी है। इस क्षेत्र में 1-2 आतंकवादियों के मौजूद होने की सूचना थी, जिनके अब भारतीय सेना के चंगुल में फंसने की संभावना है।अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा, जैसा कि राष्ट्रपति ट्रम्प और सचिव रुबियो ने स्पष्ट किया है, संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के साथ खड़ा है।अमेरिका आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। हम मारे गए लोगों के लिए और घायलों के ठीक होने की प्रार्थना करते हैं और इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं।भारत ने पाकिस्तान को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल संधि स्थगित करने की जानकारी दी है। इसमें भारत ने कहा, समय के साथ जनसंख्या बदली है।जनसंख्या में बदलाव के साथ संधि में बदलाव जरूरी है।किसी संधि के लिए अच्छे रिश्ते जरूरी हैं। पाकिस्तान सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पुलिस ने 13 आरआर और 3 बटालियन सीआरपीएफ के संयुक्त कर्रवाई करते हुए आतंकियों के तीन सहयोगियों को पकड़ा है। वे भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सुरक्षाबलों ने उन्हें हथियार व बारूद के साथ पकड़ लिया है।वही देश मे हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने सरकार से पूछा कि मदद प्रदान करने में इतना समय क्यों लगा? इस पर सरकार ने कहा कि 45 मिनट पैदल चलना पड़ता है, वहां पहुंचने में समय लगता है, कोई भी व्यवस्था नहीं थी।सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, सब कुछ सही है, फिर हम यहां क्यों बैठे हैं? जाहिर है कुछ गलत हुआ है. हम विपक्ष को सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताना चाहते हैं और आश्वासन देना चाहते हैं।विपक्षी दलों ने सुरक्षा चूक लेकर सवाल किया. सुरक्षा बल कहां थे? सीआरपीएफ कहां थी? जिस पर सरकार ने जवाब दिया कि स्थानीय अधिकारियों ने क्षेत्रों को खोलने से पहले सूचित नहीं किया, जबकि किया जाना चाहिए था, स्थानीय पुलिस को भी सूचित नहीं किया गया। यह आमतौर पर अमरनाथ यात्रा के दौरान जून में खुलता है, लेकिन स्थानीय टूर ऑपरेटरों ने इसे खोल दिया।सर्वदलीय बैठक के बाद राहुल गांधी ने कहा कि कश्मीर में शांति जरूरी है। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार के साथ खड़े होने की बात कही है।पाकिस्तान ने अपने फाइटर जेट को बलूचिस्तान से भारतीय सीमा पर तैनात किया तो भारतीय वायुसेना ने अपनी ताकत दिखाई. वायुसेना की सेंट्रल कमान (प्रयागराज हेडक्वार्टर) ने आक्रमण युद्धाभ्यास किया। युद्धाभ्यास में मिराज और सुखोई के अलावा राफेल फाइटर जेट ने हिस्सा लिया है।जो दुश्मन देश को कड़ा जवाब देने की कार्यवाही मानी जा रही है।

– डॉ श्रीगोपाल नारसन

# पहलगाम के मसले को चुनाव तक जिंदा रखना नहीं होगा आसान

पहलगाम कोई गुमनाम गांव नहीं है। ये जम्मू-कश्मीर का सबसे चौकस और सुरक्षा कर्मी-भरा अनौपचारिक माना जाता है। औरंगाबाद यात्रा हो या सैलानियों का जामवड़ा, यहां हर गली, हर मोड़ पर सुरक्षा बल होते हैं। ताकतवर, पुलिस और सेना फिर कैसे हुआ ये हमला? जिसने सुरक्षा की सारी नजरें चकमा देकर शूटिंग कर दी? या फिर सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ दिखावे की थी? ये सारे सवाल हैं। जिसका जवाब आम जनमानस जानना चाहती है। ढाई दशक के बाद यह  सबसे बड़ा आतंकी हमला है।

पहलगांव हमले के जख्में के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का  बिहार दौरा रहा। जब पूरे देश से आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसका लाभ लेने की कवायद प्रारम्भ कर दी। बिहार के मधुबनी के झंझारपुर की लोहना पंचायत में 'पंचायती राज दिवस' पर आयोजित आम सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आतंकियों को यह कहकर 'मिट्टी में मिलाने' की धमकी दी कि 'उन्होंने सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं वरन भारत पर हमला किया है।' प्रधानमंत्री ने कहा -22 अप्रैल को, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में, आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, कोटि-कोटि देशवासी दुखी है। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है।

इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवन-साथी खोया है। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ा बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है, हमारा आक्रोश एक जैसा है। ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं, जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को, और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिल करके रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा-शक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। इस राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसलिये मोदी की इस सभा को चुनावी प्रचार का आगाज भी माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सभा से बिहार की 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस  पर पर उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मान्यता प्रदान करते हुए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए। वहीं

प्रधानमंत्री ने बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़ रुपये की लागत से रेल अनलोडिंग सुविधा वाले एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखी। इससे आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने और थोक एलपीजी परिवहन की दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी।क्षेत्र में बिजली के आधारभूत संरचना को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री ने 1,170 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत बिहार में बिजली क्षेत्र में 5,030 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।देश भर में रेल संपर्क बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री ने सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में 2-लेन वाले दो रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन किया। उन्होंने खगड़िया-अलौली रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया। इन परियोजनाओं से संपर्क में सुधार होगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।प्रधानमंत्री ने दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत बिहार के 2 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के अंतर्गत लगभग 930 करोड़ रुपये का लाभ वितरित किया।

प्रधानमंत्री ने पीएमएवाई-ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपे और देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्तें जारी कीं। उन्होंने बिहार में 1 लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों में गृह प्रवेश के अवसर पर कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपीं।

बेशक यह सभा विकास कार्यों के शिलान्यास-उद्घाटन के लिये आयोजित की गयी थी परन्तु पहलगाम हादसे के बाद भी इसे रद्द न करने से बात साफ़ हो गयी थी कि इसका लाभ लेने की कोशिश होगी। सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर लौटे प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाईअड्डे पर ही बैठक की और पाकिस्तान के खिलाफ कई फ़ैसले लिये लेकिन इसे लेकर न तो कोई अधिकृत बयान दिया, न कोई जनता को संदेश। सत्ता समर्थक मीडिया तथा सोशल मीडिया में बुधवार से ही यह बात घूमने लगी थी कि 'प्रधानमंत्री पाकिस्तान को कड़ा संदेश बिहार की धरती से देंगे।' यह सचमुच आश्चर्यजनक था कि अंतरराष्ट्रीय महत्व की इस बड़ी घटना के बारे में कुछ कहने के लिये उन्होंने देश की राजधानी दिल्ली को नहीं चुना, न ही संसद में या सर्वदलीय बैठक में चेतावनी देना पसंद किया। जबकि रेडियो- टीवी पर वे देशवासियों को सम्बोधित कर सकते थे। साफ़ है कि वे इसका लाभ लेने की पहले से ठान चुके थे। इन अनुमानों को मोदीजी ने गलत साबित नहीं होने दिया। सभा में उन्होंने आतंकियों के हाथों मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिये सभी से दो मिनट का मौन धारण कराया तथा उनके परिजनों को यह कहकर सांत्वना दी कि 'देश उनके साथ है।' फिर इस घटना का जिक्र करते हुए आतंकियों को चेतावनी दी कि 'उनकी बची-खुची ज़मीन भी ख़त्म कर दी जायेगी।' उन्होंने ऐलान किया कि 'अब उन्हें मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। जिन आतंकियों ने देश की आत्मा को चोट पहुंचाई है उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।'

देश भर से इस घटना को लेकर समर्थन मांगने की कोशिश में मोदीजी ने इस बात को रेखांकित किया कि 'हमले में किसी ने बेटा खोया, तो किसी ने भाई। किसी ने अपना जीवन साथी खोया है। उनमें कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था तो कोई यहां बिहार का लाल था।' भावुकता की रौ में बहे मोदीजी दुख और गुस्सा दोनों का इजहार करते नजर आये। उन्होंने कहा कि 'पहलगाम में आतंकियों ने मासूम लोगों को जिस बेरहमी से मारा है उससे करोड़ों देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने कहा-'मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को कहना चाहता हूं कि भारत सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सजा देगी। इस तरह के हमले से आतंकी देश के मनोबल को नहीं तोड़ सकेंगे। आतंकी हमले के बाद अब न्याय दिलाने के लिए भारत सब कुछ करेगा। जो लोग मानवता में विश्वास करते हैं वे हमारे साथ हैं। मोदीजी ने आतंकी घटना के लिये सीधे-सीधे पाकिस्तान का नाम तो नहीं लिया लेकिन यह जरूर कहा कि '140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति 'आतंक के आकाओं' की कमर तोड़ देगी।' फिर भी, उनकी रैली में 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए गए जो इस बात का इशारा है कि हमलावरों का मददगार कौन है; या कम से कम किसे समझा जा रहा है। यह समझ से परे हैं कि आखिर पाकिस्तान का नाम लेने में दिक्कत क्या है जबकि वे सिंधु जल बंटवारा संधि तोड़ चुके हैं, पाक उच्चायुक्त के कुछ लोगों को वापस जाने के लिये कह चुके हैं, पाकिस्तान से अपने कुछ अधिकारियों को बुला रहे हैं तथा देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में लौट जाने का हुक्म दे चुके हैं। मधुबनी की सभा से यह संकेत निकला है कि भारतीय जनता पार्टी को बिहार चुनाव के लिये एक मुद्दा मिल गया है। भाजपा प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, प्रधानमंत्री ने आज बिहार से एक कड़ा संदेश दिया है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी ने सख्त कदम उठाया है। उन्होंने पाकिस्तान की पानी तक पहुंच बंद कर दी है। पाकिस्तान अब प्यासा रहेगा और परेशान रहेगा, जिस तरह से उन्होंने हमारे लोगों के साथ खूनी खेल खेला है। उसी तरह हम पाकिस्तानियों को पानी न देकर उन्हें तड़पाएंगे। सीमा सील कर दी गई है और पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। आज बिहार से जो बात निकली है, वो दूर तक जाएगी। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री ने साफ कहा है कि ऐसी सजा देंगे, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। साथ ही आतंकवादियों को नेस्तनाबूद किया जाएगा और प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बयान से इस बात को साफ कर दिया है।कश्मीर आतंकी हमले को भारतीय मुसलमानों से जोड़ना एक गंभीर सा।जिश
है।

– कुमार कृष्णन

# संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे।

उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं।

कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।

# भारत अमेरिका द्विपक्षीय वार्ता रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर सकारात्मक चर्चा हुई

वैश्विक स्तरपर चल रहे टैरिफ वार के बीच अमेरिका- चीन अमेरिका-ईरान अमेरिका- यूरोपीय स्टेटस इत्यादि में अनेक गुथियां उलझी हुई है, इस बीच अमेरिका के उपराष्ट्रपति और उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा भारत के चार दिवसीय दौरे पर हैं। उपराष्ट्रपति का भारत दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। यह दौरा इसलिए भी खास हो जाता है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ पॉलिसी ने पूरी दुनियाँ में हड़कंप मचा रखा है। टैरिफ पॉलिसी का असर भारत पर भी पड़ रहा है। ऐसे में यहां अमेरिकी उपराष्ट्रपति के दौरे का समय बेहद अहम हो जाता है।इस बीच यहां यह भी बता दें कि, साल 2024 के अंत में भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में चुनौतियां देखने को मिली थीं लेकिन संबंध स्थिर बने रहे थे। जून 2023 और सितंबर 2024 के बीच मोदी और बाइडेन दोनों ने अपने देशों में एक-दूसरे की मेजबानी की। जून 2023 में, बाइडेन ने वाशिंगटन में मोदी की राजकीय यात्रा की मेजबानी की और फिर सितंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति जी20 शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली की यात्रा पर पहुंचे। इसके बाद जून 2024 में दोनों नेताओं की मुलाकात इटली में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। चूँकि भारत अमेरिका द्विपक्षीय वार्ता रणनीतिक सहयोग का मजबूत करने पर सकारात्मक चर्चा हुई है,व 13 वर्षों के बाद किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति का भारत में आगमन हुआ है व पारस्परिक एक रूप से लाभकारी सहयोग के लिए दोनों देश प्रतिबद्ध है, इसलिए आज मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिकी उपराष्ट्रपति का21-24 अप्रैल 2025 को स?ल रणनीतिक बातचीत,भारत अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों व्यापार सुरक्षा प्रौद्योगिकी व क्षेत्रीय वैश्विक मुद्दों पर सफल चर्चा।

साथियों बात अगर हम भारत-अमेरिका बैठक में मुद्दों पर चर्चा की करें तो,अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में पीएम के साथ व्यापार, शुल्क, क्षेत्रीय सुरक्षा और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों सहित कई प्रमुख मुद्दों पर स?ल चर्चा की। पीएम  और अमेरिकी उपराष्ट्रपति की बैठक में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार संधि के अलावा दोनों देशों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के तरीके पर भी चर्चा हुई। भारत और अमेरिका दोनों ही विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, तकनीक और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति के इस दौरे से इन मुद्दों पर दोनों देश तेज गति से आगे बढ़ेंगे और राजनयिक संबंध भी मजबूत होंगे। जिसकी संभावना इस प्रकार है (1) एशिया-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी--चीन की बढ़ती सक्रियता और आक्रामक नीति को देखते हुए अमेरिका 'इंडो-पैसिफिक' क्षेत्र में भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना चाहता है। जे डी वेंस का यह दौरा इस लिहाज से भी बेहद अहम होने वाला है। वेंस के इस दौरे से 'इंडो-पैसिफिक' क्षेत्र में भारत- अमेरिका की संयुक्त भूमिका को बढ़ावा मिलेगा। (2) व्यापार और निवेश को बढ़ावा--भारत तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। अमेरिका की कई कंपनियां भारत में निवेश को लेकर रुचि दिखा रही हैं। जे डी वेंस का यह दौरा दोनों देशोंके बीच व्यापारिक समझौतों और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने में मदद करेगा। इस बीच देखने वाली बात यह भी होगी कि टैरिफ को लेकर अमेरिका का अब भारत के प्रति क्या रुख रहेगा। (3) प्रवासी  भारतीय समुदाय से जुड़ाव-- अमेरिका के उपराष्ट्रपति की पत्नी उषा भारतीय मूल की हैं। वेंस और उषा का यह दौरा भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए गर्व का विषय है। यह दौरा सांस्कृतिक जुड़ाव को भी दर्शाता है। इससे अमेरिका में बसे भारतीयों को लेकर संदेश साफ जाता है साथ ही संबंधों को और गहराई मिलती है। (4) वैश्विक मुद्दों पर बढ़ेगा सहयोग--जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे वैश्विक मुद्दों पर भारत और अमेरिका पहले से ही साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति के इस दौरे से इन क्षेत्रों में भी दोनों देशों के बीच सहमति और मजबूत हो सकती है। बता दें अमेरिका के उपराष्ट्रपति व उनकी पत्नी का भारत पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया है। वेंस और उनका परिवार भारत की अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान दिल्ली के अलावा जयपुर पहुंचे हैं और आगरा भी जाएंगे । देखा जाए तो1अमेरिकी उपराष्ट्रपति का का भारत दौरा सिर्फ औपचारिक राजनयिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह दो बड़ी शक्तियों के बीच साझेदारी को और गहरा करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह दौरा दोनों देशों के बीच भविष्य के संबंधों की नींव बनेगा।

साथियों बात अगर हम दोनों नेताओं के बैठक के बाद एक साथ विचार जाहिर करने की करें तो, भारतीय पीएम और उपराष्ट्रपति ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षाकी और उसे सकारात्मक बताया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने दोनों देशों के लोगों के कल्याण पर केंद्रित पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत- अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ताओं में महत्वपूर्ण प्रगति का स्वागत किया।

-किशन सनमुखदास भावनानी

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** बिकवाली के चलते शनिवार को अनाज मंडी में चना घटाकर बोला गया। मसूर में मजबूती रही। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। किराना जिंसों में नारियल बाजार घटाकर बोला गया। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार बिकवाली के चलते शनिवार को चना 50-100 रू. प्रति क्विंटल की गिरावट के साथ 6000-6050 रू. प्रति क्विंटल पर आ गया। मसूर में बाजार बने रहे। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। सोया व कपास्या तेलों में बाजार नरमी के रहे। तिलहनों में सोयाबीन 4350 रू. प्रति क्विंटल पर बने रहे। उधर, किराना जिंसों में नारियल की आवक 4 गाड़ी की रही, जिससे बाजार मंदी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4120-4210, खोपरा गोला 205-210, खोपरा बूरा 3800-5800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 175-215, सांगली 260-280, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 100-140, बेस्ट 280-300, एस्ट्रा बेस्ट 310-350, सौंफ बारि?क 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 740-750, गरबल 715-720, मटरदाना 770-795, खसखस अनक्लीन 825-875, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 250-265, जायफल 725-790, बेस्ट 750-780, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1625-1900, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3300, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1600-1750, बेस्ट 1850-2000, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 950-1000, काजू (320) 825-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-820, जे.एच. 850-870, टुकड़ी 800-840, बादाम मगज 910-915, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2100-2150, (160) 2400-2450, (200) 2800-2850, (250) 2800-2850

**तेल**- सींगदाना 1310-1330, मुम्बई 1330, राजकोट तेलिया 2060-2080, सोया साल्वेंट 1190-1195, सोया रिफाइंड 1260-1265, कपास्या 1230-1235, धूलिया 1240-1245, कड़ी 1240,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1275, मुम्बई पाम 1275, मुम्बई सोया 1290,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2240, देवास-उज्जैन 2240, खंडवा-बुरहानपुर 2215, अकोला 3050 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 6500-6600, रायडा 5600-5800, सोयाबीन 4350, टोली (महुआ बीज) 4000-4200, करंज 4000-4200, अलसी 7500-7600, अरंडी 4500-4700,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5100-5200, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6150-6200, एवरेज 6100-6150, मूंग देशी 7600-7700, पाला 7700-7800, चमकी 7800-7900, नायलोन 7900-8000, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6500-6700, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

**दाल**- चना दाल एवरेज 8000-8200, बेस्ट 8300-8500, तुअर दाल सवा नं. 8300-8400, तुअर दाल फूल 9500-9700, तुअर दाल बोल्ड 11700-11800, मसूर दाल एवरेज 7400-7550, बेस्ट 7600-7750, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 10400-10500, बोल्ड 10600-10800, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3050, सेला 3400-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4800, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6500, तिबार 9000-10000, बासमती (921) 10500-11500, बासमती सेला 6500-9000, पोहा 4500-5100,

**मावा**- इन्दौर 340, उज्जैन 260, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

# इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** शनिवार को सामान्य चले कारोबार में दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी-मंदी के देखे गये। चॉंदी में बाजार तेजी के रहे। सोना कमजोर हुआ। भाव इस प्रकार रहे -

चॉंदी (9999) 97000, चॉंदी (99) 96900, टंच 96200, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 96200,

# अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बने

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी प्राइवेट कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अनंत अंबानी को कंपनी का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया है। अनंत 1 मई से अगले 5 साल के लिए इस पद पर रहेंगे। वे मुकेश अंबानी के छोटे बेटे हैं। 2023 से वे कंपनी में नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। रिलायंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि रिलायंस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में ह्यूमन रिसोर्स, नोमिनेशन एंड रिम्यूनरेशन कमेटी की सिफारिश पर विचार किया और नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत एम. अंबानी को होल टाइम एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया।

# आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपनी संतान के कामों पर पूरा ध्यान दें, क्योंकि वह किसी गलत काम की ओर अग्रसर हो सकते है। आपके व्यापार में अच्छा उछाल आएगा और आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित होंगे। आपकी कोई रुकी हुई डील फाइनल होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप जल्दबाजी में कोई काम ना करें। आपके कुछ नए प्रयास बेहतर रहेंगे। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। आप कामों में कोई जोखिम न लें, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आपके कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने से आपको उससे घबराना नहीं है।

**मिथुन**- आज के दिन आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। जीवनसाथी से आपके संबंध भी बेहतर रहेंगे। आप अपने आवश्यक कामों को कल पर टालने से बचें, नहीं तो उन्हें पूरा करने में समस्या खड़ी हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य की कोई बात आपको बुरी लगेगी। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें। किसी दूसरे को बिना मांगे सलाह देने से बचें। किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। नौकरीपेशा जातकों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आपको अपने कामों को धैर्य रखकर निपटाने की आवश्यकता है। आप अपने कामों को लेकर बजट बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आप अपनी किसी जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए कुछ धन उधार ले सकते हैं। अविवाहित जातकों के जीवन में उनके साथी की दस्तक हो सकती है।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने कार्यक्षेत्र में काम से कोई अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। आपको बड़ों की बातों को नजरअंदाज करने से बचना होगा। वाहनों का प्रयोग आप सावधान रहकर करें। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की संभावना है। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। आप किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचें।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। भौतिक संसाधनों में वृद्धि होगी। आप किसी बात को लेकर बेवजह क्रोध न करें। भूमि और भवन आदि की खरीदारी करना आपके लिए बेहतर रहेगा। प्रॉपर्टी को लेकर आपका कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। संतान को आप जिम्मेदारी देंगे, तो वह उसे पर खरे उतरेंगे। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, तो उनकी वह इच्छा पूरी हो सकती है।

**तुला**- आज आपको अपने कामों को लेकर आलस्य दिखाने से बचना होगा। सामाजिक विषयों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हो सकती है। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो उसे भी आप उतारने की पूरी कोशिश करेंगे। आप अपने कारोबार में कुछ नई योजनाओं को लेकर अपने पार्टनर से बातचीत कर सकते हैं। आपके खर्च अधिक रहेंगे, जो आपको समस्या दे सकते हैं। आपकी कुछ नए लोगों से आप मेलजोल बढ़ाएंगे।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। जन कल्याण के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। परिजनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा और कार्यक्षेत्र में आप कामों से सभी का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। आप अपने बॉस से कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपको प्रमोशन मिलने से काफी खुशी होगी।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आप अपनी जीवनशैली को सुधारने के लिए खर्च भी अधिक करेंगे। आपकी किसी बात को लेकर कार्यक्षेत्र में कहासुनी होने की संभावना है। आपके विरोधी भी आज आपको परेशान करने से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। दान और धर्म के कार्यों में आपका काफी रुचि रहेगी। आपको अकस्मात किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो आपके लिए लाभदायक रहेंगी। आपको अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी अपने किसी परिजन से किसी बात को लेकर बहसबाजी होने की संभावना है।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको अपने व्यवसाय की योजनाएं से भी बेहतर लाभ मिलेगा। आपको कोई बड़ा लक्ष्य हासिल हो सकता है। आर्थिक मामलों में आप लापरवाही बिल्कुल ना करें और किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी इस महीने आपको वापस मिल सकता है।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में अच्छा रहने वाला है। आप अपने बिखरे व्यापार को संभालने की कोशिश में लगे रहेंगे, लेकिन कार्यक्षेत्र में आपको आपसी सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता है। आपके अधिकारी भी आपके कामों के प्रशंसा करेंगे। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। कामकाज की तलाश कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपनी कला और कौशल से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे।

## शब्दजाल - 7881

*शब्द जाल में 'प्र' से शुरु होनेवाले 10 शब्द ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | क | प्र | ग | ति | शी | ल | ब | ना | क | ति |
| ती | क | ती | प्र | ल | क | व | जी | ग | कृ | ह |
| क्षा | ड़ | प्र | प्र | न | ल | प्र | छ | प्र | आ | दि |
| ख | क | क | का | ज | ज | पु | का | प्र | प | ल |
| प | प्र | क | शि | दो | ग | ति | अ | प्र | तू | ग |
| झ | क | का | त | ल | प | ह | झ | पू | ना | ण |
| घ | को | ती | श | प्र | म | प्र | जा | से | व | क |
| ला | प्र | क | ता | जा | ई | धा | ब | क | फ | लो |
| श | जा | प्र | बा | हि | प्र | ई | क | प्र | री | प्र |
| प | प | द | र | तै | प | क्रि | जी | र्त | ऐ | ता |
| प | ती | क | क | षी | प्र | है | या | रा | बा | प |

प्रतीक्षा, प्रकाश, प्रगतिशील, प्रकाशित, प्रकृति, प्रक्रिया, प्रजापति, प्रजासेवक, प्रताप, प्रजाहितैषी.

### शब्दजाल - 7880 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | स | दौ | ल | त | की | जं | ग | ल | ल्ली | क |
| ग | क | ह | ग | ला | अ | बा | जी | ग | झ | क |
| ल | क | ल | म | ह | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| पां | इ | ल | म | हैं | प | ल | रं | र | ला | ल |
| डे | श्क | ल | प | नु | रा | उ | गी | ण | घ | म |
| ती | दा | ल | श | सं | प | ही | ला | कौ | ला | ल |
| क | बा | या | र | मे | रा | क | प्या | या | श | गा |
| क | द | ल | गु | ला | म | स | रा | र | प | न |
| क | र | ल | प | व | जी | ना | ल | ओ | के | दों |
| क | क | ल | प | द | या | दि | व्य | ब | प | या |
| जी | जिं | ल | प | रा | ख | उ | द्दा | ण | घ | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6825

**बायें से दायें:-**

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहदूँ तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलके हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिता राज की 'आते आते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'ना वादा करते हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'परदे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रूठे रूठे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल विच तेरा ही' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नतून की 'रूक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, सायरा की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी पे दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सोमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'याद सताए तेरी' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूँ' का गायक-२
१३. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्याकी 'दिल चीर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'राधा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'ज्वैल थीफ' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सॉस' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6824

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| य | स | बॉ | स | | ह | मे | शा | | स |
| हू | | ड | | रॉ | की | | | खौ | फ |
| दी | दा | र | | | क | स | क | | र |
| | मि | | की | म | त | | री | ना | |
| सु | नी | ल | | र्या | | हि | ना | | कि |
| जा | | व | ही | दा | | म्म | | जि | स्म |
| ता | ल | | गे | | सौ | त | न | | त |
| | ल | म्हे | | सौ | दा | | ज | या | |
| शा | का | | जी | | ग | | रा | | प्या |
| का | र | तू | स | | र | वी | ना | | सा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8349

**बाएँ से दाएँ**

1. दर्द से निकली कराह-2
2. ओट, चिलमन-3
4. जरा, थोड़ा-2
6. कपड़े की दीवार-3
7. निर्माण-3
8. झगड़ा, अनबन-3
9. गहन-3
10. लाज, लज्जा-3
11. रनिवास-3
13. 500 कागजों की गड्डी-2
14. विश्राम, राहत-3
15. थोड़ा-2
16. एक कीमती लकड़ी-3
17. कैनाल, उपनदी-3
18. बूंद-3
19. मृत्युंजय-3
20. मेघ, बदरा-3
21. सम्राट, राजा-3
23. संपत्ति-2
24. विष, गरल-3
25. औषधि-2

**ऊपर से नीचे**

1. अग्नि, अनल-2
2. आश्रय, शरण-2
3. लीन, मगन-2
4. कूड़ा-कर्कट-3
5. इंकार-2
6. लेखनी, पेन-3
7. करुणा, दया-3
8. कर्म, भाग्य-3
9. उष्ण-3
10. भद्र, कुलीन-3
11. अवैध, नाजायज-3
12. युद्ध, रण-3
14. आश्रय-3
15. जलजला-3
16. ठंडा-3
17. नमस्कार, प्रणाम-3
18. कद्र, मान-3
19. जो कभी वृद्ध नो हो-3
20. चील, ईगल-2
21. पथ, मार्ग-2
22. इस पर रोटी सेंकते हैं-2

### शब्द पहेली -8348 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | ब | | ह | सी | न | | रा | य |
| न | हा | ना | | मा | र | ना | | म |
| | र | च | ना | | क | पा | स | |
| सा | | ना | का | रा | | क | र | ना |
| व | ध | | म | ह | री | | ल | य |
| न | र | म | | त | स | ला | | क |
| | ती | स | रा | | ना | य | क | |
| रा | | का | य | र | | क | हा | नी |
| ह | त्या | | ता | म | स | | र | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**27 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | मेष में |
| चंद्र | मेष में |
| मंगल | कर्क में |
| बुध | मीन में |
| गुरु | वृष में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृष | 06.33 बजे से |
| मिथुन | 08.31 बजे से |
| कर्क | 10.44 बजे से |
| सिंह | 13.00 बजे से |
| कन्या | 15.12 बजे से |
| तुला | 17.23 बजे से |
| वृश्चिक | 19.38 ब.से |
| धनु | 21.54 बजे से |
| मकर | 23.59 बजे से |
| कुंभ | 01.45 बजे से |
| मीन | 03.18 बजे से |
| मेष | 04.49 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 117 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 01.01 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 00.39 बजे रात्र को समाप्त। **योग** प्रीति 00.19 बजे रात्र को समाप्त। **करण** चतुष्पद 14.56 बजे तदनन्तर नाग 01.01 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 51' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872327 **जूलियन दिन** 2460792.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 28 **विशेष** वैशाख अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | | | | | रात का चौघड़िया | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 | से | 07.23 | बजे | तक | शुभ | 05.36 | से | 07.09 | बजे | तक |
| चर | 07.23 | से | 08.51 | बजे | तक | अमृत | 07.09 | से | 08.41 | बजे | तक |
| लाभ | 08.51 | से | 10.18 | बजे | तक | चर | 08.41 | से | 10.14 | बजे | तक |
| अमृत | 10.18 | से | 11.46 | बजे | तक | रोग | 10.14 | से | 11.46 | बजे | तक |
| काल | 11.46 | से | 01.14 | बजे | तक | काल | 11.46 | से | 01.19 | बजे | तक |
| शुभ | 01.14 | से | 02.41 | बजे | तक | लाभ | 01.19 | से | 02.51 | बजे | तक |
| रोग | 02.41 | से | 04.09 | बजे | तक | उद्वेग | 02.51 | से | 04.24 | बजे | तक |
| उद्वेग | 04.09 | से | 05.36 | बजे | तक | शुभ | 04.24 | से | 05.53 | बजे | तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: मेहनत की कमाई

काशी में एक कर्मकांडी पंडित का आश्रम था, जिसके सामने एक जूते गांठने वाला बैठता था। वह जूतों की मरम्मत करते समय कोई न कोई भजन जरूर गाता था। लेकिन पंडित जी का ध्यान कभी उसके भजन की तरफनहीं गया था। एक बार पंडित जी बीमार पड़ गए और उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। उस समय उन्हें वे भजन सुनाई पड़े। उनका मन रोग की तरफ से हट कर भजनों की तरफचला गया। धीरे-धीरे उन्हें महसूस हुआ कि जूते गांठने वाले के भजन सुनते-सुनते उनका दर्द कम हो रहा है। एक दिन एक शिष्य को भेज कर उन्होंने उसे बुलाया और कहा, 'भाई तुम तो बहुत अच्छा गाते हो। मेरा रोग बड़े-बड़े वैद्यों के इलाज से ठीक नहीं हो रहा था लेकिन तुम्हारे भजन सुन कर मैं ठीक होने लगा हूं।' फिर उन्होंने उसे सौ रुपये देते हुए कहा, 'तुम इसी तरह गाते रहना।' रुपये पाकर जूते गांठने वाला बहुत खुश हुआ। लेकिन पैसा पाने के बाद से उसका मन कामकाज से हटने लगा। वह भजन गाना भूल गया। दिन-रात यही सोचने लगा कि रुपये को कहां संभालकर रखे। काम में लापरवाही के कारण उसके ग्राहक भी उस पर गुस्सा करने लगे। धीरे-धीरे उसकी दुकानदारी चौपट होने लगी। उधर भजन बंद होने से पंडित जी का ध्यान फिर रोग की तरफजाने लगा। उनकी हालत फिर बिगड़ने लगी। एक दिन अचानक जूते गांठने वाला पंडित जी के पास पहुंचकर बोला, 'आप अपना पैसा रख लीजिए।' पंडित जी ने पूछा, 'क्यों, क्या किसी ने कुछ कहा तुमसे?' जूते गांठने वाला बोला, 'कहा तो नहीं, लेकिन इस पैसे को अपने पास रखूंगा तो आप की तरह मैं भी बिस्तर पकड़ लूंगा। इसी रुपये ने मेरा जीना हराम कर दिया। मेरा गाना भी छूट गया। काम में मन नहीं लगता, इसलिए कामकाज ठप हो गया। मैं समझ गया कि अपनी मेहनत की कमाई में जो सुख है, वह पराये धन में नहीं है। आपके धन ने तो परमात्मा से भी नाता तुड़वा दिया।'

## सूडोकु नवताल- 7134

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 7133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

# अगले हफ्ते शेयर बाजार में इन कंपनियों पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई। अगले हफ्ते 28 अप्रैल से शुक्रवार 2 मई 2025 के बीच शेयर बाजार में कुछ खास कंपनियों के शेयरों पर निवेशकों की नज़र रहेगी। इन कंपनियों ने अपने शेयरधारकों को डिविडेंड देने की घोषणा की है। जिन कंपनियों के शेयरों की चर्चा हो रही है, उसमें एचसीएल टेक्नालीज, 360 वन वोम, एबीबी इंडिया, टैनला प्लेटफॉर्म्स, वेसुवियस इंडिया, गुजरात इंट्रक्स, केएसबी, मोल्ड-टेक पैकेजिंग और फोर्ब्स प्रिसिशन टूल्स एंड मशीन पार्ट्स शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक, ये सभी शेयर अगले हफ्ते एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने वाले है। एक्स-डिविडेंड डेट वह तारीख होती है, जब शेयर उस डिविडेंड के हक के बिना ट्रेड करने लगता है। यानी अगर किसी निवेशक को डिविडेंड चाहिए, तब एक्स-डिविडेंड डेट से पहले शेयर खरीदने होगा। कंपनियां रिकॉर्ड डेट के आधार पर यह तय करती हैं कि किन शेयरधारकों को डिविडेंड मिलेगा। इसमें से सबसे ज़्यादा डिविडेंड एबीबी इंडिया ने घोषित किया है। कंपनी ने 33.50 प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड देने का ऐलान किया है, जिसकी रिकॉर्ड डेट 3 मई 2025 तय की गई है। दूसरे नंबर पर एचसीएल तकनीक है, जो कि 18 प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। एचसीएल ने रिकॉर्ड डेट 28 अप्रैल 2025 तय की है, यानी इस तारीख से पहले शेयर खरीदने वालों को ही डिविडेंड मिलेगा।




## वेसुवियस इंडिया का डिविडेंड

वहीं वेसुवियस इंडिया ने भी अपने शेयरधारकों को 14.50 प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड देने का ऐलान किया है। इस डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 1 मई 2025 तय की गई है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब

नई दिल्ली। अमेरिकी टैरिफ से दुनिया भर की अर्थव्यस्था परेशान है लेकिन भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर इसका कोई असर नहीं हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 18 अप्रैल, 2025 को खत्म हुए हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया। ये लगातार सातवां हफ्ता है, जब भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान देश में सोने के भंडार में भी इजाफा हुआ है। उधर, पड़ोसी देश पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी की खबर है। इसके पहले 11 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 18 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) 3.52 अरब डॉलर से बढ़कर 578.49 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में बताई जाने वाली एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी फॉरेन करेंसी के मूल्य में बढ़ोतरी या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड रिजर्व 4.57 अरब डॉलर बढ़कर 84.57 अरब डॉलर हो गया। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) में देश का स्पेशल ड्राइंग राइट (एसडीआर) 21.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.57 अरब डॉलर हो गया। जबकि आईएमएफ में देश का आरक्षित विदेशी मुद्रा भंडार 70 लाख डॉलर बढ़कर 4.51 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ??के अनुसार, भारत के वित्तीय बाजार, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक गतिशील और मजबूत ताकत के रूप में विकसित हुए हैं। विदेशी मुद्रा बाजार 2020 में 32 बिलियन डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2024 में 60 बिलियन डॉलर हो गया है।

# नियम उल्लंघन पर आरबीआई की सख्त कार्रवाई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेगुलेटरी अनुपालन में कमियों को गंभीरता से लेते हुए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की है। नियामकीय निर्देशों का उल्लंघन करने के कारण इंडियन बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज पर जुर्माना लगाया गया है, जबकि इंपीरियल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। आरबीआई के अनुसार, इंडियन बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन किया, जिनमें कर्ज पर ब्याज दरों के निर्धारण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना, और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को ऋ्ण देने के मामलों में दिशानिर्देशों का सही अनुपालन न करना शामिल है। इन खामियों के चलते बैंक पर 1.61 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। एक अन्य आदेश में, आरबीआई ने महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज पर कुछ नियामकीय प्रावधानों का पालन न करने के कारण 71.30 लाख रुपए का दंड लगाया है। यह कार्रवाई संस्थाओं में पारदर्शिता और संचालन में जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। इसके साथ ही, जालंधर स्थित इंपीरियल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। आरबीआई ने कहा कि बैंक के पास न पर्याप्त पूंजी थी और न ही भविष्य में कमाई की संभावनाएं, जिससे जमाकर्ताओं का धन जोखिम में था। इसके मद्देनज़र, केंद्रीय बैंक ने पंजाब सरकार के सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार से बैंक को बंद करने और एक परिसमापक नियुक्त करने का अनुरोध किया है। बैंक के परिसमापन की स्थिति में जमाकर्ताओं को डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) के तहत अधिकतम 5 लाख रुपए तक की जमा राशि का भुगतान किया जाएगा।



# पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना के विरोध में चहुंओर रहा लांजी बंद

## आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाएं नारे, कैंडल जलाकर मृतको को दी श्रद्धांजलि





लांजी (पद्मेश न्यूज)। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के द्वारा कायराना हरकत करते हुये 28 टूरिस्टों को उनका धर्म पूछकर गोली मार दी गई। इस नंपुसक कायराना हरकत का चहुंओर विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये जा रहे है। इसके साथ ही व्यापारी वर्ग, हिन्दू संगठनों एवं सकल समाज द्वारा भी रोड़ पर आकर एवं व्यापार बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। देश इस कायराना हरकत को कभी भी नही भूलेगा और ऐसा बदला लेगा कि हमेशा आतंकवादी इस कायराना हरकत को याद रखेंगे। इसी के तहत 26 अप्रैल को विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड लांजी, सकल हिन्दू समाज एवं व्यापारी संगठन लांजी के आव्हान पर संपूर्ण लांजी क्षेत्र सुबह से शाम तक पुरा दिन बंद रहा। इस बंद में आम लोगों की सुविधा के लिए अति आवश्यक सेवाओं को चालू रखा गया। पेट्रोल पंप, हास्पीटल, मेडिकल व बस सेवा सुचारू रूप से चालू रहीं। नगर में सुबह से व्यापारियों, विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड लांजी, बजरंग दल, सकल हिन्दू समाज के लोगों ने रैली निकाल कर पुरे नगर का भ्रमण किया एवं बंद को सफल बनाने की अपील की। इससे पूर्व ही व्यापारियों के द्वारा



स्वेच्छा से पुरे दिन अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर इस बंद को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। व्यापारियों, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, सकल हिन्दू समाज के लोगों ने शाम 7.30 बजे सुभाष चौक पर उपस्थित होकर कैण्डल जलाकर आतंकवादी हमले मृत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद , भारत माता की जय के नारे लगाए।

### इनका कहना है

संतोष मोरघड़े ने कहा कि आतंकवादी घटना हिंदू समाज पर बहुत आघात है अत्याचार है। हिंदू समाज के लोग मार्मिक दिल के होते हैं, जो सहन कर लेता है। लेकिन आतंकवादी घटना हिंदुस्तान के लिए अशोभनीय है। ऐसी घटना दोबारा नहीं होनी चाहिए। मेरी सरकार से अपील है कि जो देश आतंकी घटनाओं को बढ़ावा देता हो उसे जड़ से खत्म कर देना चाहिए।

**संतोष मोरघड़े**

आलोक चौरसिया, मंडल अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म पुछकर हिंदू लोगों की हत्या की गई। इसके विरोध में लांजी बंद का आव्हान किया गया था। इस घटना से पूरा देश और हिंदू समाज आक्रोशित है। इस तरह की कायराना हरकत वर्षों से चली आ रही है। अब समय आ गया है उन लोगों को मुहंतोड़ जवाब देने का। इस तरह का अत्याचार हिंदूस्तान कब तक सहन करेगा। सरकार तो अपने स्तर पर काम कर रही है लेकिन अब समय है हम सबको एक होकर लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

**आलोक चौरसिया**

संदीप रामटेक्कर, नगर परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि पहलगाम में 28 हिंदूओं की जो निर्मम हत्या आतंकवादियों के द्वारा किया गया। उसके विरोध में लांजी बंद का आव्हान किया गया। बंद में सभी का समर्थन मिला। सरकार से निवेदन है कि जो 28 लोगों की हत्या की गई है उसके बदले में हमें 280 आतंकवादियों का सिर चाहिए, और पाकिस्तान को मुहंतोड़ जवाब देना चाहिए।

**संदीप रामटेक्कर**

# शादी में हुई आतिशबाजी से 800 बेट पैरा जली

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम बिरनपुर में शादी में आतिशबाजी के दौरान आगजनी की घटना घटित हो गई, जिसमें रोड़ के किनारे खेत में रखे पैरा के ढेर में आग लग गई, जिससे 800 बेट पैरा जलकर राख हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि 25 व 26 अप्रैल की मध्य रात्रि से ग्राम बिरनपुर में एक शादी समारोह हो चल रहा था एवं रात्रि लगभग 12 बजे शादी लगी। शादी लगने के बाद आतिशबाजी की गई, लेकिन कौन जानता था की आतिशबाजी की चिंगारी पास में रखे पैरा में जा गिरेगी। आतिशबाजी के कुछ देर बाद अचानक आग की लपटे निकलने लगी एवं देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज हो गई कि जिस किसी ने भी देखा बस देखते ही रह गया। बताया जा रहा है कि वहां झाड़ूलाल कावरे, झनक कावरे, गजेंद्र तुमड़ाम की करीब 800 बेट पैरा रखी हुई थी जो कि जलकर राख हो गया। आग बुझाने की कई तरह से कोशिश की गई पर नाकाम रही। पहले स्थानीय लोगों ने ही मोटप पंप वगैरह से आग बुझाने की कोशिश की उसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड के आते तक आग विक्राल रुप ले चुकी थी। जिसके बाद आग पर काबू तो पाया गया पर तब तक पैरा पुरी तरह जलकर राख हो गई।



# 30 को अक्षय तृतीया - कलश भरने के साथ होंगे अनेक शुभकार्य

लांजी (पद्मेश न्यूज)। वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया आखातीज भी कहते है। इस वर्ष यह 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। अक्षय का अर्थ होता है जो कभी खत्म ना हो और इसलिए ऐसा कहा जाता है कि अक्षय तृतीया वह तिथि है जिसमें सौभाग्य व शुभफल का कभी क्षय नही होता। इस दिन होने वाले कार्य मनुष्य के जीवन को कभी न खत्म होने वाले शुभ फल प्रदान करते है। नगर व क्षेत्र में परंपरा अनुसार इस दिन अपने पितरों की याद में कलशा भरा जाता है एवं तरह-तरह के व्यंजन बनाकर उन्हें भोग लगाया जाता है। पौराणिक दृष्टि से मान्यता है कि इसी दिन से त्रेता युग का आरंभ और भगवान परशुराम का अवतार हुआ था। इसी दिन भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव भी मनाया जाता है। इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है और भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। अक्षय तृतीया को स्वयं सिद्ध मुहुर्त माना गया है। किसी भी कार्य को करने के लिए पंचांग देखने या मुहुर्त निकलवाने की आवश्यकता नहीं होती। इस बार अक्षय तृतीया पर की गई खरीदारी भी विशेष रूप से समृद्धि देने वाली होगी।अपने नाम के अनुरूप इस दिन किए गए कार्य का कभी क्षय नहीं होता। इसीलिए शुभ और मंगल कार्यों के लिए अक्षय तृतीया का दिन बहुत शुभ है। इस दिन रिश्ता रोकना, वाग्दान संस्कार, विवाह संस्कार आदि कार्य होते हैं। व्यापार आरम्भ, नींव पूजन, गृह प्रवेश, वाहन खरीदना, कोई नई वस्तु खरीदना आदि कार्य किए जा सकते हैं। अक्षय तृतीया के दिन स्वर्ण खरीदना शुभ माना गया है। अगर सोना नहीं खरीद रहे हैं तो इस दिन किसी भी नई वस्तु की खरीदारी कर सकते हैं। इस दिन किया गया दान अक्षय रहता है, इसीलिए अक्षय तृतीया के दिन अपनी सामर्थय के अनुरूप निर्धनों, ब्राह्मणों और धार्मिक स्थलों में दान अवश्य करना चाहिए।



### पूर्वजों के नाम भरे जाएंगे कलशे

अक्षय तृतीया पर अपने पूर्वजों के नाम कलशा भरने व जल तर्पण करने का विधान है। इस दिन सनातन धर्म के लोग अपने पूर्वजों के नाम घरों में कलशा भरकर व तरह तरह के व्यंजन बनाकर भोग लगाते हैं एवं लोगों को भोजन कराते हैं। जो लोग पहली बार कलशा भरते वे इस दिन विशेष रूप से मनाते हैं एवं इस कार्यक्रम निमित्त अपने सगे-संबंधियों को बुलाकर भोजन कराते हैं। इसलिए वे इस कार्यक्रम को आखातीज के एक -दो पूर्व ही कलशे भरते हैं, जो कि यह कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है।

# कंगला मांझी संस्था का किन्हीं में हुई देव पूजा व आमसभा





लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के किन्हीं किरनापुर में 23 और 24 अप्रैल को कंगला मांझी संस्था द्वारा आमसभा, संस्थागत परिचर्चा, देव पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम राजमाता श्रीमती फुलवा देवी कांगे राष्ट्रीय अध्यक्ष कंगला मांझी संस्था के मुख्य आतिथ्य में एवं कुंभ देव कांगे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आरएस उइके महासचिव अखिल भारतीय माता दंतेवाडीन समाज, सुश्री राजकुमारी कांगे कानूनी सलाहकार, सुश्री शशि कला सलामे सहायक कंगला मांझी संस्था, सुश्री हीना कावरे पूर्व विधायक, होमेश्वर घोरमारे अध्यक्ष कंगला मांझी संस्था, मोहर थाघरे, प्रहलाद सहारे पटेल, अर्जुन पुसाम रिटायर्ड आर्मी आफिसर, संजय कुथे समाजसेवी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। 24 अप्रैल को विश्राम भवन किरनापुर में पूर्व विधायक सुश्री हिना कांवरे ने राजमाता श्रीमती फुलवा देवी कांगे से मुलाकात कर उनका शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। हिना कावरे ने राजमाता से उनका कुशल क्षेम पूछा तथा बालाघाट जिले में चल रहे संस्थागत कार्यक्रमों की जानकारी ली।

# जल गंगा संवर्धन अभियान को निरंतर मिल रही गति

## श्रमदान, रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण का दिया गया संदेश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान निरंतर गति पकड़ रहा है। शनिवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर के तत्वाधान में ग्राम कटंगी में बैहर की जीवन रेखा कही जाने वाली माँ नर्मदा की सहायक नदी तन्नौर को स्वच्छ व सदानीरा बनाने के प्रयास से साफ सफाई की गई। साथ ही जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इसके साथ ही रैली आयोजित कर जल संरक्षण के लिए संदेश प्रसारित किया गया। इसके पश्चात जल है तो कल हैं के संदेश के साथ कटंगी चौराहे में जल संरक्षण जागरूकता के लिए श्री यसवंत बघेल, रोशन विश्वकर्मा और गोपाल धारा जन कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री राजीव परते के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। सीएमसीएलडीपी के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जल संरक्षण के लिए नुक्क? नाटक की शानदार प्रस्तुति कर गॉव वालो को जल बचाने और संक्रमित जल से होने वाले दुष्प्रभाव साथ ही इससे होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान विकासखंड समन्वयक महेश पटले, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, कुंदनसिंह मेरावी, ज्योति बिसेन नवांकुर संस्था से राजेन्द्र बिसेन, राजीव गोपाल सिंह परते एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता, जन प्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# जल गंगा संवर्धन पखवाड़े में, जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित कर जल संरक्षण का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को डीईओ श्री एके उपाध्याय के मागदर्शन में जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन शामलबा कन्या उमावि बालाघाट में किया गया । प्रतियोगिता में 06 विकासखण्डों की टीमें पीएमश्री उमावि माटे, शाउमावि लालबर्रा, शाउमावि परसवाडाघाट, शाउमावि कन्या बूढी बालाघाट, सीएम राईज उत्कृष्ट वि खैरलांजी और शाउमावि मेंढकी की टीमों द्वारा भाग लिया गया। जिसमे जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित विषयों पर प्रश्नोत्तरी की गई। जहाँ प्रथम स्थान विश्व प्रताप उपवंशी कक्षा 12वीं एवं जय भगत कक्षा 10 शाउमावि मेंढकी की टीम ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान कु. रीतू मेश्राम कक्षा 10 एवं कु. काछी घोष कक्षा 12 शाउमावि कन्या बूढी बालाघाट की टीम ने तथा तृतीय स्थान कु. तनवी नगपुरे, एवं कु. प्रणाली ताडेकर शाउमावि परसवाडाघाट की टीम द्वारा प्राप्त किया गया है । कार्यक्रम विजेता छात्र/छात्राओं को श्री एसएस मरावी सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । साथ ही बताया गया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं को वर्षा जल का संचयन और जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से योजनाएं बनाने, एवं लोगों में जन जागरूकता पैदा करना है। आयोजित इस प्रतियोगिता के संचालन को जिला नोडल अधिकारी डॉ. एमके जैन, प्राचार्य एमएलबी स्कूल बालाघाट, क्विज समन्वयक आलोक मिश्रा प्राचार्य शा हाईस्कूल मगरदर्रा, क्विज का संचालन डॉ. पूनम मिश्रा एवं सहयोगी श्रीमती लीला बोहरे माध्यमिक शिक्षक, शा. हाईस्कूल देवगांव एवं उपस्थित टीमों के मार्गदर्शी शिक्षकों के सहयोग से संपन्न कराया गया ।

## आईटी पर केन्द्रित प्रदेश का पहला सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव कल

# 100 से ज्यादा कंपनियां, 1000 करोड़ का निवेश, इंदौर बनेगा एमपी का एनिमेशन हब

*जीआईएस-2025 के बाद पहली बार सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव का आयोजन कल इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है। यहां देशभर की आईटी कंपनियां जुटेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस मौके पर आईटी से जुड़ी कई घोषणाएं करेंगे जिन पर सभी की निगाहें हैं।*

इंदौर

इंदौर में होने वाली एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के लिए एनिमेशन इंडस्ट्री के दिग्गजों को बेसब्री से इंतजार है। 27 अप्रैल को ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में होने वाले इस आयोजन में दुनियाभर की सौ से अधिक एनिमेशन कंपनियां शिरकत करेंगी। इंदौर को टेक्नोलाजी में नंबर वन बनाने के लिए आयोजित हो रही इस कॉन्क्लेव में सिर्फ एनिमेशन इंडस्ट्री के लिए ही 500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव आने की संभावना है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को लेकर आईटी कॉन्क्लेव के संबंध में विभिन्न जिलों के उद्योगपतियों से समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअली संवाद था। सीएम ने कहा वर्तमान और भविष्य की तकनीक का आधार आईटी है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार करते हुए समय के साथ चलने के लिए आईटी सेक्टर में निवेश और गतिविधियों का विस्तार आवश्यक है। इसी उद्देश्य से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद पहली सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव आईटी पर केन्द्रित की जा रही है। प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में आईटी इंडस्ट्री का पर्याप्त आधार विद्यमान है। राज्य सरकार आवश्यक सहयोग और समर्थन उपलब्ध कराकर प्रदेश की आईटी इंडस्ट्री को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर तक व्यापक स्वरूप देने की इच्छुक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ, स्टार्टअप प्रतिनिधि और निवेशक संजीव अग्रवाल, नरेन्द्र सेन, धर्मेंद्र जैन, शानू मेहता और आदित्य शास्त्री से संवाद किया। उन्होंने अन्य जिलों के टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ, स्टार्टअप प्रतिनिधि और निवेशकों से भी संवाद किया। उक्त सभी ने प्रदेश में विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इंदौर में आयोजित हो रहा यह कॉन्क्लेव इंदौर को आईटी हब बनाने के क्षेत्र में मील का पत्थर बनेगा।



### दुनियाभर की कंपनियां यहां आना चाहती हैं

असिफा इंडिया के प्रेसिडेंट संजय खिमेसरा ने बताया कि टियर 2 सिटी में ग्रोथ की सबसे ज्यादा संभावना हैं। यहां पर कास्ट आफ आपरेशन बहुत कम है, इसलिए सभी बड़ी कंपनियां यहां पर आना चाहती हैं। यहां के टैलेंटेड युवाओं की दुनियाभर में डिमांड है। आने वाला समय टियर 2 सिटीज का ही है।

### इन बड़ी घोषणाओं पर नजर

- मप्र में आने वाली एनिमेशन कंपनियों को अलग अलग योजनाओं में 30 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी।
- बजट पर आधारित कई योजनाओं के अंतर्गत कंपनियों को टैक्स में बड़ी छूट दी जाएगी।
- मप्र के युवाओं को अवसर देने वाली कंपनियों को विशेष पैकेज दिए जाएंगे।
- मप्र के फाइन आर्ट्स कालेजों में टेक्नोलाजी लैब बनेंगी।
- प्रदेश के होनहार छात्रों को पढ़ाने का खर्च सरकार उठाएगी।
- सेंट्रल एक्सीलेंस सिस्टम के तहत छात्रों को उच्च शिक्षा से जोड़ा जाएगा।

### युवाओं को मप्र में ही मिलेंगे बेहतर अवसर

क्रेजी कब एनिमेशन स्टूडियो के सीईओ कमल पाहूजा ने बताया कि मप्र का टैलेंज नौकरी के लिए दुनियाभर में जा रहा है। यदि सरकार यहां पर बेहतर सुविधाएं देगी तो यहां का टैलेंट यहीं पर रहेगा और दुनियाभर के लिए काम करेगा। इसी सोच के साथ नई नीतियां बनाई जा रही हैं। हमें उम्मीद है इस कॉन्क्लेव से प्रदेश की एनिमेशन इंडस्ट्री को तुरंत गति मिलेगी। इससे प्रदेश में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### एनिमेशन इंडस्ट्री के लिए अलग से नीतियां बनाई गईं

मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) इंदौर के स्टॉफ महाप्रबंधक एवं नोडल अधिकारी द्वारकेश कुमार सराफ ने बताया कि कॉन्क्लेव में दुनिया की शीर्ष कंपनियां यहां आएंगी। सरकार का पूरा फोकस रोजगार और निवेश पर है। इसी को ध्यान में रखते हुए अलग से पालिसी बनाई गई है। एनिमेशन इंडस्ट्री के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिसका लाभ कंपनियों को मिलेगा और रोजगार बढ़ेंगे।

साभार प्रदेश टूडे

## हितग्राही और कर्मचारियों की सही जानकारी दर्ज करने के निर्देश

# NGO को अनुदान के लिए ऑनलाईन आवेदन जरूरी

भोपाल

मध्यप्रदेश में सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत कार्य कर रहे सभी शासकीय और विभागीय मान्यता प्राप्त संस्थाओं, एनजीओ और डीडीआरसी के अनुदान प्रस्ताव ऑनलाईन ही लिए जाएंगे। इसलिए विभाग की पोर्टल पर संस्था में कार्यरत कर्मचारियों और हितग्राहियों की सही जानकारी दर्ज करने के निर्देश आयुक्त सोनाली वायंगणकर ने दिए है।

आयुक्त ने सभी कलेक्टरों, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त संचालक और उप संचालकों को निर्देशित किया है कि विभागीय पोर्टल पर एमपीएसईडीसी द्वारा विकसित प्रणाली पर संसाओं को अनुदान प्राप्त करने के लिए ऑनलाईन आवेदन किया जाना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए संस्था में कार्यरत कर्मचारियों और हितग्राहियों की पोर्टल पर दर्ज जानकारी के आधार पर अनुदान राशि की गणना प्रणाली द्वारा की जाएगी। अतः यह आवश्यक है कि पोर्टल पर संस्था में कार्यरत समस्त कर्मचारियों की जानकारी सही दर्ज हो व हितग्राहियों की जानकारी सही दर्ज हो।

### पोर्टल में दर्ज होगी सभी जानकारी

आयुक्त ने कहा है कि संस्थाएं यह सुनिश्चित करेंगी कि यदि संस्था में निवासरत किसी हितग्राही द्वारा संस्था को छोड़ दिया गया है अथवा वर्तमान में संस्था में निवासरत नहीं है तो उसे पोर्टल से कारण सहित हटा दिया जाए और माह में यदि किसी नवीन हितग्राही द्वारा संस्था में प्रवेश लिया गया है तो उस हितग्राही की जानकारी को पोर्टल पर दर्ज किया जाए। इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए सभी शासकीय और विभागीय मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्थाओं में कार्यवाही कराने के निर्देश उन्होंने दिए है।

## मेयर भार्गव ने किया शहीद चंद्रशेखर आजाद चौराहा ओवरब्रिज स्थल का निरीक्षण



इंदौर, । शहर के पश्चिमी क्षेत्र में यातायात समस्या के स्थायी समाधान और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद चौराहा (चंदन नगर) पर प्रस्तावित ओवरब्रिज के संभावित स्थल का निरीक्षण किया गया। महापौर ने कहा कि हमने बजट में घोषणा की थी हमारा प्रयास है कि यातायात का दबाव कम हो, और नागरिकों को आवागमन में कोई परेशानी न हो। यह ओवरब्रिज चंदन नगर और धार रोड क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात होगा इसके लिए अधिकारियों को तकनीकी तैयारी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, नगर निगम एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद थे।

## अफसर करेंगे सेल्यूट तो पुलिस का मनोबल होगा कमजोर

भोपाल

डीजीपी कैलाश मकवान के आदेश पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

**डीजीपी मकवाना के आदेश पर कांग्रेस को आपत्ति, कहा यह अपरिपक्व निर्णय**

कांग्रेस ने कहा है कि यदि वर्दी में अफसर विधायकों और सांसदों को सेल्यूट करेंगे तो उनका मनोबल कमजोर होगा, यह अपरिपक्व निर्णय है। गौरतलब है कि डीजीपी कैलाश मकवाना निर्देश दिए हैं कि सांसद एवं विधायकों के शासकीय कार्यक्रम-सामान्य भेंट के दौरान उनका अभिवादन वर्दीधारी अधिकारी- कर्मचारी सेल्युट के माध्यम से करेंगे। डीजीपी का यहा निर्देश कांग्रेस को नहीं भा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि शराब, रेत, भूमाफिया को बचाने सत्ताधारी दल के विधायक जब थाने पहुंचेंगे तो सेल्यूट देने के बाद पुलिस के पास कार्रवाई के लिए कितनी हिम्मत बचेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस डीजीपी के इस निर्णय का विरोध करती है। यह अपरिपक्व निर्णय पुलिस के मनोबल को कमजोर करने की साजिश है।

## संविधान बचाओ अभियान के चालीस दिन, डे-टू-डे मॉनिटरिंग करेगी AICC

भोंपाल

एआईसीसी संविधान बचाओ अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश कांग्रेस के सभी आयोजन का डे-टू-डे मॉनिटरिंग करेगी। हर दिन की रिपोर्ट एआईसीसी को पीसीसी से भेजी जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों को लेकर एआईसीसी आगे की अपनी स्थिति तय करेगी। एआईसीसी का फोकस है कि कार्यकर्ताओं के साथ ही आम जनता उनके इस अभियान से जुड़े। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की सबसे पहली परीक्षा 28 अप्रैल को ग्वालियर की रैली से होना है। इस रैली में कांग्रेस को अधिक से अधिक भीड़ लाने को कहा गया है। इसके चलते यहां पर पार्टी नेताओं का फोकस हो गया है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी यहां पर सक्रिय हो गए हैं। रैली में हर जिले के अध्यक्षों और विधायकों को भीड़ लाने को कहा गया है। आयोजन की रिपोर्ट 28 अप्रैल को ही दिल्ली भेजना होगी। इसके बाद तीन मई से जिलों में यह अभियान चलेगा। इसमें भी जिलों में अभियान की स्थिति क्या रही यह रिपोर्ट पहले पीसीसी आएगी फिर यहां से एआईसीसी भेजी जाएगी।

### 8 शहरों में पत्रकार वार्ता

28 अप्रैल को ग्वालियर में होने वाली रैली को लेकर कांग्रेस नेता आज आठ शहरों में एक साथ पत्रकार वार्ता कर रहे हैं। मुरैना में विधायक दिनेश गुर्जर, दतिया में विधायक फूल सिंह बरैया, भिंड में प्रवीण पाठक, ग्वालियर में राज्यसभा सदस्य अशोक सिंह, गुना में ऋषि अग्रवाल, शिवपुरी में राजेंद्र भारती, इंदौर में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और जबलपुर में विधायक लखन घनघोरिया पत्रकार वार्ता कर रहे हैं।

**रैली की तैयारियों पर चर्चा...**



ग्वालियर, ब्यूरो। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मप्र कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त ने शुक्रवार को ग्वालियर शहर, ग्वालियर ग्रामीण, मुरैना और भिंड में कांग्रेसजनों के साथ रूबरू होकर 28 अप्रैल को ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा की। इस दौरान राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लक्ष्मण सिंह के बयान पर स्वतः संज्ञान नहीं लेगी अनुशासन समिति

भोपाल

**पहलगाम आतंकी हमले पर राहुल गांधी-रॉबर्ट वाड्रा को सोच समझकर बोलने की दी है नसीहत**

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के छोटे भाई पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने पहलगाम हमले को लेकर हाल ही में जो बयान दिया है, उस पर प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति स्वतः संज्ञान नहीं लेगी। वहीं लक्ष्मण सिंह अब भी अपने उस बयान पर कायम हैं। गौरतलब है कि आतंकी हमले के खिलाफ राघौगढ़ में प्रदर्शन हुआ था, जिसमें लक्ष्मण सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आतंकवादियों से मिले हुए हैं। इस मामले पर उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी सोच समझकर बात करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से कहूंगा कि उमर अब्दुल्ला सरकार से समर्थन वापस लें। लक्ष्मण सिंह ने रॉबर्ट वाड्रा पर भी निशानासाधते हुए कहा था कि रॉबर्ट वाड्रा कहते है कि मुसलमानों को सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने देते इसलिए आतंकवादियों ने हमला किया। इन दोनों का बचपना हम कब तक झेलेंगे।

### पल्ला झाड़ने की तैयारी में समिति

इधर प्रदेश कांग्रेस के किसी भी नेता ने लक्ष्मण सिंह के बयान पर अब तक आपत्ति नहीं दर्ज कराई है। पार्टी की प्रदेश अनुशासन समिति भी इस मामले पर अपना पल्ला झाड़ने की तैयारी में हैं। समिति लक्ष्मण सिंह के इस बयान पर सीधे तौर पर कोई एक्शन नहीं लेना चाहती है। अनुशासन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि समिति स्वतः इस मामले पर संज्ञान नहीं लेगी, यदि पार्टी के किसी नेता या कार्यकर्ता ने कोई शिकायत की तब इस मामले को देखा जाएगा। इस संबंध में लक्ष्मण सिंह ने कहा कि उन्होंने जो बोला वो कैमरे में है, जो बोलना था वह बोल दिया।

## आज मोहन-शिव होंगे एक साथ, बुरहानपुर में हलचल





भोपाल, ब्यूरो

सीएम डॉ मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज बुराहनपुर जाएंगे। दोनों एक वैवाहिक समारोह में शामिल होंगे। दोनों ही नेता इस पारिवारिक समारोह में शिरकत करने के साथ-साथ एक-दूसरे से मुलाकात भी करेंगे। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बीच बुरहानपुर में आधे घंटे की भेंटवार्ता भी निर्धारित है। यह मुलाकात विवाह समारोह के दौरान ही होगी। इस दौरे से पहले सीएम मोहन यादव अधिकारियों से चर्चा भी करेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हालांकि यह दौरा खास तौर पर नेपानगर की विधायक मंजू दादू के घर आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए है लेकिन मुख्यमंत्री का यह दौरा केवल सामाजिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहेगा। वे बुरहानपुर पहुंचने से पहले दोपहर 11.15 बजे से दोपहर 2 बजे तक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। यह चर्चा संभावित रूप से बुरहानपुर से जुड़े प्रशासनिक मुद्दों पर केंद्रित रहेगी। इस बैठक को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं

### एयर स्ट्रीप से पहुंचेंगे केंद्रीय कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार दोपहर 3.40 बजे बुरहानपुर के एयर स्ट्रीप पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह सीधे कार्यक्रम स्थल की ओर प्रस्थान करेंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग सतर्कता बनाए हुए हैं। सीमित समय के भीतर कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए सुरक्षा और प्रोटोकॉल पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## वित्त विभाग ने सभी विभागों को दिए निर्देश

# केन्द्रीय योजनाओं के लिए मदर सेक्शन जारी करें विभाग

भोपाल

वित्त विभाग ने सभी सरकारी महकमों के आला अफसरों को निर्देश जारी किए है कि केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के लिए निधियों की जस्ट इन टाईम रिलीज एसएनए स्पर्श के माध्यम से करना है। पिछले साल जारी मदर सेक्शन आंशिक रूप से कई विभागों में अप्रयुक्त रह गई है या समाप्त हो गई है। इसलिए 25-26 के लिए नई मदर सेक्शन जारी की जाए।

वित्त विभाग ने कहा है कि एसएनए स्पर्श मॉडल के माध्यम से केन्द्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के लिए निधियों की जस्ट इन टाईम रिलीज एसएनए स्पर्श के माध्यम से कार्यान्वित सीएसएस में निधियों की निर्बाध उपलब्धता कराई जाना है।

यदि वर्ष 2025-26 के लिए नई मदर सेक्शन अभी तक विभागों ने जारी नहीं की है तो मंत्रालयों और विभागों को सलाह है कि वे इस वित्तीय वर्ष के लिए योजना के लिए तुरंत मदर सेक्शन जारी करे। राज्यों से प्रस्तावों की जांच लंबित रहने तक वर्ष 2024-25 की मदर सेक्शन की समाप्त हो चुकी राशि के बराबर राशि तुरंत जारी की जा सकती है बशर्ते की बजट की उपलब्धता हो और वर्ष 25-26 में योजना को क्रियान्वित करने के लिए सक्षम अधिकारी की मंजूरी हो। वर्ष 25-26 में अतिरिक्त मदर सेक्शनर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यथासमय जारी की जा सकती है। संचालक बजट राजीव रंजन मीना ने सभी सरकारी महकमों के अधिकारियों से भारत सरकार के संबंधित मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर समयसीमा में विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के लिए मदर सेक्शन प्राप्त करने की कार्यवाही पूर्ण करने का अनुरोध किया है।

### जलसंसाधन में अब साधारण मरम्मत पर एक साल में पचास लाख खर्च कर सकेंगे ईई

भोपाल। मध्यप्रदेश में जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री अब एक वित्तीय वर्ष में साधारण मरम्मत कार्यो पर पच्चीस लाख की जगह दोगुनी राशि अर्थात पचास लाख रुपए तक खर्च कर सकेंगे। प्रमुख अभियंता जलसंसाधन ने इस खर्च की राशि में इजाफा कर दिया है। जलसंसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा ने विभाग के सभी कार्यपालन यंत्रियों को निर्देश जारी कर कहा है कि साधारण मरम्मत कार्यो की स्वीकृति के लिए एक वित्तीय वर्ष में 25 लाख रुपए की सीमा निर्धारित की गई है जिसे बढ़ाकर इस वित्तीय वर्ष के नौ माह के लिए पचास लाख रुपए निर्धारित किया गया है।

# आईपीएल में आज होगा दिल्ली और आरसीबी में मुकाबला

नई दिल्ली। आईपीएल में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स टीम अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। वहीं आरसीबी की ओर से विराट का लक्ष्य बड़ी पारी खेलना रहेगा। दोनो ही टीमें अंक तालिका में दूसरे ओर तीसरे नंबर पर हैं। ऐसे में दोनो ही जीत की दावेदार मानी जा रही हैं। दोनो के पास ही अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। दिल्ली और आरसीबी दोनों के प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीद है, ऐसे में दोनो ही अपनी ओर से जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। फिरोज़ शाह कोटला आरसीबी विराट का घरेलू मैदान रहा है और विरोधी टीम में होने के बावजूद उन्हें यहां दर्शकों का भरपूर समर्थन मिलने की संभावना है। कोहली इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और उनपर सभी की नजरें रहेंगी। वहीं दिल्ली की ओर राहुल ने इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं। अभी भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं है लेकिन आईपीएल में विकेट के आगे और विकेट के पीछे अच्छे प्रदर्शन



के बाद राष्ट्रीय चयन समिति निश्चित तौर पर उनके नाम पर विचार करेगी। वहीं इस मैच में सभी की नजरें आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड और कैपिटल्स के मिचेल स्टार्क के प्रदर्शन पर भी रहेंगी। हेज़लवुड टूर्नामेंट में 16 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 19वें ओवर में शानदार प्रदर्शन करके आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं स्टार्क ने भी छोड़ने में पीछे नहीं रहे हैं। उन्होंने भी राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करके अपनी टीम को जीत दिलाई थी। ऐसे में दोनो के बीच रोमांचक टक्कर होने की संभावना है। स्पिनर के तौर पर दिल्ली के कुलदीप यादव हैं। उन्होंने विरोधी टीम को काफी नुकसान पहुंचाया है। आठ मैचों में 12 विकेट लेने के अलावा, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर ने 6.50 रन प्रति ओवर की किफायती दर से रन दिए हैं। ऐसे में आरसीबी के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। वहीं सुयश शर्मा ने भी आरसीबी की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वह यहां के हालातों को जानते हैं जिसका लाभ उन्हें मिल सकता है। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। भले ही उन्होंने चोट के कारण प्रतियोगिता में बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की है पर पिछले मैच में उन्होंने अपने ओवरों का पूरा कोटा पूरा किया जो टीम के लिए एक और सकारात्मक संकेत है। दिल्ली की पारी अभिषेक पोरेल और करुण नायर के शुरु करने की उम्मीद है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

दिल्ली कैपिटल्स -अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक-फ्रेजर मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डुप्लेसिस, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विपराज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार एल, त्रिपुराण विजय, माधव तिवारी, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चमीरा, कुलदीप यादव।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा, यश दयाल, देवदत्त पडिक्कल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लुंगी एनगिडी, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

## आईपीएल में 300 रनों तक पहुंच सकती है कोई टीम-रिंकू

मुम्बई। आईपीएल के इस सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के रिंकू सिंह का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और वह बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं इससे केकेआर का प्रदर्शन इस सत्र में कुछ खास नहीं रहा है। वहीं आईपीएल के इस सत्र के पहले ही मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में 285 रनों के साथ ही आईपीएल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया था, जिसके बाद से ही से आंकलन शुरु हो गये थे कि 300 के आंकड़े को काई टीम



हासिल कर पायेगी या नहीं। इसी को लेकर जब रिंकू से पूछा गया तो इस क्रिकेटर ने कहा कि आईपीएल अब उस स्तर पर पहुंच चुका है जहां 300 रन बनाये जा सकते हैं। पिछले साल, पंजाब ने कुल 262 रन का पीछा किया था। इस सत्र में सभी टीमें मजबूत हैं और कोई भी 300 रन तक पहुंच सकती है। रिंकू ने कहा में आमतौर पर नंबर 5 या 6 पर बल्लेबाजी करता हूं मैं फिटनेस पर बहुत ध्यान देता हूं क्योंकि आईपीएल में 14 मैच होने के कारण, अपने शरीर को फिट बनाये रखने पर भी ध्यान दिया है। मैं महेन्द्र सिंह धोनी से भी अक्सर बात करता हूं। वह मुझे शांत रहने और मैच की स्थिति के अनुसार खेलने के लिए कहते हैं। जब आप संयमित रहते हैं तो चीजें अपने आप ठीक हो जाती हैं। उन्होंने कहा आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन भी संभव है। पिछले साल, पंजाब ने कुल 262 रन का पीछा किया था। इस सीजन में सभी टीमें मजबूत हैं और कोई भी 300 रन तक पहुंच सकता है।

## मुम्बई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स में मुकाबला आज

वानखेड़े। आईपीएल में रविवार को पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में मुम्बई की टीम को अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। शुरुआती सत्र में खराब प्रदर्शन से उबरने हुए मुम्बई तेजी से आगे बढ़ी है और प्लेऑफ के दावेदारों में शामिल हुई है। वहीं सुपर जाइंट्स की टीम भी प्लेऑफ की दावेदार है पर उसे अपने कप्तान ऋषभ पंत के खराब प्रदर्शन से नुकसान हुआ है। मुम्बई की टीम इस मैच में भी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी जबकि लखनऊ की नजरें शीर्ष-4 में पहुंचने पर रहेंगी। इन दोनों टीम के अभी तक समान 10 अंक हैं लेकिन मुंबई बेहतर नेट रन रेट के आधार पर चौथे जबकि लखनऊ की टीम छठे स्थान पर है। अब तक नौ मैचों में से इन दोनों ने पांच मैच जीते हैं और चार हारे हैं। लखनऊ की टीम जीत के अलावा अपने नेट रन रेट को भी बेहतर करना चाहेगी। लखनऊ के कप्तान ऋषभ ने अभी तक नौ मैचों में 106 रन बनाए हैं और वह बल्लेबाजों की सहायक इस पिच पर बड़े स्कोर बनाना चाहेंगे। मुंबई के मजबूत



गेंदबाजी आक्रमक के सामने हालांकि ये आसान नहीं होगा। मुम्बई के पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है। मुंबई की टीम सही समय पर लय में आयी है। लगातार चार मैच जीत कर वह प्लेऑफ में पहुंचने की दौड़ में आगे हो गयी है। मुंबई के मुख्य खिलाड़ी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट और यहां तक ?कि हार्दिक पांड्या सही समय पर फॉर्म में लौट आए हैं और उनसे निपटना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। रोहित ने चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो आक्रामक अर्धशतकों के साथ लय हासिल कर ली है और अब वह विरोधी टीमों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए हैं। मुम्बई के पास सूर्यकुमार के अलावा तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाज हैं। हार्दिक ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि तेज गेंदबाज दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है।

## भारत चाहे तो पीसीबी हो जाएगा बर्बाद-रमीज

लाहौर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है और आईसीसी से कहा है कि उसे किसी भी टूर्नामेंट में पाक के साथ एक रुप में न रखे। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रमीज राजा का एक वीडियो आया है। इसमें रमीज कह रहे हैं कि अगर भारतीय प्रधानमंत्री चाहें तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का दिवाला निकल सकता है। पीसीबी के चेयरमैन रहे रमीज ने इस वीडियो में कहा, 'पीसीबी को पचास फीसदी राशि आईसीसी से मिलती है और आईसीसी को टूर्नामेंट कराने से 90 फीसदी पैसा भारत से मिलता है। ऐसे में एक प्रकार से भारतीय कारोबारी घराने ही पीसीबी चला रहे हैं। ऐसे में अगर भारतीय प्रधानमंत्री तय कर लें कि



हम पाक को पैसा नहीं देंगे तो पीसीबी का तबाह होना तय है। रमीज का यह बयान अक्टूबर 2021 का है। वे इस वीडियो में पीसीबी को को सलाह दे रहे थे कि उसे आईसीसी पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए क्योंकि आइसीसी सीधे बीसीसीआई से जुड़ती है। इस पूर्व क्रिकेटर ने तब सुझाव दिए थे कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अपने बाजार से प्रयोजक तलाशने चाहिए।

## बारिश के कारण पंजाब-कोलकाता मैच रुका

### PBKS ने 202 रन का टारगेट दिया; KKR ने 1 ओवर में 7 रन बनाए

कोलकत्ता। IPL का 44वां मैच बारिश के कारण रोका गया है। शनिवार को पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 202 रन का टारगेट दिया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में पंजाब ने बैटिंग चुनी। टीम ने 4 विकेट खोकर 201 रन बनाए। प्रभसिमरन सिंह ने 83 और प्रियांश आर्या ने 69 रन बनाए। चक्रवर्ती से वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट लिए। कोलकाता ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 7 रन बना लिए। टीम से सुनील नरेन और रहमानुल्लाह गुरबाज ओपनिंग करने उतरे। पंजाब से मार्को यानसन ने पहला ओवर फेंका। पहले ओवर के बाद ही खेल रोका गया। कोलकाता में चक्रवात की बैटिंग के 1 ओवर के बाद ही बारिश होने लगी। जिस कारण खेल रोका गया और मैदान को कवर्स से ढंक दिया गया। 17वें ओवर में पंजाब ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बॉल



वरुण चक्रवर्ती ने गुड लेंथ पर गुगली फेंकी। ग्लेन मैक्सवेल बैकफुट पर गए, लेकिन बोल्ड हो गए। वे 7 ही रन बना सके। पंजाब किंग्स ने 12वें ओवर में पहला विकेट गंवाया। ओवर की पांचवीं बॉल आंद्रे रसेल ने शॉर्ट पिच फेंकी। प्रियांश आर्या ने बड़ा शॉट खेला, लेकिन डीप मिड विकेट पर कैच हो गए। उन्होंने 69 रन बनाए। प्रभसिमरन ने फिफ्टी लगाई-13वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने फिफ्टी लगा दी। ओवर की दूसरी ही गेंद पर उन्होंने चेतन साकरिया के खिलाफ चौका लगाया और 38 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली।

## आईपीएल से मोटी कमाई करती हैं चीयर लीडर्स

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नजर आने वाली खूबसूरत चीयर लीडर्स इसमें ग्लैमर का तड़का लगाती है। चीयर लीडर्स हर चौके और छक्के पर नाचती गाती दिखती हैं। ये एक प्रकार से आईपीएल से जुड़ गयी हैं। चीयरलीडर का काम हालांकि आसान नहीं होता, गर्मी में डांस करना, टूर्नामेंट के दौरान लगातार यात्रा करना थकान भरा होता है। चीयरलीडर को इसके लिए वेतन के आलावा भी कई और सुविधियाँ मिलती हैं।एक रिपोर्ट के अनुसार सनराइजर्स हैदराबाद टीम अपने चीयरलीडर को प्रत्येक मैच का 14 से 16 हजार रूपये देती है। यानी अगर टीम प्लेऑफ तक भी ना पहुंचे तो भी चीयरलीडर मॉली 2 लाख से अधिक की कमाई कर लेंगी।

मुंबई इंडियंस की एक चीयरलीडर को प्रति मैच 20 हजार रूपये मिलते हैं। इससे वह एक सीजन में 2.8 लाख रूपये कमा सकती है. अगर मुंबई इंडियंस टीम प्लेऑफ में पहुंचे तो चीयरलीडर्स की कमाई भी ब? जाएगी। वो कौन सी 3 टीमें हैं जो चीयरलीडर्स को देती हैं सबसे ज्यादा सैलरी, एक दिन की कमाई जान होश उड़ जाएगा. चेन्नई सुपर किंग्स टीम



की एक चीयरलीडर को प्रति मैच 17 हजार रुपये तक वेतन देती है। इस प्रकार सीएसके की चीयरलीडर्स एक सीजन में 2 लाख 38 हजार रुपये तक कमा सकती है। वहीं.आईपीएल के इस सत्र में अपनी चीयरलीडर को सबसे ज्यादा पैसा कोलकाता नाइट राइडर्स दे रही है। रिपोर्ट के अनुसार केकेआर की एक चीयरलीडर को प्रति मैच 24 से 25 हजार रूपये मिल रहे हैं।

हर सत्र में एक से बढ़कर खूबसूरत चीयरलीडर्स टीमों के साथ जुड़ती है जिनकी खूबसूरती की चर्चाएं भी काफी होती हैं। इनमें से एक चीयरलीडर मॉली ऐसी है जो कई सालों से नजर आती है पर हर बार उसकी पोशाक का रंग टीम के अनुसार बदल जाता है। इस बार वह सनराइजर्स हैदराबाद की जर्सी में दिख रही है।

मॉली काफी खूबसूरत है। सनराइजर्स हैदराबाद टीम से पहले वह सीएसके टीम के लिए बतौर चीयरलीडर काम करती थी। मॉली सोशल मीडिया में भी खासी सक्रिय रहती है। वह अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करती रही हैं। आईपीएल से जु?ी कई तस्वीरें वह साझा करती रही हैं। मॉली सिर्फ आईपीएल में ही नहीं बल्कि दुनिया की कई अन्य लीग में भी काम कर चुकी हैं।

## धोनी ने हार के लिए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया

बेंगलुरु। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली हार पर निराशा जाहिर करते हुए कहा है कि टीम बल्लेबाजों के विफल होने के कारण हारी है। धोनी ने माना है कि उनके बल्लेबाज हालात का लाभ नहीं उठा पाये। उन्होंने कहा कि टीम ने 15 से 20 रन कम बनाए हैं। इस मैच में सीएसके टीम ने 19.5 ओवर में 154 रन बनाये।. उसकी ओर से पहली बार खेल रहे डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंद में चार छक्कों और एक चौके की सहायता से सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। वहीं युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने भी 19 गेंद में छह चौके लगाकर 30 रन बनाये।. इन दोनों के अलावा दीपक हुड्डा और रविंद्र जडेजा 20 से 21 रन बना पाये। धोनी ने माना है कि उनकी टीम हालात का लाभ नहीं उठा पाई। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हम लगातार विकेट खोते रहे। साथ ही कहा कि पहली पारी में विकेट अच्छा बेहतर था। ऐसे में हमारा 154 रन का उचित पर्याप्त नहीं था। गेंद बहुत अधिक टर्न नहीं कर रही थी और कुछ भी असामान्य नहीं था। हां, दूसरी पारी में थोड़ी सहायता मिली। हमारे स्पिनर, गुणवत्ता वाले थे और वे सही क्षेत्रों में गेंदबाजी कर रहे थे पर हम 15-20 रन कम बना पाए।' धोनी ने पदार्पण मैच में ही अच्छी पारी खेलने वाले डेवाल्ट ब्रेविस की भी सराहना की हैं। धोनी ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने काफी अच्छी बल्लेबाजी की। हमें मध्य क्रम में ऐसी बल्लेबाजी की जरूरत थी। जब स्पिनर आते हैं तो आप या तो अपनी बल्लेबाजी से या सही क्षेत्रों को चुनकर रन बनाते हैं पर यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हम सुधार करना चाहते हैं क्योंकि मध्य ओवर महत्वपूर्ण होते हैं।'



## आईपीएल सबसे अधिक शून्य पर आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं रोहित

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल पहले नंबर पर



हैं। मैक्सवेल 140 मैच की 134 पारियों में सबसे अधिक 19 बार शून्य पर आउट हुए हैं। वहीं भारतीय टीम के कप्तान और मुंबई इंडियंस के लिए सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। रोहित रोहित 265 मैच की 260 पारियों में 18 बार शून्य पर आउट हुए। हालांकि, रोहित इस सत्र में शुरुआती असफलता के बाद फॉर्म में लौट आए है। उन्होंने पिछली दो पारियों में अर्धशतक भी लगाये हैं। रोहित ने पिछली दो पारियों की बात करें तो उन्होंने पहले सीएसके और फिर सनराजर्स हैदराबाद के खिलाफ लगातार अर्धशतक लगाये। रोहित के हैदराबाद के खिलाफ रोहित ने 70 रनों की पारी खेली। पारी के दौरान उन्होंने 8 चौके और 3 लंबे छक्के भी लगाये। रोहित की इस शानदार पारी स्रद्धा बल पर मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया है। रोहित ने इस सत्र में सीएसके के सामने टूर्नामेंट में अपना पहला अर्धशतक लगाया था।

## त्रिकोणीय सीरीज-भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज श्रीलंका का सामना करेगी

कोलंबो। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में रविवार को मेजबान श्रीलंका से मुकाबला होगा। इस मैच में सभी की नजरें उभरती हुई टीम में शामिल युवा खिलाड़ियों पर रहेंगी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट से इसी साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप की तैयारियां करेगी। भारतीय टीम की बल्लेबाजी अच्छी है पर उसे गेंदबाजी पर ध्यान देना होगा। टीम में शामिल युवा गेंदबाज काशवी गौतम ने डब्ल्यूपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में टीम को उनसे बेहतर



गुजरात जाइंट्स के लिए 6.45 की इकॉनमी रेट से नौ मैचों में 11 विकेट लिए थे। इसके अलावा टिटास साधु, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर के बाहर होने से भारतीय टीम की गेंदबाजी अरुंधति रेड्डी पर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। उन्होंने आधारित रहेगी। इसके अलावा ऑलराउंडर अमनजोत कौर भी अहम भूमिका निभा सकती हैं। दोनो ही टीमों का मुकाबला कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में होगा। यहां की पिच पर स्पिनरों को सहायता मिलती है। ऐसे में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा के साथ-साथ स्पिनर श्री चरणी भी गेंदबाजी कर सकती हैं। टीम की बल्लेबाजी कप्तान हरमनप्रीत, उप कप्तान स्मृति मंधाना, पावर-हिटर ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देयोल पर आधारित रहेगी। दीप्ति और अमनजोत भी अच्छी बल्लेबाजी करती हैं। भारतीय टीम ने इससे पहले वेस्टइंडीज और आयरलैंड को हराया था जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं दूसरी ओर मेजबान श्रीलंकाई टीम कई बदलावों के साथ उतर रही है।

## पाकिस्तान के साथ किसी भी प्रकार के क्रिकेट संबंध नहीं रखे भारत - गांगुली

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि पाकिस्तान से क्रिकेट संबंध पूरी तरह से समाप्त कर देने चाहिये। भारतीय टीम पिछले एक दशक से ज्यादा समय से पाक के साथ केवल आईसीसी इवेंट्स या एशिया कप में ही खेलती रही है पर गांगुली का माना है कि भारत को किसी भी स्तर पर पाकिस्तान से नहीं खेलना चाहिए।

गांगुली ने कहा, पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार से संबंध तोड़ना जरुरी है। अब सख्त कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह कोई मजाक नहीं



है। ऐसी चीजें अलग-अलग प्रकार से हर साल हो रही हैं। आतंकवाद को सहन नहीं किया जा सकता। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण ही भारतीय टीम ने साल 2008 के बाद से पाक का दौरा नहीं किया है। पाकिस्तान में भारत ने अंतिम बार एशिया कप में हिस्सा लिया था। हालांकि, दोनों देशों के बीच 2012-13 में आखिरी बार द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी।

हाल ही में आयोजित हुई आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले भी भारतीय टीम ने दुबई में खेले थे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने साल 2024-27 चक्र में सभी आईसीसी आयोजनों के लिए हाइब्रिड मॉडल पर फैसला लिया है। ये मुकाबले भारत या पाकिस्तान में आयोजित किए जाएंगे।

# वारासिवनी-कटंगी क्षेत्रों में कलेक्टर श्री मीना ने किया भ्रमण

## वारासिवनी-कटंगी में स्वीकृत नवीन स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए स्थलों का किया मुआयना





**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। कलेक्टर मृणाल मीना ने शनिवार को वारासिवनी और कटंगी क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वारासिवनी में स्वीकृत हुए 100 और कटंगी में 50 बिस्तरीय अस्पताल निर्माण के लिए की जा रही तैयारियों के सम्बंध में जानकारी ली। साथ ही निर्मित होने वाले अस्पतालों के स्थलों का अवलोकन किया। ज्ञात हो कि 1 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वारासिवनी में 100 बिस्तरीय अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। भ्रमण के दौरान उन्होंने वारासिवनी सिविल अस्पताल, जवाहर नवोदय विद्यालय, बुदबुदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,कटंगी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल, अर्जुनी में पंचायत द्वारा की गई बाँसरोपणी,नंदलेसरा में उपार्जन केंद्र सह भंडारण केंद्र और राजीव सागर सिंचाई परियोजना का जायजा लिया। वहीं कटंगी नगर के तालाब का अवलोकन करते हुए नपा को विशेष प्रयास कर जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्य करने के निर्देश दिए है। इस दौरान वारासिवनी एसडीएम श्री आरआर पांडे, कटंगी एसडीएम श्री मधुवंत राव धुर्वे, तहसीलदार इमरान मंसूरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।**

### वारासिवनी सिविल अस्पताल के आयुष्मान मित्र का कार्य संतोषजनक नहीं

अपने विस्तृत भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने वारासिवनी सिविल अस्पताल के निरीक्षण से की। यहाँ बनने वाले 100 बिस्तरीय अस्पताल के लिए डिस्मेंटल किये जाने वाले भवन की वर्तमान हालात का मुआयना किया। साथ ही उन्होंने मरीजों के परिजनों और स्थानीय मीडिया से अस्पताल में उपचार के सम्बंध में प्रतिक्रिया ली। वहीं इस आयुष्मान मित्र श्रीमती नीमा नगपुरे से आयुष्मान के प्रकरणों के क्लेम की जानकारी ली। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री मीना ने पिछली बार इसी अस्पताल के निरीक्षण के समय भी इस सम्बंध में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद सुधार नहीं पाया गया। आयुष्मान मित्र का काम संतोषजनक नही पाये जाने पर जिला स्तर से जांच कराने के निर्देश दिए है। यहां ब्लड बैंक बनाने के सम्बंध में आवश्यक तैयारी करने को कहा है। साथ ही पॉवर बैकअप, मेन पॉवर की कमी तथा प्रकरण रेफर करने की समस्या बताई गई है।

### जिला अस्पताल में मरीजों का लोड कम करने के लिए अन्य स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर प्रकरण जाँचे

कलेक्टर श्री मीना ने भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों पर उपचार और यहां से रेफर किये जाने वाले प्रकरणो पर विशेष फोकस किया। बुदबुदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने डिलेवरी रजिस्टर व रेफर रजिस्टर का अवलोकन कर मरीजों के सम्बंध में जानकारी ली। डॉ. अंजू बिसेन को निर्देश दिए है कि मरीजों का इलाज यहीं करें, जिला अस्पताल मरीजों को रेफर न किया जाए। आवश्यक होने पर ही इस व्यवस्था का लाभ लें। हालांकि इस माह इस केंद्र से केवल 2 मरीजों को रेफर किया गया है। सीएमएचओ डॉ. परेश उप्लव को निर्देश दिए है कि पूरे स्वास्थ्य केंद्रों का रेफर का डेटा निकाले और अध्ययन करें कि रेफर किस तरह के मरीजों को किया जा रहा है। सभी केंद्रों से रेफर प्रकरण जिला अस्पताल आ रहें है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### कटंगी सीएम राइज स्कूल निर्माण में देरी, गुणवत्ता की जांच की जाएगी

कलेक्टर श्री मीना ने कटंगी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के पश्चात यहां निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल पहुँचे। इस दौरान पीआईयू के सब इंजीनियर कि अनुपस्थिति नाराजगी व्यक्त की। पीआईयू के कार्यपालन यंत्री को कॉल कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं सीएम राइज स्कूल निर्माण देरी के सम्बंध में प्रगति लाने के साथ ही गुणवत्ता की जांच करने के भी निर्देश दिए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में कटंगी तालाब पर फोकस करें नगर परिषद

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने कटंगी नगर के तालाब का भी निरीक्षण किया। इस दौरान नगर परिषद के इंजीनियर श्री चौकसे को जल गंगा संवर्धन अभियान में तालाब से गाद निकालने के निर्देश दिए है। एक सप्ताह तक पूरी तरह जुट कर इस कार्य पर फोकस करें। तालाब पूरा क्लीन करें। एक रूपरेखा बनाये जिसमें एक दिन प्रशासन की टीम, एक दिन नगर परिषद और एक दिन नगर के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के साथ श्रमदान का कार्य करें। तालाब की सफाई के लिए बहुत ज्यादा आवश्यक है। साथ ही एसडीएम श्री धुर्वे को तालाब में हो रहें अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए है।

### सिंचाई व्यवस्था के लिए राजीव सागर परियोजना का निरीक्षण

कलेक्टर श्री मीना ने बालाघाट जिले के कटंगी क्षेत्र में सिंचाई परियोजना से मिल रहें जल व जल की उपलब्धता के सम्बंध में महाराष्ट्र राज्य सीमा पर स्थित कुड़वा में बनें राजीव सागर का अवलोकन कर शेष बचें जल का अवलोकन किया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के एसडीओ श्री केके पारधी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में 54 एमसीएम पानी शेष है। बालाघाट में सिंचाई के लिए महाराष्ट्र के हिस्से का पानी दिया जा रहा है। अब तक 14 एमसीएम पानी महाराष्ट्र के हिस्से का ले चुके है। महाराष्ट्र लिए पेयजल व सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा है। वर्तमान में मप्र व महाराष्ट्र दोनों राज्यों में रबी की सिंचाई के लिए नहरें चालू है।

# पहलगाम मे हुए आतंकी घटना के विरोध मे किरनापुर बंद रहा सफल

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। सकल हिन्दू समाज, व्यापारी संगठन एवं विश्व हिन्दू परिषद के आव्हान पर कश्मीर राज्य के अनंतनाग जिले के पहलगाम पर्यटन क्षेत्र में हुए निर्मम आतंकी हत्याकांड की कटु निंदा करते हुए विरोध स्वरूप बंद का आव्हान किया गया था। जिसके चलते व्यापारी बंधुओं द्वारा सुबह से ही स्वेच्छा से





अपने अपने प्रतिष्ठान एवं दुकानें बंद रखते हुए बन्द को अपना समर्थन दिया। इस दौरान दुकानें पूरे दिन भर बन्द रही। इस दौरान दिन भर विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा मोटर साइकिलो के माध्यम से ग्रामो का भ्रमण करते रहे। वही शाम के समय किरनाई मंदिर मे पहलगाम मे आतंकी हमले मे मारे गए पर्यटकों को दीप प्रज्वलित कर दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात् भारत माता की जय,आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आक्रोश रैली निकाली गई। जो किरनाई मंदिर होते हुए गुजरी चौक, गांधी चौक,न्यू गुजरी चौक अवंती चौक, ग्राम पंचायत चौक होते हुए अंबेडकर चौक बस स्टैण्ड किरनापुर पहुंचे। इस दौरान आंखों में दर्द के आंसू और आक्रोश की ज्वाला लिए पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हत्याकांड में उजड़े परिवार को न्याय दिलाने और नपुंसक आतंकवादियों को मौत की सजा देने के लिए विरोध प्रदर्शन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड किरनापुर सकल हिन्दू समाज व्यापारिक संगठन के आव्हान पर सभी हिन्दू समाज के भाईयों,माताओं, बहनों ने उपस्थित होकर बस स्टैण्ड किरनापुर मे आतंकवाद का पुतला फूंका गया। और भारत माता की जय,आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे क्षेत्र के ग्रामीण नागरिकों की मौजूदगी रही।

# उकवा में दिखा बंद का असर आंतकवाद का पुतला दहन एवं रैली निकाली गई

उकवा (पद्मेश न्यूज)। जम्मू कश्मीर राज्य के पहलगाम स्थित बैहसरन घाटी में 28 पर्यटकों की निर्ममता पूर्वक की गई हत्या के विरोध में आज 26 अप्रैल को बालाघाट जिला बंद के आह्वान पर उकवा नगर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र की समस्त दुकानें बंद रहीं उकवा में बंद को शत प्रतिशत सफल रहा उकवा बंद को समस्त व्यापारी बंधु सहित समस्त होटल पान दुकान फल दुकान चाय दुकान समस्त प्रतिष्ठान बंद रहे इस दौरान लोग चाय पान गुटखा बीड़ी सिगरेट आदि के लिए तरसते रहे आवश्यक सेवाएं जैसे चिकित्सालय दवाई दुकान बस सेवाएं आदि हमेशा की तरह खुले रहें । इस दौरान शाम को सर्व धर्म रैली का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने सम्मिलित होकर अपनी एकता का परिचय दिया रैली की समाप्ति पर उकवा बस स्टैंड में आंतकवाद का पुतला दहन किया गया एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद आंतकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए गए व्यापारी संघ उकवा के अध्यक्ष संजय चौकसे के नेतृत्व में पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया तथा उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी लोगों का आभार प्रकट किया।




# कश्मीर के पहलगाम में हुई हत्या के विरोध में लामता नगर के चारो खुट बंद रहा

लामता(पद्मेश न्यूज)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में देश के विभिन्न राज्यों से घूमने आए सैलानियों के साथ आतंकवादियों द्वारा उनका धर्म पूछकर 26 लोगों की निर्मम हत्या की गई,जिसके विरोध में 26 अप्रैल को लामता नगर पूर्णत: बंद रहा,इस बंद के दौरान नगर वासियों द्वारा शाम को 5 बजे गांधी चौक से विशाल रैली निकली गई,जो विभिन्न चौक चौराहों से होकर रेली बस स्टैंड पहुंची,जहां आतंकवादी को फांसी दो,पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए,उसके बाद लामता नगर के वरिष्ठजन एवं जनप्रतिनिधियों ने बारी बारी से सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किया गया ,जिसके पश्चात रैली मे उपस्थित जनो ने मौन रख कर मृत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद सभी जन पुलिस थाना पहुंच कर लामता तहसीलदार दसवंता मड़ावी को माननीय राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा गया, इस अवसर मे लामता सरपंच हुलासमल कोचर एवं समस्त नगरवासियो द्वारा तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा गया, कार्यक्रम में,लामता नगर के व्यापारी बंधु,मुस्लिम समाज , एवं समस्त समाज के नागरिक जन उपस्थित रहे।



# जबरन वसूली मामले में दाऊद का भाई इकबाल कासकर निर्दोष बरी

मुंबई। भगोड़ा गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (एमसीसीए) के तहत गठित मुंबई की एक विशेष अदालत ने जबरन वसूली के मामले में निर्दोष बरी कर दिया है। आपको बता दें कि वर्ष 2015 में, कासकर ने मुंबई से सटे ठाणे के एक बिल्डर से 30 लाख रुपये और चार फ्लैट मांगे थे। कासकर ने मामले में सह-आरोपी के नाम पर एक फ्लैट भी पंजीकृत कराया था। कासकर और आरोपियों के खिलाफ ठाणे के कासारवडवली पुलिस स्टेशन में जबरन वसूली का मामला दर्ज किया गया था। बाद में, इस मामले में कासकर और अन्य आरोपियों पर एमसीसीए के तहत मुकदमा चलाया गया। हालांकि, इस सह-आरोपी की सुनवाई के दौरान मौत हो गई। कुख्यात गैंगस्टर छोटा शकील को इस मामले में फरार आरोपी दिखाया गया है। इकबाल कासकर पर जबरन वसूली के लिए जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एमसीसीए के तहत मुकदमा चलाया गया था। विशेष एमसीसीए न्यायाधीश बी. डी. शेलके ने मामले में फैसला सुनाते हुए सबूतों के अभाव में कासकर को उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि पुलिस लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए पुख्ता सबूत पेश नहीं कर सकी। इकबाल कासकर फिलहाल ठाणे जेल में बंद है और उसके खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी मामले में दर्ज मामला लंबित है। इसलिए अगर उसे इस जबरन वसूली मामले में बरी कर दिया जाता है तो भी वह जेल में ही रहेगा। इससे पहले कासकर को दक्षिण मुंबई के सारा-सहारा मार्केट मामले में बरी किया गया था।

# आतंकियों के मददगार होने के शक में पुलिस ने करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया

जम्मू । पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों ने अनंतनाग जिले में बड़े पैमाने पर एक्शन लेकर पूछताछ के लिए करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि इन अभियानों के तहत पूरे जिले में कई स्थानों पर छापे मारे गए। कड़ी सतर्कता के साथ दिन-रात तलाशी अभियान चलाया गया है। अब तक आतंकवादी गतिविधियों में सहायता करने वालों को पूछताछ के लिए करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने कई जिलों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर पूछताछ के लिए संदिग्धों को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि अनंतनाग में सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे जिले में अतिरिक्त मोबाइल वाहन चेक प्वाइंट (एमवीसीपी) स्थापित किए गए हैं। पुलिस ने कहा, इसके अलावा किसी भी संभावित आतंकवादी उपस्थिति को खत्म करने और जिले को सुरक्षित करने के लिए विशेष रूप से उच्च घनत्व वाले वन क्षेत्रों में घेराबंदी और तलाशी अभियान (कॉसो), घात लगाकर हमला और गहन गश्त शुरू की गई है। सुरक्षा बलों ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में भी सतर्कता बढ़ा दी है, क्योंकि जिले की पर्वत श्रृंखलाएं अनंतनाग से जुड़ी हुई हैं। पुलिस ने कहा कि मौजूदा परिदृश्य को देखकर खतरे की आशंकाओं को खत्म करने के लिए गंदेरबल पुलिस ने सेना, पैरा, सीआरपीएफ और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के साथ मिलकर आक्रामक रुख अपनाया है और खासकर उन इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया है जहां राष्ट्र विरोधी तत्व संभवत: शरण ले सकते हैं या ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और अन्य समर्थकों से जुड़े हो सकते हैं।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 की औपचारिक घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 की औपचारिक घोषणा की। यात्रा जून से अगस्त 2025 के दौरान आयोजित होगी। कैलाश मानसरोवर यात्रा अपने धार्मिक मूल्य और सांस्कृतिक महत्व के लिए जानी जाती है। भगवान शिव के निवास के रूप में हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण होने के नाते, यह जैन और बौद्धों के लिए भी धार्मिक महत्व रखती है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वेबसाइट पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। वर्ष 2015 से, ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है। इस वर्ष, 5 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री) उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और 10 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री) सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करने वाले है। विदेश मंत्रालय की ओर से एक निष्पक्ष प्रक्रिया के द्वारा से यात्रियों का चयन होगा और उन्हें विभिन्न मार्ग एवं बैच आबंटित किए जाएंगे। कंप्यूटरीकृत प्रक्रिया के द्वारा यात्रियों को मिले मार्ग और बैच में आम तौर पर बदलाव नहीं होगा। हालांकि यात्री बैच में परिवर्तन के लिए अनुरोध कर सकते हैं। यह परिवर्तन खाली स्थान उपलब्ध होने पर ही हो सकेगा। इस मामले में मंत्रालय का निर्णय ही अंतिम होगा।

## आंतकी तहव्वुर हुसैन राणा ने खुद को बताया बेकसूर, मुंबई हमले का मुख्य सूत्रधार डेविड कोलमैन हेडली

मुंबई। 26/11 आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया ।उ आंतकी राणा ने हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है। अधिकारियों ने बताया कि खुद को हमले से पूरी तरह बेकसूर बताकर राणा ने कहा कि उसका 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए राणा अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था। पूछताछ में राणा ने बताया कि वह दिल्ली और मुंबई के अलावा केरल भी गया था। जांच अधिकारियों ने आंतकी राणा से केरल जाने की वजह पूछी, तब बताया कि वह वहां अपने परिचितों से मिलने गया था। राणा ने केरल में अपने परिचित व्यक्ति का नाम और पता भी एजेंसी को बताया। इस जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में जुट गई है।

# श्रमदान रैली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण संदेश

उकवा (पदमेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर के तत्वाधान में आज ग्राम कटंगी में बैहर की जीवन रेखा कही जाने वाली व मां नर्मदा की सहायक नदी तन्नौर को स्वच्छ व सदानीरा बनाने के प्रयास लगातार हो रहे है इसी क्रम में आज साफ सफाई की गई ,शपथ दिलाई गई व रैली निकाल कर जल संरक्षण के लिए संदेश दिया गया जल है



तो कल हैं के संदेश के साथ कटंगी चौराहे में जल संरक्षण जागरूकता हेतु श्री यसवंत बघेल,रोशन विश्वकर्माऔर गोपाल धारा जन कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव परते जी के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई सी एम सी एल डी पी के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जल संरक्षण के लिए नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति कर गॉव वालो को जल बचाने और संक्रमित जल से होने वाले दुष्प्रभाव और होने वाली बीमारियों के लिए संदेश दिया गया । जिसमें विकासखंड समन्वयक महेश पटले, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, कुंदनसिंह मेरावी,ज्योति बिसेन नवांकुर संस्था से राजेन्द्र बिसेन, राजीव गोपाल सिंह परते एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता जन प्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

# पहलगाम घटना के विरोध में जिला रहा बंद

## चप्पा-चप्पा में पसरा सन्नाटा, निकाली गयी आक्रोश रैली, फूंका गया आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला





**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। जम्मूकश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या किए जाने के बाद देश भर में शोक और रोष का माहौल है। इस नरसंहार की घटना की सभी धर्मावलंबियों के साथ साथ तमाम सामाजिक, राजनैतिक संगठनों द्वारा लगातार निंदा की जा रही है। इस खौफनाक घटना के बाद सम्पूर्ण बालाघाट जिले में भी इसके विरोध में, लोगों का आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में सकल हिंदू समाज सहित व्यापारी संगठनों के आह्वान पर शनिवार को बुलाए गए बालाघाट बंद का बालाघाट जिले में भी असर देखने को मिला। जहां पेट्रोल पंप, हॉस्पिटल ,रसोई गैस,यात्री बस सहित अन्य आवश्यक सेवाएं शुरू रही। तो वही अन्य प्रतिष्ठान बंद रहे। जहां बंद के इस आव्हान को लेकर नगर में सुबह रैली निकाली गई तो वहीं शाम को मशाल रैली का आयोजन किया गया । जहां बालाघाट बंद का असर केवल बालाघाट ही नहीं बल्कि वारासिवनी,परसवाड़ा, बैहर, बरसा ,लांजी , किरनापुर, खैरलांजी, तिरोड़ी, कटंगी सहित अन्य ब्लॉक में भी देखने को मिला। हर किसी ने इस बंद को समर्थन देते हुए पहलगाम के आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी । तो वही आतंकियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने की भी मांग की है ।**

आपको बता दे कि पहलगाम के बेसरन घाटी में विगत 22 अप्रैल को आतंकियों ने 27 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी। जिसके बाद से पूरा देश में आतंकियों और पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा देखा जा रहा है। बालाघाट में कश्मीर के पहलगाम की बेसरन घाटी में हुई इस घटना के खिलाफ 26 अप्रैल शनिवार को मुख्यालय से लेकर पूरा जिला बंद रहा। चप्पे-चप्पे में सन्नाटा पसरा रहा। बाजार और गलियां सुनसान रही। सर्वसमाज के बुलाए गए इस बंद



आह्वान में मुस्लिम समाज ने भी स्वस्फूर्त होकर बंद में सहयोग किया। मुस्लिम क्षेत्र के व्यापारिक प्रतिष्ठान भी पूरी तरह से बंद रहे। बालाघाट में सर्वसमाज और हिन्दुवादी संगठन के बुलाए गए इस बंद आंदोलन के मद्देनजर, जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस चौकस रही। पुलिस अधिकारी, बंद का पल-पल का जायजा लेते रहे। वहीं सभी प्रमुख चौराहो और सड़को सहित संवदेनशील क्षेत्रो में पुलिस का तगड़ा पहरा रहा। हालांकि बंद से इमरजेंसी सेवाओ में बस परिवहन, अस्पताल, एम्बुलेंस और पेट्रोल पंप को अलग रखा गया था । बस परिवहन पर रोक नहीं होने के बावजूद, जिले में बसो का परिवहन, ज्यादा नहीं रहा। जिसको लेकर बस संचालक मानते है कि बंद की खबर सुनते ही यात्री नहीं पहुंचे है, जिससे आम दिनों की अपेक्षा आज बसों का परिवहन आधे से भी कम हो गया है। जिले में पहली बार, देरशाम तक बंद बुलाया गया है। शाम 5 बजे हनुमान चौक से आक्रोश रैली निकाली गयी । जो एक सभा में परिवर्तित हुई । जहां वक्ताओं ने पहलगाम घटना को लेकर अपने विचार रखें । जिसके बाद आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया । पहलगाम की घटना के विरोध में बंद के बाद शाम को हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद, आक्रोश रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोगों ने हिस्सा लेकर, पाकिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया। आक्रोश रैली में पाकिस्तानी आतंकवाद का पुतला लेकर निकले लोगों ने पाकिस्तान और आतंकवाद के मुर्दाबाद के नारे लगाए। यह आक्रोश रैली नगर के हनुमान चौक में हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद शहर के मुख्य मार्ग से निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर पहलगाम में आतंकी घटना में निर्दोष, पर्यटकों की मौत पर आक्रोश जाहिर किया। आक्रोश रैली के दौरान आयोजित सभा में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ दुबे ने कहा कि मुझे दिखता है हमारी कमजोरी, हमारे समाज का बंटा होना है। हमारे समाज में एका होना चाहिए। जब आंधी में कोई एक पेड़ गिरता है, तो वह इसलिए गिरता है कि उसकी जड़े कमजोर होती है। हम सभी के दिलो में सनातन और भारतीयता होना चाहिए। हमे जात-पात और धर्म से आपस में लड़ाने का काम बंद होना चाहिए। आक्रोश रैली काली पुतली चौक पहुंची, जहां महिलाओं ने पाकिस्तानी आतंकवाद के पुतले को चप्पलों से मारा। जिसके बाद पुतला दहन किया गया।

### हनुमान चौक से निकली आक्रोश रैली

विश्व हिंदू परिषद और व्यापारी वर्ग द्वारा 26 अप्रैल को शाम 5:00 बजे हनुमान चौक में जमा होकर सबसे पहले हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और उसके बाद हनुमान चौक से मेन रोड होते हुए आक्रोश रैली निकाली गई जिसमें कुछ लोगों ने हाथों में मसाल लिए पाकिस्तान के मुर्दाबाद के नारे लगाए और कालीपुतली चौक में आकर आक्रोश रैली सभा में तब्दील हो गई जिसमें लोगों ने स्वयं से ही आक्रोश रैली में शामिल होकर उक्त घटना का विरोध प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और आतंकवादियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### पाकिस्तान के पुतले का किया गया दहन

हनुमान चौक से ही आक्रोश रैली में कुछ लोगों ने पाकिस्तान का एक पुतला बनाया , जिसे आक्रोश रैली में हाथों में लेकर काली पुतली चौक पहुंचे , जहां सभा के दौरान अंत में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया गया और अंत में पाकिस्तान के पुतले का दहन किया गया , पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ पाकिस्तान के पुतले का दहन किया गया अंत में विश्व हिंदू परिषद और व्यापारी वर्ग ने जिला प्रशासन को दो ज्ञापन सौंपा जिसमें आतंकवादियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की तो वहीं हट्टा में घटी घटना के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करी ।

# एक युवक को उसकी अकड़ सास ने चाकू से मार कर की घायल

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर 13 बूढ़ी के सुभाष नगर में एक युवक को उसकी अकड़ सास ने सीने में चाकू मार कर घायल कर दी। 26 अप्रैल को 4 बजे यह घटना घरेलू विवाद के चलते हुई। चाकू के वार से घायल युवक राजा उइके पिता लखन लाल उइके 27 वर्ष ग्राम कामठी खमरिया थाना लालबर्रा निवासी है। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कामठी (खमरिया) निवासी राजा उइके का ससुराल बोरी टोला (बोरी) लालबर्रा का है। जिसकी शादी प्रिया उइके से 3 साल पहले हुई है। जिनका एक डेढ़ वर्ष का बेटा भी है। राजा उइके अपनी पत्नि प्रिया उइके के साथ बूढ़ी बालाघाट में किराए से कमरा लेकर रहता है और जेसीबी मशीन चलता है। जिसकी अकड़ सास ज्योति भलावी बूढ़ी के ही सुभाष नगर में रहती है और दोनों का एक दूसरे घर आना-जाना लगा रहता है। बताया गया है कि 25 अप्रैल को रसोई गैस खत्म हो गई थी। राजा उइके ने अपनी पत्नी प्रिया उइकेऔर बेटे को अपने दोस्त के यहां खाना खिलाया और स्वयं ने भी खाना खाया था। 26 अप्रैल को सुबह राजा उइके की अकड़ सास ज्योति भलावी उसके घर आई और उसने राजा उइके की पत्नी अपनी बहन प्रिया उइके को अपने साथ लेकर गई। इसी समय राजा उइके भी काम से भरवेली चला गया था। 4:00 बजे करीब राजा उइके अपना कमरा आया। उस समय दरवाजा बंद था। तब उसने अपनी पत्नी प्रिया उइके को फोन लगाया और घर आने के लिए बोला। तब उसने आने से मना कर दी। इसके बाद राजा उइके अपनी पत्नी प्रिया उइके को लाने के लिए अपनी अकड़ सास ज्योति भलावी के घर सुभाष नगर गया था। जहां पर उसकी पत्नी प्रिया उइके ने आने से मना कर दी। इसी को लेकर दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ और राजा उइके



अपने बेटे को लेकर आने निकला था। तब भी पति पत्नी के बीच विवाद होने पर ज्योति भलावी ने राजा उइके के सीने में चाकू से वार कर दी और अपनी बहन प्रिया के साथ घर से चली गई। इस दौरान उसी मोहल्ले में कोतवाली पुलिस किसी काम के लिए आई थी। कोतवाली पुलिस ने चाकू के वार से घायल राजा उइके को जिला अस्पताल लाकर भर्ती किये। जिला अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी शिवदयाल पटले ने राजा उइके का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्यवाही हेतु कोतवाली भिजवा दी है।


प्लाट बेचना है

लांजी बस स्टेंड से 700 मीटर की दूरी पर
लांजी-बालाघाट मेन रोड में एक प्लाट
शीघ्र विक्रय करना है
विवरण-प्लाट साईज 31×80 वर्गफिट उत्तरमुखी
(2480 वर्गफिट) 5.7 डिसमिल
उत्तर में मेन रोड एवं पूर्व में 20 फिट की रोड
स्थान - विशाखा नर्सरी के सामने
संपर्क करें- विनोद स्वामी
मो. 8839825546, 9977676478

जमीन बेचना है
प्रस्तावित लवादा-समानापुर-लामता फोरलेन मार्ग के समीप ग्राम रटेगांव कोसमी (खमरिया) में स्थित प.ह.नं. 34 खसरा नं. 45 तथा 46/1, 13 एकड़ सिंचित भूमि (भूमि पर कार द्वारा पहुंचा जा सकता है)
विक्रय करना है
संपर्क करें- 7879121671

छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा सत्र 2025-26 में नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन की सूचना
बी.एस.सी.नर्सिंग
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
एम.एस.सी.नर्सिंग
ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2025
ऑनलाईन आवेदन व्यापम के अधिकारिक वेबसाईट पर https://vyapamcg.cgstate.gov.in/
APOLLO COLLEGE OF NURSING
Anjora, Durg, Chhattisgarh
काउंसलिंग एवं प्रवेश से संबंधित किसी भी जानकारी के लिये संपर्क करें
87708-99604
87708-99608

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464











स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट